ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 14 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 308 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में मिडिल ऑर्डर की... पेज 10 पर

'रोटी, कपड़ा व मकान की जरूरत पूरी करने पर हमारा जोर'

हम लोगों ने 36 लाख 30 हजार लोगों को पेंशन का लाभ दे रहे

20 लाख से अधिक किसानों को केसीसी कार्ड उपलब्ध कराया

तीन कमरों का अबुआ आवास दे रही राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची/जामताड़ा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को जामताड़ा के नाला प्रखंड के नूतनडीह में कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत है। इसलिए राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देने जा रही है। इसके साथ आठ लाख परिवारों को आवास का लाभ देने के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की गई है वहीं हर गरीब को 10 रुपये में धोती, साड़ी और लुंगी वर्ष में दो बार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। कहा कि गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लग रहा है और इन शिविरों में पदाधिकारी मौजूद रहकर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत करना होगा। इस निमित्त ग्रामीण परिवेश के अनुरूप योजनाएं बननी शुरू हुई हैं। अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए जरूरतमंद लोग अवश्य शिविर में आवेदन दें। इसके तहत तीन कमरों का आवास राज्य सरकार देगी।

दुमका के खजुरिया स्थित आवास में आमजन की समस्याओं को सुनते और उसका यथोचित निराकरण करने का निर्देश अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार हर समस्या के समाधान के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। राज्य अलग होने के बाद 20 वर्ष में मात्र 15 लाख लोगों को पेंशन मिलता था। विगत चार वर्ष में हम लोगों ने 36 लाख 30 हजार लोगों को पेंशन का लाभ देने का काम किया है। विगत चार वर्ष में हमारी सरकार ने 20 लाख से अधिक किसानों को केसीसी कार्ड से आच्छादित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस राज्य को मजबूत बनाने में लगे हैं ताकि आने वाले कुछ वर्षों के बाद झारखंड इतनी ताकत पैदा कर ले कि वह हर चुनौतियों का सामना कर पाये और पिछड़ापन का कलंक मिटाने में सक्षम हो पाये।

हेमंत सोरेन ने कहा कि साइकिल वितरण योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजा जा रहा है।

डॉ. मोहन यादव बने म.प्र के 19वें सीएम

जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में ली शपथ

राजस्थान के भजनलाल शर्मा 15 को लेंगे शपथ

एजेंसी। भोपाल

डॉ. मोहन यादव मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल पटेल ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायक, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और आम नागरिक उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय नागरिक विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद थे। समारोह में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

विष्णुदेव साय बने छग के चौथे मुख्यमंत्री

रायपुर। आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। उनके साथ दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा ने भी शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस मौके पर मौजूद थे। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजधानी के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में साय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। राज्यपाल ने इसके उपरान्त दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी में शपथ ली। साय राज्य के चौथे तथा भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। मध्यप्रदेश को विभाजित कर नवंबर 2000 में आस्तित्व में आए इस राज्य में इससे पहले स्वं अजीत जोगी, डॉ.रमन सिंह एवं भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहे हैं। डॉ.रमन सिंह लगातार तीन कार्यकाल मुख्यमंत्री रहे है। भाजपा ने पहली बार राज्य में उप मुख्यमंत्री बनाए है।

एक नजर

पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में राजा पीटर को मिली जमानत

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर को बुधवार को जमानत मिल गई। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कुछ शर्तों के साथ जमानत के आदेश दिए। इससे पहले झारखंड हाई कोर्ट से दो बार राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी जमानत याचिका मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजा पीटर साढे छह साल से जेल में हैं एवं इस मामले में गवाहों की संख्या भी काफी अधिक है, ऐसे में उन्हें जमानत प्रदान की जाए। इस मामले में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआईए ने उन्हें नौ अक्टूबर, 2017 को गिरफ्तार किया था।

एएसआई 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार

धनबाद। लोयाबाद थाना के एएसआई मनोज कुमार मिश्रा एसीबी की टीम ने बुधवार को 10 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने थाने में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एएसआई मनोज मिश्रा को पकड़कर एसीबी के धनबाद कार्यालय ले आई है। उससे पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि इससे पहले नवबंर 2022 मे दरोगा दशरथ साहू जुलाई महीने में दारोगा निलेश कुमार एसीबी के हत्थे चढ़ चुके हैं।

आतंकी हमले के बरसी के दिन लोस में स्मोग अटैक

■ दो युवकों ने लगाई दर्शक दीर्घा से छलांग, कार्यवाही स्थगित ■ जयभीम-तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगा रहे थे दोनों युवक

सांसदों ने दोनों को पकड़ लोकसभा के सुरक्षाकर्मियों को सौंपा

संसद के अंदर प्रदर्शन करने वाले 2, बाहर प्रदर्शन करने वाले 2, कुल 4 गिरफ्तार, 2 की तलाश जारी

एजेंसी। नई दिल्ली

22 साल पहले 13 दिसंबर, 2001 में संसद भवन पर आतंकवादी हमले का प्रयास हुआ था। बुधवार को इस घटना की बरसी थी लेकिन इसी दिन एक बार फिर संसद की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ खड़ा हुआ। दरअसल बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान ही दर्शक दीर्घा में बैठे दो व्यक्तियों ने सदन में छलांग लगा दी,28 मिनट तक हंगामा किया और टियर स्मोग (रंगीन धुआं छोड़ने वाला उपकरण) अटैक कर सांसदों को आतंकित करने का प्रयास किया। लेकिन सदन में मौजूद सांसदों ने दोनों को पकड़ कर लोकसभा सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। दोनों युवकों की पहचान सागर शर्मा और डी मनोरंजन के रूप में हुई है। मनोरंजन मैसूर व सागर लखनऊ का रहने वाला है। यह घटना गंभीर इसलिए भी हो जाती है कि ठीक घटना के पहले प्रधानमंत्री सहित पक्ष-विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं 2001 के आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नौ सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी थी। वहीं कुछ दिन पहले ही अमेरिका में रह रहे खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भी वीडियो जारी कर कहा था कि संसद में 13 दिसंबर को हमला हुआ था। इस बार भी वह हमला करवाएगा। घटना के संबंध में बताया गया कि लोकसभा की दर्शक दीर्घा से बुधवार को दो व्यक्तियों ने छलांग लगा दी और वे सदन के बीचों बीच आ गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

संसद तब भी चली थी, अब भी चलेगी : लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को सदन के सदस्यों को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए जानकारी दी कि सदन के अंदर दो लोगों द्वारा फैलाया गया धुआं खतरनाक नहीं था। उन्होंने सदस्यों को यह भी आश्वासन दिया कि वे सबसे अलग से बातचीत कर उनके सुझाव लेंगे कि कैसे सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। दोनों फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। हंगामे के बाद दो बजे दोबारा लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया कि जांच करा ली गई है और धुआं सामन्य है। इसमें खतरा नहीं है। वे सभी को आश्वासन देते हैं कि पूरी जांच होने के बाद सदन को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने अपनी बात रखनी चाही। उनकी सुरक्षा चिंताओं पर अध्यक्ष बिरला ने उन्हें आश्वासन दिया और कहा कि यह सदन चलना चाहिए। संसद हमले के बाद भी यह सदन चला था। वे सभी सांसदों की सुरक्षा चिंताओं पर अलग से बातचीत करेंगे।

संसद भवन के बाहर टियर स्मॉग के साथ दो प्रदर्शनकारी हिरासत में

संसद भवन के सामने जिस महिला और पुरुष को नारेबाजी करते और टियर स्मॉग (रंगीन धुआं छोड़ने का उपकरण) का इस्तेमाल करते हिरासत में लिया गया है उनकी पहचान नीलम और अमोल शिंदे के रूप में हुई है। नीलम हरियाणा के हिसार की रहने वाली है जबकि अमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी प्रणव तयाल ने बताया कि पुलिस ने फौरन दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। इसलिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। पुलिस उन्हें वहां से संसद मार्ग थाने लेकर चली गई। महिला और पुरुष ने संसद भवन के बाहर पहले पटाखे फोड़े थे और उसके बाद भारत माता की जय, जय भीम, तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे भी लगाए।

दोनों को मैसूर-कोडगु के भाजपा सांसद से मिला था पास

एमए, बीएड, एमएड, सीटीईटी,एमफिल व नेट क्वालीफाई है नीलम

ब्यूरो। नई दिल्ली।

लोकसभा में बुधवार को शून्यकाल के दौरान अचानक दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए और तानाशाही.. , तानाशाही.. के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। पकड़े जाते समय स्प्रे करके रंग-बिरंगा धुआं फैला दिये। इससे संसद में अचानक अफरा तफरी मच गई। संसद के अंदर से पकड़े गए दोनों युवकों की पहचान सागर शर्मा और मनोरंजन के रूप में हुई है। इन्हें मैसूर-कोडगु संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के कार्यालय से लोकसभा दर्शक दीर्घा का पास मिला था। इधर संसद के बाहर प्रदर्शन करने वालों में एक महिला है। जिसका नाम नीलम (42) बताया जा रहा है, जो हरियाणा की रहने वाली है। बाहर प्रदर्शन करने वाले दूसरे व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के लातूर के अमोल शिंदे (25) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस घटना में 6 लोगों के शामिल होने का संदेह है। ये सभी गुरुग्राम में ठहरे थे। पुलिस ने इन लोगों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि एक की तलाश जारी है। फरार आरोपी का नाम ललित झा बताया जा रहा है। वहीं पकड़े गए पांचवें आरोपी का नाम विक्की शर्मा बताया जा रहा है ये भी गुरुग्राम का रहने वाला है। घटना के बाद संसद से बाहर निकलकर बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया कि शून्यकाल खत्म होने में पांच-छह मिनट बचा था, तभी पीछे से धड़ाम की अवाज आयी। वह कहते हैं, मुझे लगा कुछ गिरा। मैंने पीछे पलटकर देखा तो कुछ नजर नहीं आया। इतनी देर में एक युवक दर्शक दीर्घा से कूदा। हमें लगा कि गड़बड़ हो गई है। पहले जो कूदा था वह सीटों पर कूद-कूद कर आगे बढ़ने लगा। मैं और सांसद हनुमान बेनीवाल उसे पकड़ने के लिए नजदीक गए। इतने में और कई सांसद साथ आ गए। हमने देखा कि उसने जूता निकाला। हमें लगा ये जूता मारेगा। लेकिन हमें यह भी लग रहा था कि कहीं कोई हथियार न निकाल ले, इसलिए हम उसपर टूट पड़े। उसे जकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। हम छह-सात सांसद मिलकर उसे पीट रहे थे। इतने में उसने अपने जूते से कुछ निकाला। चिंगारी सी निकली और गैस-गैस, धुआं-धुआं हो गया। सभी मुंह को रुमाल से ढक कर भागने लगे। तब तक संसद के सुरक्षाकर्मी भी वहां आ गए। सांसद बताते हैं कि जब संदिग्ध सदन में कूदे थे, उस वक्त वहां एक महिला सुरक्षाकर्मी थी। वह महिला बुरी तरह रो रही थी। उसकी बेहोशी जैसी हालत हो गई थी। क्या संदिग्ध कुछ कह रहे थे? इस सवाल पर सांसद ने कहा, वे तानाशाही नहीं चलेगी-तानाशाही नहीं चलेगी चिल्ला रहे थे। लेकिन उस समय तो हमारे दिमाग में था कि आज कैसे बचेंगे। या इन्हें मारे या कैसे बचें। हम उन्हें पकड़ने में लगे थे ताकि कोई हथियार वगैरा न चला पाएं।

बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही थी नीलम : वैसे तो जब संसद चलता है, तो संसद की तरफ जाने वाले सभी मार्ग पर किसी तरह के धरना प्रदर्शन पर रोक लगा दी जाती है। जंतर-मंतर पर पुलिस के घेरे में थोड़ी जगह है केवल वहीं धरना प्रदर्शन करने दिया जाता है। लेकिन कभी -कभी एक - दो लोग अलग-अलग आकर संसद भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए नारे लगाने लगते हैं, तो उनको तुरंत पुलिस पकड़ लेती है। ऐसे ही एक बहुत पढ़ी लिखी महिला नीलम जो बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही थी, उसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह हरियाणा के जींद की रहने वाली है। नीलम के भाई द्वारा दी गई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बेमौसम आग से सुलगते सवाल

सुनील बादल

वैसे तो कहा जाता है कि आग और दुर्घटना का कोई समय तय नहीं होता पर आग लगने की सर्वाधिक घटनाएं गर्मी के दिनों में होती हैं क्योंकि गर्मी के दिनों में सूखी चीजों में आग जल्दी लगती है वैसे सर्दी के मौसम में भी आग लगती है जब ठंढ से बचने के लिए लोग अलाव जलाते हैं या घरों में लकड़ियां जलाते हैं पर कल राजधानी रांची की सबसे बड़ी सब्जी मंडी में लगी आग में जली लगभग 50 दुकानों के राख होने से कई सवाल सुलग रहे हैं कि व्यस्ततम मुख्य मार्ग महात्मा गांधी रोड के इतने महत्वपूर्ण मार्केट में जिन छोटे फल विक्रेताओं की जमा पूंजी लगभग 30-40 लाख जल कर राख हो गई क्या उन्हें बचाने के लिए कोई सुरक्षा उपकरण नहीं लगे थे ? नहीं लगे थे तो जिम्मेदारी किसकी थी ? दुकानदार संघ के सदर हाजी फिरोज ने बताया कि किसी ने बीमा नहीं करा रखा था जिससे उनकी भरपाई हो सके। वहां से टैक्स वसूलने वाले नगर निगम और बिना सुरक्षा व्यवस्था के अनापत्ति प्रमाण पत्र देने वाले या आखें मूंदे अग्नि शमन विभाग दोनों के मुख्यालय की दूरी लगभग तीन-तीन किलोमीटर है। कल्पना की जा सकती है लगभग प्रतिदिन होने वाली भारी भीड़ के बीच अगर आग लगती तो क्या अनहोनी हो सकती थी? क्योंकि उन संकरी गलियों में आग बुझाने वाली गाड़ियों के जाने की जगह ही नहीं थी। मोटे तौर पर हटिया, जमशेदपुर, बोकारो के योजनाबद्ध बसाए गए टाउनशिप को छोड़ दें तो शायद ही कहीं आग बुझाने वाली गाड़ी फायर टेंडर के सुगम आवागमन के लिए नियमानुसार 25 फीट की सड़क छोड़ी गई है ।ऐसे असुरक्षित भवनों के नक्शे पास हैं और कैसे अग्नि शमन विभाग लगातार घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनापत्ति पत्र देता रहा है? इतिहास की बात करें रांची और झारखंड में अनेक दुःखद अग्निकांड हुए हैं। धनबाद के केंदुआ बाजार की एक दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। धनबाद शहर के जोड़ा फाटक इलाके में एक बहुमंजिला बिल्डिंग में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। विवाह समारोह के दौरान गैस सिलेंडर फटने से यह हादसा हुआ था। धनबाद में एक सप्?ताह में आग लगने की दूसरी घटना थी। अग्निशमन विभाग के आंकड़े के अनुसार, इस साल झारखंड में अगलगी की कुल 2476 घटनाएं घटीं। इनमें सर्वाधिक 206 घटनाएं जमशेदपुर के गोलमुरी में दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर धनबाद है, जहां 202 घटनाएं घटीं। इन घटनाओं के बावजूद अग्निशमन विभाग ने कुल 490 करोड़ रुपये की संपत्ति को जलने से बचाया। जान जाने व जख्मी होने का मामला सिर्फ धनबाद में दर्ज है। धनबाद में अगलगी से 22 लोगों की जान गई, 32 लोग जख्मी हुए, 40 लोगों की जान बचा ली गई। राजधानी रांची से लेकर झारखंड के सभी छोटे बड़े शहरों के आसपास बहुत तेजी से अंधाधुंध कॉलोनियां बिना किसी नक्शे या अग्निशमन विभाग की गाड़ियों के लिए 25 फीट का रास्ता छोड़े बसाई जा रही हैं जो अगले कुछ दशकों में इससे भी बड़ी दुर्घटनाओं को किस प्रकार रोकेंगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है उन भू माफियाओं के पास नहीं जो बहुत तेजी से मनमाने रेट पर जमीन बेचकर कॉलोनियां बसा रहे हैं और उन परिवारों के पास तो बिल्कुल भी नहीं जो ऐसी कॉलोनियों में किसी तरह अपना घर बना चुके हैं। वैसे सरकार क्षेत्रीय विकास प्राधिकार को शहरी क्षेत्रों की सीमाओं से बाहर का नक्शा पास करने का अधिकार दिया है पर विभिन्न कारणों से नक्शे पास करने में सुस्ती के मामले न्यायालयों में जाते रहे हैं। अवैध कॉलोनियों की निगरानी या रोक भी प्रत्यक्षतः नहीं है।

जीओ सर्विलांस सिस्टम के साथ सांसद साहू के घर फिर पहुंची आयकर की टीम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आयकर विभाग के अधिकारियों की एक टीम बुधवार को कांग्रेस सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित आवास पर जीओ सर्विलांस मशीनों (जियो फिजिकल इंस्ट्रूमेंट) के साथ एक बार फिर से पहुंची है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारी लगभग 12 से अधिक वाहनों से उनके आवास पहुंची। टीम कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर लगातार जांच कर रही है। इससे पहले आईटी की टीम ने मंगलवार की रात भी जियो सर्विलांस सिस्टम से धीरज साहू के घर की जांच की थी। टीम जीओ सर्विलांस सिस्टम मशीन के माध्यम से मिट्टी के अंदर भी छुपाकर रखे गए जेवरात सहित अन्य सामानों को खोजने में जुटी है। खबर लिखे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

शराब कारखाना अंकुर बयोकेम में आयकर की धमक

धनबाद के निरसा तेतुलिया स्थित अंकुर बायोकेम शराब कारखाने में धनबाद और पश्चिम बंगाल के इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार को संयुक्त रूप से दबिश दी। जानकारी के अनुसकर आईटी की टीम वहां कागजातों को खंगाल रही है। पश्चिम बंगाल के कोलकता, आसनशोल और धनबाद की आयकर टीमों ने एक साथ दबिश दी है। आईटी की टीम के अंदर जाने के बाद से किसी को भी अंदर जाने या अंदर से बाहर आने की अनुमति नहीं है। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी और मलिक महेंद्र शर्मा कारखाना पहुंचे।

एक नजर

अंतिम संस्कार शामिल हुए युवा नेता सन्नी टोप्पो, जताया शोक

मांडर। प्रखंड के कुरकुरा गांव निवासी निलेश शाही के अंतिम संस्कार में भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो अंतिम शामिल हुए। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस हादसे से वह मर्माहत हैं। प्रखंड के कुरकुरा गांव निवासी निलेश शाही की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को मौत हो गई। हुरहुरी चौक में तेज गति से आ रही अज्ञान वाहन ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घायल युवक की रिम्स मे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। कुरकुरा ग्राम निवासी ललन सिंह के पुत्र की हुई इस दर्दनाक मौत की सूचना पाकर काफी संख्या में लोग उनके पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। महज 18 साल की उम्र में निलेश शाही ने अंतिम सांस ली।

छात्र मिले जेएसएससी अधिकारी से, सीजीएल परीक्षा कराने की मांग

रांची। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का झारखंड के छात्र वर्ष 2015 से इंतजार कर रहे है। परीक्षा जल्द कराने की मांग को लेकर छात्र प्रतिनिधिमंडल आयोग के अधिकारियों से मुलाकात किया। छात्र प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वार्ता के बाद उच्च अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि इस बार जेएसएससी सीजीएल विज्ञापन संख्या 10/2023 एवं 11/2023 झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 परीक्षा के लिए आयोग द्वारा 12 दिसंबर को अधिकारिक सूचना के माध्यम से 21/01/24 और 28/01/24 को परीक्षा आयोजन करने का निर्णय लिया गया था। बताया कि 21 जनवरी 2024 को होने वाली परीक्षा जेपीएससी बैकलॉक और सीटेट परीक्षा भी होने के वजह से तिथि फेरबदल किया जायेगा।

सरना धर्म कॉलम और मुंडारी भाषा को संवैधानिक मान्यता दे सरकार : सुमित गुड़िया

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
सरना धर्म कॉलम और मुंडारी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग को लेकर सुमित गुड़िया के नेतृत्व में नौ राज्यों के आदवासी युवाओं ने बुधवार को केंद्रीय जनजातीय और कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से कृषी भवन में मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड ,उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार और नगालैंड के आदिवासी युवा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि भारत के जनगणना प्रपत्र में प्राकृतिक पूजक आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्म कॉलम अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक एवं मुंडारी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक मान्यता 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सरकार प्रदान करे। ज्ञापन में कहा गया कि हम भारत के प्राकृतिक पूजक आदिवासियो ने सदियों से अपनी भाषा, संस्कृति, परंपराओं को मानते आ रहे हैं, जो प्रकृति पर आधारित है। आदिवासी जल, जंगल, जमीन, पहाड़-पर्वत जीव-जंतु की पूजा करते हैं। कहा गया कि आजादी के पूर्व ब्रिटिश इंडिया में भी अंग्रेजों ने आदिवासियों के लिए अलग से जनगणना प्रपत्र में धार्मिक पहचान की व्यवस्था की थी, लेकिन आजाद भारत की प्रथम जनगणना में आदिवासियों की धार्मिक पहचान जनगणना प्रपत्र से सड़यंत्र के तहत 1961 में इसे हटा दिया गया। आदिवासियों के जनगणना प्रपत्र में धार्मिक कॉलम न होने के कारण आदिवासियों को हिंदू, इसाई, बौद्ध, जैन , इस्लाम जैसे धर्म में हमारी जनगणना की जाती है। इससे हमारी पहचान पर खतरा उत्पन्न होता जा रहा है।

मांग बढ़ने से मडुवा-ज्वार की कीमतों में इजाफा, किसान गदगद

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
एक समय था जब मडुवा, ज्वार बाजरा जैसे अनाज को गरीबों का भोजन कहा जाता था। एक तो यह पूरे झारखंड खासकर दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और इसकी फसल भी खूब होती है। साथ ही इसकी कीमत भी गेहूं जैसे अनाज से काफी कम होती थी, लेकिन जब से मोट अनाज की फायदे के बारे में लोगों को जानकारी मिली, मोटे अनाज की मांग काफी बढ़ गई है और इसकी कीमत में काफी उछाल आया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि गरीब तो क्या बड़े-बड़े अधिकारी से लेकर व्यवसायी तक मडुव, बाजरा, जौ, ज्वार आदि का उपयोग करने लगे हैं। यही कारण है कि आज बाजार में गेहूं के आटे की कीमत से अधिक मूल्य मडुवा के आटे का है। तोरपा के प्रसिद्ध व्यवसायी कहते हैं कि पिछले 50-60 वर्षों से वह अनाज का कारोबार

करते आ रहे हैं, लेकिन मडुवा, बाजरा जैसे मोटे अनाज की कीमत में इतना वृद्धि कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि जब से 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है, तब से मडुवा जैसे मोटे अनाज की मांग की काफी बढ़ गई है। गरीबों का निवाला कहे जाने वाले मडुवा की रोटी तो अफसरों की थाली का अंग बन चुकी है। सतीश चौधरी ने कहा कि वर्तमान में गेहूं के आटे की कीमत लगभग 40 रुपये प्रति किलो है, वहीं मडुवा आटा की कीमत 50 से 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। बाजार मड़वा की कीमत बढ़ने से किसान भी काफी खुश हैं।

जनजातीय समाज को धोखे में रखकर किया गया धर्मांतरण : संदीप उरांव

खूंटी। जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले संघ भवन खूंटी में बुधवार को जनजाति समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जनजातीय समाज रक्षा सुरक्षा संवर्धन पर गहन विचार विमर्श किया गया। जनजातीय समाज पर विदेशी षड्यंत्रकारियों द्वारा हमला किया जा रहा है, ताकि जनजातीय समाज अपने धर्म संस्कृति से अछूता रहे। अपने जनजातीय समाज को दूर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसे दूर करने के लिए हमें संगठित होकर कार्य करना है। उत्तर मध्य क्षेत्र के संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि जनजातीय समाज परंपरा, रूढ़िवादिता, जंगल-जमीन तथा जनजातीय समाज के लिए बिरसा भगवान ने वन-पर्वतों के सुदूर गांव में लोगों को जागरूक रहने के लिए जगह-जगह पर बैठक की थी। सभा ली। बिरसा भगवान ने समाज को बचाने के लिए विदेशी नीतियों का कड़ा विरोध किया। जनजातीय समाज को धोखे में रखकर कई लोगों को धर्मांतरित किया गया। विदेशी षड्यंत्रकारी अंग्रेजों ने अपने समाज में विष बोने का काम किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

उत्तर पूर्व अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रांची विवि की टीम ने अपना स्थान सुरक्षित रखा

रांची। रांची विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर पूर्व अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे चक्र में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने दूसरे मैच में आज पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय को पराजित किया जबकि पहले मैच में विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को पराजित कर तीसरा चक्र में अपना स्थान सुरक्षित किया रांची विश्वविद्यालय के विनय महतो विनय महतो इमामुल और प्रियांशु का शानदार खेलने रांची विश्वविद्यालय को अगले चक्र तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की रांची विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ अजीत सिंन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता टीम के मैनेजर चंदन विजय वर्मा. धीरज महतो, अनिल कुमार, नारायण सहित खेल विभाग के अधिकारी ने टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

मजलिसे उलेमा झारखंड का सम्मेलन आज

मांडर। मदरसा महमूदिया मुड़मा के बगीचा में मजलिसे उलेमा झारखंड का एकदिवसीय जलसा का आयोजन जुम्मे रात को किया गया है। जिसमें ख्याति प्राप्त मौलाना देवबंद से फरीदुद्दीन साहब, नदवा से अलाउद्दीन साहब समेत अन्य ख्यातिप्राप्त मौलाना शिरकत करेंगै। इस जलसे के मकसद के बारे में बात करते हुए मजलिसे उलेमा झारखंड के सदर मौलाना सबीर कासमी ने बताया कि आज मुल्क की जो हालत हो रही है और हमारे कौम की जो हालात है इस हालत को सुधारने में हमारे उलेमा की जो जिम्मेदारियां हैं उसके बारे में चर्चा की जाएगी। और उन्हें जिम्मेदारी दी जाएगी कि अपने ऐतराफ के लोगों को सही रास्ता दिखाएं। आपस में मोहब्बत पैदा करें। लोगों को जोड़ के रखे। हमारे देश की जो गंगा जमुनी तहजीब है उसको कायम करें। कार्यक्रम दिन में 9:00 बजे से 2:00 बजे तक होगा जिसमें पूरे झारखंड के उलेमा के शिरकत फरमाने की उम्मीद है।

नरकोपी सरना समाज के पंचू उरांव की मौत,सन्नी टोप्पो ने दी श्रद्धांजलि,

मांडर । कुरकुरा गांव निवासी ललन शाही के 19 वर्षीय पुत्र मिलेश शाही सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जहां इलाज के दौरान रिम्स में उनकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलते ही भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उनके घर पहुंचे। उन्होंने श्रद्धांजलि देकर स्वजनों को ढांढस बंधाया। वही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर नरकोपी गांव के समाजसेवी पंचू उरांव का असामयिक निधन हो गया।जिसके अंतिम संस्कार में सन्नी टोप्पो कल नहीं पहुंच पाये जिसके कारण आज सन्नी टोप्पो ने मृतक परिवार के घर पहुंच कर ढांढस बंधाया। और कहा कि उनका निधन न सिर्फ आदिवासी समाज बल्कि पूरे मांडर विधानसभा के लिए अपूरणीय क्षति है।

पेड़ की मोटी टहनी गिरी बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजारबाग के भवन से सटे एक बड़े पेड़ की मोटी टहनी बुधवार दोपहर अचानक टूटकर गिर पड़ी। घटना के समय स्कूली बच्चे मध्यान्ह भोजन कर रहे थे। कई बच्चे पेड़ के निकट ही धूप में आकर भोजन कर रहे थे। संयोगवश जहां टहनी गिरी वहां कोई बच्चा नहीं था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। मोटी टहनी के गिरते ही बच्चे चिल्लाते हुए वहां से भागे। निकट के डीएसपी कार्यालय के लोग सहित आसपास के राहगीर वहां पहुंच गए। स्कूल के निकट लोगों की भीड़ लग गई। सभी कह रहे थे, बच्चे बाल-बाल बच गए। स्कूल का अपना चाहरदीवारी अभी तक नहीं बना है। वहीं पेड़ उपर से हरा होने के बावजूद अंदर से सड़ा हुआ है। आगे भी पेड़ की दूसरी टहनी गिर सकती है। इस सड़े पेड़ को जल्द काटकर हटा देने से ही बच्चों की सुरक्षा हो सकती है।

अमीर और अमीर हुए तथा गरीब भूखों मरने पर विवश : सुबोधकांत

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी के केडी नेहरू क्लब में 'कांग्रेस आपके द्वार' सह महिला व युवा कांग्रेस का संयुक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नीलू विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस व महिला कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारीगण को आगामी चुनाव के लिए तैयार रखने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संगठन बनाने के जितने भी अधूरे काम हैं उन्हें दस दिनों में पूरा करें। कहा कि देश की महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है। भाजपा शासन में महिला

उत्पीड़न में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। देश के युवा बेरोजगार हैं और डिग्रिया लेकर घूम रहे हैं। इनके षासनकाल में देश में एक लाख करोड़ का कर्ज बढ़ गया। कोयला खदानों को कुछ लोगों को देकर देश को लूटने में लगा दिया गया है। उन्होंने कि भाजपा के शासन में कुछ अमीर और अमीर हुए तथा गरीब भूखों मरने पर विवश हो गया। कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के लोगों को अपने साथ में लेकर चलती है। चार राज्यों में हुए चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है। इससे हमलोग को कोई निराश नहीं हुई है। झारखंड के आगामी चुनाव में कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी। इससे पूर्व केडी हिन्दुगढ़ी पहुंचने पर सुबोधकांत सहाय का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ता काफी देर से इंतजार कर रहे थे। सुबोधकांत हिन्दुगढ़ी चौक से कार्यकताओं के संग पैदल ही नेहरू क्लब तक गए। इस दौरान कार्यकर्ता जिन्दाबाद के नारे लगाते रहे।

रांची आसपास

आदिवासी महिला समूह, सपारोम ने जीता मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 4

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मातृ शक्ति फूटबॉल टूर्नामेंट सीजन 4 का आज फाइनल मैच चंदापारा मैदान, लोधमा में खेला गया। 5 नवंबर को शुरू हुए माताओं के इस टूर्नामेंट में 24 समुदाय से 32 टीमें शामिल हुई थी जो रांची और खूंटी जिले से थी। मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के एस डी एम अनिकेत साँचा, झारखंड हॉकी एसोसिएशन, खूंटी के महासचिव दशरथ महतो और युवा नेता अजय नाथ शाहदेव मौजूद थे। अनिकेत ने इस पहल को एक अनोखा पहल बताते हुए माताओं को खेल से जुड़ने को कहा ताकि वो अपनी और अपने बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर रख सकें। दशरथ जी ने प्रतिज्ञा के मतलब को अपने जीवन में किए गए संघर्षों से जोड़ते हुए माताओं को प्रेरित किया कि कैसे उन्हीनें महिलाओं को हॉकी के जरिये देश विदेश में खेलने लायक बनाया। अजय जी ने मातृ शक्ति टूनार्मेंट को सीखने और सीखाने का एक बढ़िया मंच बताते हुए इस तरह के टूर्नामेंट्स को बढ़ावा देने की बात कही। फाइनल मैच आदिवासी महिला समूह, सपारोम और शगुन मातृशक्ति फुटबॉल क्लब, सरसा के बीच खेला गया जिसमें आदिवासी महिला टीम ने इस मैच को 1-0 से जीत लिया। रैना मिंज ने प्रथम हाफ में ही 1 गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिल दी थी और उन्हें वुमन ऑफ द मैच का खिताब भी मिला।

जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी की अनूठी पहल

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो
चान्हो पूर्वी के ज़िला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी द्वारा सरकार आपके द्वार योजना को लेकर पंचायतों में जनता को जागरूक करने के लिए बुधवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए ये पहल की। साथ ही उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में बिचौलिए हावी रहते हैं। इस तरह के जागरूकता फैलाने से बिचौलिया हावी नहीं हो पाएंगे और लोगों को सीधे-सीधे लाभ मिल पाएगा। साथ

ही उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी लोग जनता को जागरूक करें ताकि लोगों को उसका सही फायदा मिले। अपने निजी कोष से ये जागरुकता रथ निकालकर उन्होंने एक अलग मिसाल पेश की है। इस मौके पर चान्हो के अंचलाधिकारी संजीव कुमार, मुखिया चंपा उरांव, कयूम अंसारी, रामचरण साहू, अनुज मुंडा, इमरोज खान, मनोज मुंडा सहित अन्य लोग मौजुद थे।

तुपुदाना में भैयाराम मिंज हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

रांची। एक दिसंबर की रात तुपुदाना-कर्रा रोड पर स्थित बण्डा में भैयाराम मिंज उर्फ चरकू की पत्थर से कुचकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए एक अपराधी महेश मिंज को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बताया कि गत एक दिसंबर को रात्रि में 23 वर्षीय भैयाराम मिंज की हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में मृतक की पुत्री पूनम मिंज ने तुपुदाना थाना में केस दर्ज कर सुलेमान तिर्की और अमित तिर्की को आरोपी बनाया था। इस केस के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जॉच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर इस घटना में संलिप्त महेश मिंज अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर अभियुक्त के घर से घटना के समय पहने हुए कपड़ा (खून लगा हुआ) को बरामद किया गया है। छापेमारी दल में तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह, एएसआई अमित कुमार पासवान सहित राहुल सिन्हा, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह शामिल थे।

चटवल पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो
प्रखण्ड के चटवल पंचायत स्थित गुड़गुड़िया मैदान में बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जाँच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। दौरान विभिन्न विभागों के कुल 2353 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 1553 आवेदनों का त्वरित निपटान किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जि०प० सदस्य आदिल अजीम ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही। मौके पर अंचलाधिकारी संजीव कुमार, शिव उराँव ,पंचायत समिति सदस्य, पंचायत, सचिव नन्दलाल महतो, जनसेवक विश्वनाथ कुजुर , मजीद अंसारी, मकसूद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

जमीन लूट मामला पर त्वरित कार्रवाई करे राज्य सरकार : अजय कच्छप

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आदिवासी सेना के राज्यस्तरीय सम्मेलन की तैयारी के लिए 20 दिसंबर को डी.ए.वी.सेटेलाइट क्लोनी समीप भुसूर सरना स्थल डीबडीह में आदिवासी सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में केंद्रीय समिति, जिला समिति एवं राँची जिला महानगर के प्रतिनिधियों और सामाजिक अगुवाओं की विशेष

बैठक का आयोजन किया गया। संचालन केन्द्रीय संगठन सचिव-राजेश लिंडा ने किया। अध्यक्षता करते आदिवासी सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष-अजय कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार स्थानीय नीति व नियोजन नीति खतियान के आधार पर जल्द बनाये। नीति नहीं बनने के वजह से झारखंड राज्य के युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहें हैं, उनका भविष्य सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। ये झारखंड राज्य के वैसे युवा जो सरकार के अधीन नौकरी/सेवा प्रदान करना चाहते हैं उनके लिए चिंता की बात है जिनकी उम्र बढ़ती जा रही है।

योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों तक पहुंचाना हमारा संकल्प : विधायक

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के मुरतो, हरिहरपुर जामटोली व बेड़ो पंचायत में बुधवार को विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने मुरतो पंचायत स्थित मुरतो ग्राम में अखड़ा निर्माण कार्य, हरिहरपुर जामटोली पंचायत के ग्राम जामटोली में सरना स्थल सुंदरीकरण कार्य, हरिहरपुर जामटोली पंचायत के ग्राम हरहंजी मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य, ग्राम हुंटार में जल नल योजना व बेड़ो पंचायत के महादानी मैदान का सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की पारंपरिक सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

उपलिब्ध

केन्द्र ने झारखंड सहित सभी राज्यों को लिखा पत्र

कृषि कार्यों में अब होगा ड्रोन का उपयोग

महिला समूहों को मिलेंगे ड्रोन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य में फसलों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इससे फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ किसानों के समय की बचत होगी। इसके लिए केन्द्र सरकार देशभर में महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराएगी। केंद्र की

इस पहल के बाद झारखंड के कृषि विभाग व ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस के साथ कन्वरजेंस से ड्रोन सेवाएं प्रारंभ की जायेंगी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अभी 2.83 लाख महिला स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं। इनमें से कुछ का चयन ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए होगा। इसके अलावा कृषि विभाग अंतर्गत स्वयं सेवा समूहों व महिला किसानों को भी ड्रोन दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से बिरसा मुंडा जयंती 15 नवंबर और जनजातीय गौरव दिवस के दिन महिला किसानों को ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। केन्द्र सरकार ने झारखंड सहित सभी राज्यों को इसके लिए पत्र भी लिखा है। केरल से लेकर हिमाचल प्रदेश, गुजरात से त्रिपुरा तक ड्रोन प्रदर्शनों के माध्यम से स्पष्ट सन्देश दिया गया कि ड्रोन कृषि में सकारात्मक बदलाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। ड्रोन के जरिए फसल और पौधों की सुरक्षा की जाएगी। ड्रोन से फसलों और पौधों को बचाने के लिए दवा का छिड़काव और सर्वे का काम लिया जाएगा।

जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

मत्स्य बीज उत्पादकों हेतु स्पॉन वितरण की सूचना

खूँटी जिला अंतर्गत वैसे मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि, जो वित्तीय वर्ष 2023–24 अथवा इसके पूर्व में मत्स्य बीज उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त किए है एवं इस वित्तीय वर्ष में प्रारम्भिक वर्षा के अभाव में अनुदानित दर पर मत्स्य बीज (स्पॉन) प्राप्त नहीं कर पाये है, उनके लिए कॉमन कार्प मत्स्य बीज का स्पॉन 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हो रहा है।

स्पॉन प्राप्त करने हेतु इच्छुक लाभुक अपने तालाब का विवरणी, आधार, प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र, मत्स्य पालकों को मोबाईल रिचार्ज हेतु वर्तमान बैंक पासबुक का अद्यतन छाया प्रति /अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र का छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर जिला मत्स्य कार्यालय खूँटी में जमा करें। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी

PR 313270 Fish (23-24)_D

एक नजर

रेडियो खॉची के स्टुडियो का गोस्नर कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

रांची। रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खॉची 90.4 एफएम के स्टुडियो में गोस्नर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म सेमेस्टर वन के 25 छात्रों ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने रेडियो में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। छात्रों ने कार्यक्रम को तैयार करने और उसके प्रसारण से संबंधित कई सवाल किये। रेडियो खॉची के डायरेक्टर डॉ बी.पी. सिन्हा ने छात्रों को पूरी जानकारी देकर संतुष्ट किया। रेडियो में अपनी रूचि जताते हुए छात्रों ने पूछा कि आरजे बनने के लिए किन खास बातों पर ध्यान रखना चाहिए। इस संबंध में भी छात्रों को विस्तार से जानकारी दी गयी।

शैक्षणिक भ्रमण पर गंगटोक व दार्जिलिंग गये प्रशिक्षु शिक्षक

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के डीएलएड के प्रशिक्षु शिक्षक बुधवार से सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों का दल सिक्किम राज्य के गंगटोक के अलावे दार्जिलिंग के विभिन्न स्थलों का अवलोकन करेंगे। मौके पर महाविद्यालय की संस्थान की डायरेक्टर डॉ. रश्मि सहित सभी शिक्षकों ने शैक्षणिक भ्रमण में रवाना हुए प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी।

काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा पुतला दहन

रांची। काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति कांके रोड के बैनर तले विगत तीन दिनों से आंदोलन जारी है कल सामूहिक रूप से यज्ञ हवन का कार्यक्रम किया गया शाम को पुतला दहन हुआ। आज सुबह से भारी संख्या में मां काली के भक्त महिला पुरुष धरना स्थल पर उपस्थित हुए रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआरडीए रांची को सद्बुद्धि मिले इसके लिए सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शाम को आरडीए और रॉक गार्डन प्रबंधन की शव यात्रा निकाली गई और पुतला दहन किया गया इस अवसर पर भारी संख्या में सनातन प्रेमी भाई बहनों का योगदान और समर्थन रहा। आज के आंदोलन में मां भवानी क्लब काली पूजा समिति के अध्यक्ष तथा रांची महानगर भाजपा के महामंत्री श्री बलराम सिंह जी, उमेश सिंह राकेश पांडे रविंद्र चौबे नागेंद्र यादव अरविंद गुप्ता विकास रवि राम लगन राम नीरज नायक रणधीर कुमार सिंह रोमित नारायण सिंह सपन, आनंद कुवंर,सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची की म्यूजियम

झारखंड के 32 जनजातीय समुदायों की मिलती है महत्वपूर्ण जानकारियां

रवि चंद कपूर

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान झारखंड के 32 जनजातीय समुदायों के बारे राज्य और देश के लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी देने वाला संस्थान है। राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित म्यूजियम में झारखंड राज्य के 32 जनजातीय समुदाय के बारे में सभी जानकारियां विस्तार से दी गयी है। एक बार इस म्यूजिम का भ्रमण करने पर यहॉ आने वाले पर्यटकों और दर्शकों को झारखंड के अलग अलग क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी समुदाय की जातियों, उनका इतिहास, पेशा और ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों के खिलाफ किये गये उनके संघर्षो की पूरी जानकारी मिल जाती है। म्यूजियम

में बहुत ही आकर्षक तरीके से झारखंड के सभी 32 जनजातियों की झांकी प्रस्तुत की गयी है। इस मनमोहन झांकी को देखते ही दर्शक को एक बार में ही उनके बारे में सभी जानकारियां मिल जाती है। म्यूजियम में राज्य में जितने भी जनजातीय समुदाय है, वे किस जिला और क्षेत्र में निवास करते है, उनकी जनसंख्या कितनी है और किस जाति का क्या पेशा है। इसके अलावा डिस्पेल बोर्ड में जनजातीय समुदाय के इतिहास, मध्यकाल में उनक जीवन और जीवन स्तर और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से

जनजातीय समुदाय की प्रतिभा को दर्शाने का प्रयास

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान के निदेशक रणेंद्र कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास है कि इस संस्थान के माध्यम से राज्य के 32 जनजातीय समुदाय के बारे में आम लोगों को जनकारी उपलब्ध कराया जाय। इसके साथ ही आदिवासी की कला, संस्कृति, परंपरा और लोक कलाकृति को देश के समक्ष लाया जाय। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से समय समय पर देश और राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर यहॉ के जनजातीय समुदाय को आम लोगों के समक्ष दर्शाया जाता है।

म्यूजियम में धूमने आयी बीए की छात्रा सुनीता ने बताया कि यहॉ भ्रमण करने के बाद आदिवासी समुदाय के बारे में बहुत सी जानकारियां मुझे मिली, जो पहले नहीं थी। यहां आने के बाद आदिवासियों की संस्कृति, परंपरा, रहने-सहन आदि की जानकारी मिली।

बीए की छात्रा अनुष्का ने भ्रमण के बाद बताया कि यहॉ बहुत ही मनमोहक और आकर्षक झांकियां देखने का मिली। जो बिलकुल जीवंत लगते है। यहॉ आने के बाद आदिवासी समुदाय के बारे में जितनी जानकारी मुझे मिली वह पहले कभी नहीं थी।

14 से शुरू होगी सेंट्रल रीजन चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट की खिताबी जंग

रांची। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी सी एल के चीफ फाइनेंसियल अफसर सी ए सुनील मेहता एवं डायरेक्टर पर्सोनल विनय रंजन उपस्थित होंगे। 15 दिसंबर को ट्रॉफी अनावरण मुख्य अतिथि झारखण्ड के पर्यटन मंत्री हाफिजूल हसन अंसारी जी के द्वारा किया जायेगा। समापन समारोह में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डी जी एम देवेश मित्तल उपस्थित रहेंगे जो की 17 दिसंबर को टोरियन स्कूल के मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक कोल इंडिया, है तथा सहायक प्रायोजकों में झारखण्ड टूरिज्म, रेडिशन ब्लू, लिम्का स्पोर्टज, वाओ डिटेलिंग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, औरोरविस्ता टेक्नोलॉजीज, अग्रवाल स्टुडिओज, मोंगिया स्टील्स, हेल्थ पॉइंट, नास्ता, मारिनो, झारक्राफ्ट, वोर्क्सिस्ट एवं प्रिंट इंडिया है। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम निदेशक एवं रीजनल कौंसिल मेंबर सी ए मनीषा बियानी जी ने दी। उन्होंने बताया कि आये हुए खिलाडियों के लिए प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

सिंगर कुमार सानू का लाइव कॉन्सर्ट 21 जनवरी को

रांची। आगामी 21 जनवरी को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर कुमार सानू नए साल के उपलक्ष में रांची आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में कुमार सानू अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे। आयोजक झारखण्ड के अग्रिणी संस्था फास्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह, सह डायरेक्टर अविनाश कुमार और रमीज बारी ने बताया कि राँची में कुमार सानू का पहला लाइव कॉन्सर्ट है, जिसमें तकरीबन 9000 से 12000 लोगों की शामिल होने का अनुमान है। फास्ट कलाकार ने बताया कि तयारी जोरो शोरो से चल रही है और इसमें सेक्युरिटी का पुख्ता इंतजाम किया गया है। जिसमे 300 बाउंसर, 300 सेक्युरिटी और 300 वॉलेंटियर्स दशकों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे।

लिंग समानता पर जी एंड एच हाई स्कूल में नारा लेखन और आशु कविता के विजेता पुरस्कृत

रांची। इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने अध्यक्ष माला श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में रांची के जी एंड एच हाई स्कूल में एक स्लोगन राइटिंग और एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता (विषयः लिंग समानता) का आयोजन किया। उपाध्यक्ष सुप्रिता लाल, सीजीआर नीता नारायण, चार्टर अध्यक्ष दीपा चौहान और कार्यकारी सदस्य निशि श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनर व्हील लोगो वाली ट्रॉफियां और योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। क्लब के सदस्यों ने स्कूल के मालिक प्रवीर दयाल, शैक्षणिक सलाहकार बी.के. सिंह, प्रिंसिपल दिलीप कुमार झा और कार्यक्रम समन्वयक सम्मा परवीन द्वारा की गई व्यवस्थाओं और दिए गए समर्थन और सहयोग की सराहना की। उपस्थित आईडब्ल्यूसीएस सदस्यों के अनुसार, जी एंड एच स्कूल के छात्र स्मार्ट, प्रतिभाशाली, जानकार और अनुशासित हैं और इसका श्रेय स्कूल और उनके माता-पिता को जाता है। आईडब्ल्यूसीएस के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को चॉकलेट भी वितरित की गई।

क्रिसमस मिलन समारोह सह मेला 19 से लोयला मैदान में

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। ख्रीस्तीय समुदाय एवम अन्य सभी लोगों के लिए इस वर्ष डा फा कामिल बुल्के स्थित लोयला प्रशिक्षण संस्थान के मैदान में दिनांक 19.12.2023 से 22.12.2023 रोजाना दोपहर 12 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक क्रिसमस मिलन समारोह सह मेला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रांची पल्ली काथलिक सभा के उप समिति रांची पल्ली खेल समिति के द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि इस क्रिसमस मिलन समारोह और मेले में क्रिसमस कैरोल, बैंड परफॉर्मेंस, चिल्ड्रेन फन जोन, खाने पीने और अन्य वस्तुओं के त्योहारी क्रय विक्रय इत्यादि के व्यवसाय हेतु स्टॉल लगाने की भी व्यवस्था है । स्टॉल के आबंटन में पहले आवेदन के क्रम में प्राथमिकता भी दी जा रही है। अब तक 47 स्टॉल बुकिंग हो चुका है।

वज्रपात से मृत तीन लोगों के परिजनों को मिलेंगे चार-चार लाख रुपये

रांची। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत तीन व्यक्तियों के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि के रूप में चार लाख रुपए भुगतान की स्वीकृति दी है। वज्रपात से चान्हो प्रखंड के दो और ईटकी प्रखंड के एक मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी गयी है।

बेथेसदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

रांची। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बेथेसदा टीचर ट्रेनिंग बीएड कॉलेज, आर्मी पब्लिक स्कूल और गवर्नमेंट गर्ल्स+2 हाई स्कूल में किया गया। जहॉ छात्र छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जाना। निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की भागदारी के बारे में समझा। तीनों शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की रूचि बनाए रखने के लिए क्विज एवं कहानी सुनाने (स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता हुआ। छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया एवं मतदान से जुड़ी बहुमूल्य जानकारी हासिल की। आर्मी पब्लिक स्कूल की वाईस प्रिंसिपल कविता वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तरा रॉय एवं गवर्नमेंट गर्ल्स +2 हाई स्कूल की टीचर रीता कुमारी ने विद्यार्थियों को अपने नागरिक अधिकार का सही से इस्तेमाल करने एवं मतदाता के रूप में कर्त्तव्यों का पालन करने का अनुरोध किया।

दस राईस मिल का चयन, धान अधिप्राप्ति केंद्रों से टैंगिग का प्रस्ताव मंजूर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिला अनुश्रवण समिति द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में राईस मिलों का चयन एवं अधिप्राप्ति केन्द्रों से टैंगिग के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। अनुशंसा के लिए नोडल एजेंसी झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, रांची को उपलब्ध करा दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित अनुश्रवण समिति की बैठक में सर्वसम्मति से खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में राईस मिलों का चयन एवं धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से टैंगिंग करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया था। जिला अनुश्रवण समिति से अनुमोदित संबद्धता के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य खाद्य निगम मुख्यालय जिला को भेजा गया है। जिला अनुश्रवण समिति द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में 10 राईस मिलों के चयन का अनुमोदन किया गया है।

जिसमें हेमराज राईस प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री शाकम्बरी राईस मिल प्राइवेट लिमिटेड, पायस एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, तुलस्यान राईस मिल प्राइवेट लिमिटेड टाटीसिल्वे, सुवर्णरेखा राईस मिल, एसएमवी एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, श्रेया राइस मिल इंडस्ट्रीज, समृद्धि राईस मिल प्राइवेट लिमिटेड, सिद्धि विनायक राईस मिल प्राइवेट लिमिटेड और बालाजी एग्रोटेक इंडस्ट्रीज शामिल है।

पीएम पोषण योजना जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक

जिला के विद्यालयों के मध्याह्न भोजन के लिए 42 लाख की स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुधवार को समाहरणालय में पीएम पोषण योजना की जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक हुई। बैठक में पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए मध्याह्न भोजन का बजट सह कार्य योजना का प्रस्ताव रखा गया। जिसपर कमिटी द्वारा रांची जिला के लिए 41 करोड़ 64 लाख 86 हजार रुपए का अनुमोदन किया गया। बताया गया कि जिला के विद्यालयों में नवंबर माह में छात्रों की उपस्थिति 75.12 प्रतिशत रही। जिससे 1 लाख 68 हजार 810 बच्चें नवंबर में मध्याह्न भोजन से लाभान्वित हुए। यह भी बताया गया कि प्रथम एवं द्वितीय त्रिमास का चावल वितरण संबंधित अभिकर्ता द्वारा शत प्रतिशत नहीं किया गया है। सभी विद्यालय के प्राचार्यो को निर्देश दिया गया कि छात्र व छात्राओं को ससमय मध्याह्न भोजन मिलता रहे यह सुनिश्चित करें।

जिला के 2128 विद्यालयों में योजना हो रहा है संचालित : मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत जिले में कुल-2128 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित है। इसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय-2190 एवं मध्य विद्यालय-791, उच्च विद्यालय-47 एवं मॉडल विद्यालय-08 उच्च विद्यालय में शामिल है।

बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित : बैठक में नोडल पदाधिकारी जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग दीप्ती कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, सहायक प्रशासक मुकेश रंजन, सुपरवाइजर समाज कल्याण रांची, श्रीमती सुलक्षना टुडू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडर रहमत अली, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ओरमांझी श्रीमती सीमा कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बुढ़मू, रविंद्र प्रसाद, अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02, अरविंदा कुमारी, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति बीएमपी डोरंडा और एसएम रंजन एवं संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

आनंद नगर में विद्यालय से पशुओं को हटाया जायेगा

बैठक में उपस्थित अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02 के द्वारा रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक से कहा गया की उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आनंद नगर हरमू के बाहर गाय आदि पशु को बॉध दिया जाता है। जिससे परिसर के बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे विद्यालय के छात्र/छात्रों को परेशानी होती है। जिसपर सहायक प्रशासक रांची नगर निगम द्वारा कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।

डीएसपीएमयू में झारखंड छात्र दल का सदस्यता अभियान शुरु

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड छात्र दल (जेसीडी) ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सदस्यता अभियान का शुरू किया। जेसीडी की उपाध्यक्ष झिलिक कुमारी, प्रवक्ता श्रद्धा विश्वकर्मा और सचिव प्रीति यादव ने भगवान बिरसा मुंडा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सदस्यता अभियान का आगाज किया। जेसीडी प्रभारी ऋषभ कुमार ने सदस्यता अभियान से जुड़ी सभी बिंदुओं से अवगत कराया। एक नई जोश और उर्जा के साथ अधिक से अधिक छात्रों को सदस्यता दिलाने की बात कही। अध्यक्ष बबलू कुमार महतो ने जेसीडी की छात्र हित में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। प्रथम दिन में विभिन्न विभागों के 300 से अधिक छात्रों ने झारखंड छात्र दल की सदस्यता ग्रहण किया। महासचिव कमलेश महतो ने बताया कि अगले सात दिनों तक सदस्यता अभियान प्रत्येक विभाग के छात्रों को दिलायी जाएगी। अभियान में कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव कमलेश महतो, प्रशांत महतो, उपाध्यक्ष संदीप आजाद, प्रणव गांगुली, रोबिन सिंह, कोषाध्यक्ष सौरभ मौर्या, रौशन मछुआ और प्रवक्ता रवि रौशन आदि मौजूद थे।

चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड मामले में चार को उम्रकैद

रांची। अपर न्याययुक्त दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को बहुचर्चित चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें सदाम उर्फ बबन खान, मोहमद फैजल खान, सहबीब अंसारी और छोटू हुसैन शामिल है। अदालत ने दोषियों को सजा के अलावा दस-दस हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जबकि मामले में एक दोषी बिरसा कच्छप को आर्म्स एक्ट में दो साल की सजा सुनाई है। एक दोषी रासिद अंसारी अब तक फरार है। उल्लेखनीय है कि पांच अक्टूबर 2018 को रोस्पा टावर के पास चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा की हत्या कर दी गई थी।

कांके में तापमान 6.9 डिग्री अभी और बढ़ेगी ठंड

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में दिनों दिन ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में राजधानी रांची के कांके का तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। हिनू के पास तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में चतरा, लोहरदगा, खूंटी और गुमला का तापमान 8.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 9.5 डिग्री रहा। देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज और सिमडेगा का तापमान 10 डिग्री रहा। साथ ही बोकारो, गिरिडीह का तापमान तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक ठंडा कांके क्षेत्र रहा। आनेवाले दिनों में राज्य में तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। 17 दिसंबर के बाद तापमान में अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है। आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट महसूस की जायेगी। ऐसे में लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा।

झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों में जनवरी तक लंबी वेटिंग

24 से 28 मार्च तक ट्रेनों में गिनती की सीटें बची हैं

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में कंफर्म सीट मिलना मुश्किल हो गया है। दिसंबर से लेकर जनवरी तक ट्रेन बुकिंग में लंबी वेटिंग है। वहीं, अब तो मार्च के लिए भी कुछ ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल दिख रहा है। होली के लिए अभी से बुकिंग शुरू है। रेलवे के अनुसार मुंबई, सूरत और दिल्ली, बिहार एवं यूपी के शहरों के लिए ट्रेनों में अब कंफर्म सीट मिलना मुश्किल है। हटिया से गोरखपुर के बीच चलने वाली मौर्य एक्सप्रेस की बुकिंग सबसे तेज है। दूसरी ट्रेनों में भी मार्च की अलग-अलग तिथियों में अब गिनती की सीटें ही बची हैं। 25 मार्च को होली है। इसके लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गयी है। राजधानी एक्सप्रेस में रांची से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में गिनती की सीटें उपलब्ध है। वीआईपी ट्रेनों की बुकिंग में अधिक उछाल देखा जा रहा है। नई दिल्ली से हावड़ा और सियालदह जानेवाली राजधानी एक्सप्रेस में थर्ड और सेकेंड एसी में वेटिंग है। 24 मार्च से 28 मार्च तक इन ट्रेनों में गिनती की सीटें ही बची हैं। पटना जानेवाली गंगा दामोदर और धनबाद से पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी मार्च के लिए बुकिंग तेज हो गयी है। बुंबई हावड़ा मेल में 22 मार्च से स्लीपर से सेकेंड एसी फुल, वनगर टर्मिनस आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस में 19 मार्च को स्लीपर से सेकेंड एसी तक फुल, कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस में 22 से 24 मार्च तक स्लीपर में आरएसी शामिल हैं।

हटिया-आनंदविहार एक्सप्रेस का परिचालन 14 दिसंबर से

रांची। हटिया आनंदविहार एक्सप्रेस के पुनः परिचालन का आदेश रेलवे ने जारी कर दिया है। कोहरा को देखते हुए हटिया आनंदविहार एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द किया गया था, लेकिन अब इसका पुनः परिचालन किया जायेगा। रांची रेल मंडल की ओर से बुधवार को बताया गया कि ट्रेन संख्या 12873 हटिया आनंदविहर टर्मिनल ट्रेन 14 दिसंबर से हटिया से नियमानुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 12874 आनंदविहर टर्मिनल हटिया ट्रेन 15 दिसंबर से आनंदविहर टर्मिनल से पुनः परिचालित होगी। दूसरी तरफ रेलवे की ओर से संबलपुर बनारस एक्सप्रेस का परिचालन विशाखापट्टनम तक चलेगी। इस संबध में सूचना जारी कर दी गयी है, जिसके मुताबिक ट्रेन संख्या 18311 विशाखापटनम बनारस एक्सप्रेस ट्रेन का विशाखापटनम प्रस्थान प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को 04: 20 बजे और बनारस आगमन अगले दिन 09: 25 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18312 बनारस विशाखापटनम एक्सप्रेस ट्रेन का बनारस प्रस्थान प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को दिन के तीन बजे और विशाखापटनम आगमन अगले दिन 7:30 बजे है। विस्तार के साथ ही द्विसाप्ताहिक ट्रेनें टीटलागढ़, रायगड़ा, विजयनगरम होते हुए विशाखापटनम तक परिचालित हो रही है।

चरकू हत्याकांड मामले में आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के तुपुदाना ओपी पुलिस ने भैयाराम मिंज उर्फ चरकू हत्याकांड मामले में एक आरोपित महेश मिंज को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक काला रंग का फुल पैंट,एक आसमानी, गुलाबी, काला, सफेद चेकदार रंग का गमछा और एक ब्लू-नीला रंग का हाफ टी शर्ट बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक दिसम्बर की रात में तुपुदाना कर्रा रोड स्थित बण्डा गांव के मुख्य सड़क किनारे भैयाराम मिंज उर्फ चरकू को पत्थर से कुचकर हत्या कर दिया गया था। इस संबंध में मृतक के पुत्री पूनम मिंज ने सुलेमान तिर्की, और अमित तिर्की के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। एसपी ने बताया कि मामले का खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर इस घटना में शामिल महेश मिंज को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर अभियुक्त के घर से घटना के समय पहने हुए कपड़ा (खून लगा हुआ) को बरामद किया गया है।

एक नजर

पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने किया सरेंडर, कोर्ट ने दी जमानत

रांची। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने एक मामले में बुधवार को सिविल कोर्ट में सरेंडर किया। जिसके बाद सुखदेव भगत को एमपी-एमएलए अदालत ने जमानत दे दी है। सुखदेव भगत पर सरकारी काम में बाधा डालने और लोक सेवक पर हमला करने का आरोप था। वर्ष 2018 में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत सहित 15 लोगों पर लोहरदगा में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात 19 को आएंगी झारखंड

रांची। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात 19 से 22 दिसम्बर तक संताल परगना के दौरे पर आ रहीं है। विप्लव ने बुधवार को बताया कि इस दौरान करात गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका जिला मे पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगी। साथ ही क्षेत्र के ज्वलंत जन और वर्गीय मुद्दों पर पार्टी के जरिये आयोजित किए जाने वाले अभियान की तैयारियों का भी जायजा लेंगीं। इस दौरान राज्य कार्यालय से भी कई नेता उनके साथ दौरे पर जाएंगे।

संसद में हुई चूक गंभीर मामला : राजेश ठाकुर

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संसद में हुई भारी चूक पर कहा कि यह गंभीर मामला है। इस गंभीर मामले पर भी गृहमंत्री का बयान देने से इंकार करना इस बात को बताता है कि राष्ट्रवाद का ढोंग रचने वाली भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा पर कितनी गंभीर है। ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आज ही के दिन 22 वर्ष पूर्व संसद में हमला हुआ था और हमारे कई सुरक्षा कर्मी उस हमले में शहीद हुए और पुन 22 वर्ष बाद इस घटना का पुनरावृत्ति होना यह बिलकुल दुखद है। ठाकुर ने कहा कि देश के गृहमंत्री लगातार देश संभालने में असफल साबित हो रहे हैं। वो अविलंब इस्तीफा दें। इसके साथ ही भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए क्योंकि उन्हीं के अनुशंसा पर युवकों को संसद दीर्घा के लिए पास निर्गत किया गया था।

प्रदीप बागची की जमानत पर सुनवाई 16 दिसंबर को

रांची। जमीन घोटाले के आरोपित प्रदीप बागची की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत में सुनवाई हुई। बुधवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 16 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने प्रदीप बागची की जमानत याचिका का विरोध किया।

निगम के दो वार्डों में 60 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा

रांची। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 31 और वार्ड नंबर 32 में कुल 60 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 225 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

जोन्हा में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आगाज, ग्रामीणों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

'गूंज के सफर में नया अध्याय जुड़ा'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सिल्ली में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव से पूर्व क्षेत्रीय गूंज महोत्सव 2023 की शुरूआत बुधवार को जोन्हा के डहुआ मैदान पर हुई। महोत्सव में कला संस्कृति के कार्यक्रमों के साथ समाज कल्याण व गरीब उथान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस मौके पर सिल्ली विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि क्षेत्रीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाने के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को मंच देना और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करना है। गूंज के सफर में यह नया अध्याय इसके मकसद को और व्यापक बनायेगा।

झारखंड की कला संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए इस महोत्सव में एक साथ एक हजार कलाकारों ने छऊ नृत्य की अद्भुत पेशकश दी। इसके अलावा कलाकारों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों ग्राम प्रधान, संयोजिका, रसोइया, विद्यार्थी, पहान, सहिया, जल सहिया, किसान, महिला समिति, क्षेत्रीय कवि, लेखक और गायक को सम्मानित कर उन्हें आगे भी बेहतर काम करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया गया। ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच वाद्य यंत्र का भी वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। दिव्यांगजनों के लिए रेजिस्ट्रेशन के बाद प्रमाण पत्र दिए गए। उनके बीच निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर का वितरण किया गए। साथ ही निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन और पौधों का भी वितरण हुआ।

आज राहे में होगा आयोजन

राहे प्रखंड अन्तर्गत डोमनडीह मैदान में गुरुवार को क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भी क्षेत्रवासियों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। राहे के बाद शुक्रवार को सोनहातु प्रखंड में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव होगा।

दशरथ चंद्र दास बने प्रमंडलीय प्रभारी आयुक्त

आरएनएम

रांची। राज्य सरकार ने बुधवार को दशरथ चंद्र दास को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय प्रभारी आयुक्त बनाया है। दास को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के पद से स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज भाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा दास को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू, मेदिनीनगर का भी अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त ने किया पदभार ग्रहण

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व दास राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के पद पर पदस्थापित थे। इसके अलावा दास को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू, मेदिनीनगर का भी अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

जानकारी के अभाव में अल्पसंख्यक योजना का लाभ नहीं ले रहे है : शमशेर

योजना की जानकारी या बाधा उत्पन्न होने पर अल्पसंख्यक आयोग से करें संपर्क

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा है कि अल्पसंख्यकों के साथ कोई भेदभाव या उनके अधिकार का हनन न हो यह सुनिश्चित करना आयोग की पहली प्राथमिकता है। कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि अल्पसंख्यकों के समुचित विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजना चलाई जा रही। जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों का शैक्षणिक एवं आर्थिक तौर पर मजबूती प्रदान करना है। लेकिन इन योजनाओं की जानकारी के अभाव में अल्पसंख्यक वर्ग के लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। आयोग इन योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में हर तरह की प्रक्रिया अपनाएगा। राज्य सरकार अल्पसंख्यक बेरोजगार युवकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 106 करोड़ रुपए की राशि अल्पसंख्यक वित्त निगम के माध्यम से 40% अनुदान के साथ ऋण उपलब्ध करा रही है। इसमें 50 हजार से लेकर 25 लाख तक ऋण देने का प्रावधान है। अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना, मैट्रिक उत्तर छात्रवृत्ति योजना, व्यावसायिक मेरिट सह साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना में अगर कोई जानकारी या बाधा उत्पन्न हो रही है। तो आयोग से सीधा संपर्क कर किया जा सकता है। राज्य में बुनकरों की दयनीय स्थिति को देखते हुए सरकार ने अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से विरासत योजना चलाने का फैसला लिया। जिसके तहत बुनकरों को शेड, मशीनरी, प्रशिक्षण, अनुदान सहित ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य सरकार अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए महिला समृद्धि योजना चल रही है। जिससे महिलाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण देना और प्रशिक्षण अवधि में मानदेय भी देना शामिल है।

आगलगी से डेली मार्केट सब्जी मंडी की 50 दुकानें खाक, 40 लाख का नुकसान

पुलिस-निगम की टीम ने जेसीबी से हटाया मलबा

कल से फिर खुलेंगी सभी दुकानें

नवीन मेल संवाददाता। रांची

डेली मार्केट सब्जी मंडी में मंगलवार की रात हुए भीषण अग्निकांड में छोटी-बड़ी करीब 60 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। डेली मार्केट एसोसिएशन के अनुसार इस अग्निकांड में 60 से 70 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। बुधवार को रांची नगर निगम, पुलिस प्रशासन और डेली मार्केट एसोसिएशन की टीम सुबह से ही मंडी से मलबा हटवाने में जुटी रही। शाम तक जेसीबी और ट्रैक्टर से मंडी से पूरी तरह से मलबा को हटा दिया गया। शाम तक सब्जी मंडी को समतल कर दिया गया। एसोसिएशन के अनुसार गुरुवार को मंडी में फिर से दुकानें लगेंगी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को लगी आग में थोक और खुदरा सब्जी विक्रेता के द्वारा बड़े पैमाने पर जमा करके रखे गए सब्जियां भी बर्बाद हो गई। दरअसल रांची का डेली मार्केट सब्जी बाजार मूल रूप से वैसी सब्जियों के लिए जाना जाता है जो महीने भर रखकर इस्तेमाल किया जा सकता है। जिसमें आलू, प्याज एवं लहसुन आदि जैसी सब्जियां शामिल है।

इनका हुआ नुकसान

अरमान का 80 पैकेट लहसुन, मो नसीम उर्फ डब्बू का 190 पैकेट आलू, मो राजा, मो रकीब, तारीक तबरेज, भोलू भाई, एनामुल, मो इमरान, मो तबारक, मो जब्बार, इलताफ(सदर), बबलू, साहेब, अरशद, हाजी पप्पू, मो मसतान, मो ताबिश, परवेज अमन, भोला, नेसार, लड्डन, नूर मोहम्मद का दुकान शामिल है।

बुजुर्ग महिला के जल गए 3.50 लाख

डेली मार्केट सब्जी बाजार में लगे आग ने सब्जी बेचने वाली बुजुर्ग महिला मंगरी देवी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुचाया है। बुजुर्ग महिला के गल्ले में रखे 3.50 लाख रुपये नगदी जल कर राख हो गया। आग लगने की वजह से उनका गल्ला पूरी तरह से जल गया।

एसोसिएशन खुद भी आर्थिक मदद करेगा : अध्यक्ष

डेली मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी फिरोज ने बताया कि पूरा सब्जी बाजार तबाह हो गया है। ऐसे में रोज सब्जी बेचकर अपनी जीविका चलाने वाले सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए हैं। इस मामले को लेकर बुधवार की रात एसोसिएशन की बैठक बुलायी गयी है। उस बैठक में दुकानदारों को हुए नुकसान का आकलन कर पहले से मुख्यमंत्री राहत कोष से फंड दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही एसोसिएशन अपनी ओर से भी सहयोग करेगी।

बढ़ती ठंड को देखते हुए डीसी ने दिये अलाव की व्यवस्था का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बढ़ती ठंड को देखते शहर के चौक चौराहों में जिला प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश नगर निगम को दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुधवार की शाम से शहर के विभिन्न चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गयी। जिससे गरीब और आमजनों को ठंड से बचाया जा सके। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शहर के अलावा सभी अंचलों के प्रमुख चौक-चौराहों व स्थानों में अलाव की व्यवस्था की जा रही है। उपायुक्त द्वारा जिला के सभी अंचल अधिकारियों को बढ़ती ठंड के मद्देनजर आने वाले दिनों में आवश्यकतानुसार अलाव की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मंत्रिपरिषद की बैठक 15 दिसंबर को बुलाई गई है। बैठक झारखंड विधानसभा सत्र के तुरंत बाद शाम चार बजे आहूत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली बैठक में कई विधेयकों को स्वीकृति दी जाएगी। इन्हें विधानसभा पटल पर रखा जाएगा। बैठक में द्वितीय अनुपूरक बजट के अलावा झारखंड में 1932 आधारित खतियान को फिर से लागू करने की स्वीकृति दी जाएगी और उसे भी विधानसभा से पारित करने के लिए सदन में रखा जाएगा। झारखंड के राज्यपाल ने भी इसे अपने सुझाव के साथ विधानसभा को लौटा दिया है। सरकार इस पर विचार करते हुए फिर से खतियान आधारित नियोजन नीति को परिभाषित करने पर विचार कर रही है। विधानसभा से पारित होने के बाद फिर राज्यपाल की स्वीकृति ली जाएगी। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण निर्णय बैठक में लिए जाएंगे।

सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा के उम्र सीमा पर कर चुके याचिकाकर्ताओं को दी राहत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में निर्धारित उम्र सीमा पार करने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं हो सकने वाले अभिषेक कुमार, अवनीश शेखर, दीपक कुमार एवं अन्य को बड़ी राहत दी है। उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति भी दे दी है। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं की उम्र सीमा की छूट संबंधी याचिका मंजूरी कर ली है। इससे पहले कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी थी, लेकिन मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं किया था। कोर्ट ने मामले में अंतिम आदेश पारित करते हुए 35 वर्ष से अधिक उम्र के याचिकाकर्ताओं को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी। याचिकाकर्ताओं की उम्र सीमा छूट संबंधी याचिका को कोर्ट ने स्वीकृत कर लिया। पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में याचिकाकर्ताओं को 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने का निर्देश दिया था।

याचिकाकर्ता अभिषेक प्रसाद, दीपक कुमार एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था कि वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन एग्जाम की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच साल से इससे संबंधित कोई परीक्षा आयोजित नहीं की गई। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित सीमा 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा में बैठने की अनुमति मांगी है।

गागर में सागर

सांसद धीरज साहू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें कांग्रेस : वामदल

रांची। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के आवास सहित अन्य ठिकानों करोड़ों रुपये की बरामदगी सीधे - सीधे टैक्स चोरी का मामला है। इसलिए इसकी जांच कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। यह बात वामदलों ने बुधवार को संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। आयकर विभाग ने कितने रुपयों की बरामदगी हुई है इस पर कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। लेकिन भाजपा जिस तरह से इस मुद्दे पर संसद में और झारखंड में हाय - तौबा मचा रही है उससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है। क्योंकि आर्थिक - राजनीतिक भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी खिलाड़ी तो भाजपा ही है। यह विज्ञप्ति माकपा के प्रकाश विप्लव, भाकपा माले के मनोज भक्त, मासस के हलधर महतो, फॉरवर्ड ब्लॉक के अरूण मंडल और आरएसपी की ओर से गणेश दीवान ने जारी किया है।

3 जिलों में जेपीएचसीएल करायेगी कई निर्माण कार्य

रांची। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिडेट (जेपीएचसीएल) राज्य के तीन जिलों में 19.43 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य करायेगी। इन जिलों में जामताड़ा, गोड्डा और गिरिडीह शामिल है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में राशि स्वीकृत कर दी है। इससे 10.69 करोड़ की लागत से गिरिडीह जिले के आईआरबी नौ में चारदीवारी और कंसर्टिना कॉइल फेंसिंग का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही 2.69 करोड़ से गिरिडीह जिले के आईआरबी नौ में सात वॉच टावर और दो गेटों का निर्माण कार्य होगा। इसके अलावा 1.46 करोड़ की लागत से जामताड़ा जिले के नाला सीडीपीओ का भवन निर्माण और 1.43 करोड़ से जामताड़ा पुलिस लाइन में मैगजीन भवन का निर्माण कराया जायेगा। जबकि 3.16 करोड़ की लागत से गोड्डा जिले के राजाभीटा थाना का निर्माण कार्य होगा।

गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट्स का आगाज

रांची। गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं ने क्रिकेट का मजा लिया। प्रभारी प्रिंसिपल डॉ रमण कुमार झा ने खिलाड़ियों के साथ बल्लेबाजी कर मीट की शुरुआत की। डॉ. जाकीर हुसैन और प्रो पंकज कुमार मेहता ने अंपायरिंग की। पहला दस ओवर का मैच वारियर्स और राईनोज के बीच हुआ। इस मैच में राईनोज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुये 9.4 ओवर में 64 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। 65 रनों के लक्ष्य को स्काई वारियर्स ने दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दूसरा मैच रेड इलेवन और डेयर डेविल्स के बीच हुआ। कॉलेज के स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. राकेश कुमार ने बताया कि 13 से 15 दिसंबर तक बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कैरम, शतरंज सहित सौ मीटर और दो सौ मीटर दौड़ जैसे खेल होंगे। कॉलेज के डॉ. मजहरूल हक, डॉ. धनंजय तिवारी, प्रो. दुलाल चंद्र महतो, डॉ. ओम प्रकाश सहित शिक्षक और कर्मचारी शामिल रहे।

आयोजन | आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में लिया गया फैसला

सुदेश फिर चुने गये आजसू पार्टी के अध्यक्ष

सीपी चौधरी वरीय उपाध्यक्ष, लंबोदर महतो और सुनीता चौधरी बने जनरल सेक्रेट्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सुदेश कुमार महतो को एक बार फिर से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के तौर पर चुना गया है। इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट होंगे। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देव शरण भगत ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इसी वर्ष 29-30 सितम्बर एवं एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में फैसला लिया गया था कि केंद्रीय कमेटी और केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन होगा। इसी आधार पर सुदेश महतो केंद्रीय अध्यक्ष चुने गये हैं।

इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट होंगे। उमाकांत रजक (पूर्व विधायक), अकील अख्तर (पूर्व विधायक) सहित हसन अंसारी और सुप्रीति मुर्मू को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस हेड जनरल सेक्रेट्री होंगे। इसके अलावा विधायक सुनीता चौधरी और डॉ. लंबोदर महतो सहित राजेंद्र मेहता, रोशन लाल चौधरी, यशोदा देवी सहित करीब तीन दर्जन जेनरल सेक्रेट्री चुने गये हैं। संगठन सचिव के तौर पर एस अली और जयपाल सिंह को मौका दिया गया है। 136 सचिव (तीन कार्यालय सचिव सहित), एक मुख्य प्रवक्ता सहित चार प्रवक्ता, दो ट्रेजरर, दो ट्रेनर और अनुशासन समिति के प्रमुख के तौर पर सुबोध प्रसाद को चुना गया है।

नवसंकल्पों के तहत आजसू के केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा हुई : डॉ देवशरण

ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू पार्टी) के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि रांची के मोरहाबादी मैदान पर 29 व 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को आयोजित हुए केंद्रीय महाधिवेशन में राज्य के नवनिर्माण के लिए गए नवसंकल्पों के तहत केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा हुई है। डॉ देवशरण ने बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी व केंद्रीय सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राज्य को वर्तमान सरकार के कुशासन से जनता के स्वशासन की ओर ले जाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पदाधिकारियों के चयन में राज्य के हर जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व होना सुनिश्चित किया गया है। राज्य की आम जनता को गोलबंद कर संघर्ष करना ही हमारा लक्ष्य। हम सब को मिलकर अपनी विरासत को संरक्षित कर उसका संवर्धन और सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विरासत को सुरक्षित करने और इसके सम्मान के लिए संघर्ष करने का हम संकल्प लेते हैं। जल्द ही केंद्रीय कमेटी की बैठक होगी, जिसमें सभी नए पदाधिकारी शपथ लेंगे और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

जिलास्तरीय मासिक क्राइम बैठक, बरही की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का मिला निर्देश

पिकनिक स्पॉट-पर्यटक स्थलों पर होगी पुलिस की नजर : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

बरही । पुलिस कप्तान मनोज रतन चौथे की उपस्थिति में जिला स्तरीय मासिक अपराध की समीक्षात्मक बैठक बरही के जवाहर घाट स्थित वन विश्रामगर में संपन्न हुआ. जिसमे हजरीबाग जिला के सभी एसडीपीओ, डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर, सर्किल इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी शामिल हुए. बैठक में उपस्थित थाना प्रभारियों को फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन, नशा तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी इत्यादि जैसे निर्देश दिए गए. पोक्सो, एससी/एसटी जैसे मामलों को 60 दिनों के अंदर निष्पादित करने की बात कही गई. अंत में बरही महिला थाना प्रभारी से सेवानिवृत हुई एसआई कामेश्वर सिंह को विभाग की ओर से एसपी ने सम्मानित भी किया. पत्रकारों से वार्ता करते हुए ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से विगत माह दर्ज हुई प्राथमिकी के साथ अन्य अनुसंधान के प्रगति रिपोर्ट की जानकारियां ली गई. इसके साथ ही आगामी न्यू ईयर को देखते हुए जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉट और पर्यटक स्थल पर पुलिस की तैनाती और चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया गया. बरही की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया की वर्तमान में जिला में पुलिस बल की संख्या पर्याप्त नहीं है. फिर भी हर संभव व्यवस्था बनाए रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है. इस दौरान एसपी सहित पुलिस पदाधिकारियों ने जवाहर घाट के तिलैया डैम में नौकायान का भरपूर लुत्फ उठाया. बैठक में बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, डीएसपी सदर महेश प्रजापति, बड़कागांव एसडीपीओ अनुज उरांव, मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी अनुराग भारद्वाज के अलावा हजारीबाग सदर इंस्पेक्टर ललित कुमार, बरही इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, बरही महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर बरही जगलाल मुंडा, चौपारण प्रभारी अरुण कुमार रवानी, पदमा ओपी प्रभारी शिवदयाल सिंह, इचाक प्रभारी धनंजय सिंह, सदर इंस्पेक्टर निलिन कुमार मरांडी, विष्णुगढ़ प्रभारी रामनारायण सिंह, गोरहर प्रभारी शशि भूषण, चलकुशा प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय, बड़कागांव प्रभारी बिनोद तिर्की, केरेडारी प्रभारी नयल गोडविल केरकेट्टा, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी घनश्याम कुमार, मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महतो, लोहसिंहना प्रभारी बिपिन यादव, कोर्रा प्रभारी निशि कुमारी, कटकमदाग प्रभारी डीके प्रजापति, कटकमसांडी प्रभारी प्रशांत मिश्रा, टाटीझरिया प्रभारी आनंद आजाद, दारू प्रभारी अमित कुमार, चरही प्रभारी विक्रम कुमार सहित जिले पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

तिलैया डैम में नौकायान का भरपूर उठाया लुत्फ

बरही सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की टीम पहुंची भामाशाह विद्यालय, दी साइबर फ्रॉड की जानकारी

बरही । साइबर सिक्योरिटी अभियान को आगे बढ़ाते हुए सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की टीम बुधवार को भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची. जहां प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अगुवाई में विद्यालय के 8वीं से 10वीं तक के 250 भैया बहनों को साईबर फ्रॉड और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. जानकारी देते हुए केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि आजकल साइबर क्राइम करने वाले सोशल मीडिया से फोटो डाउनलोड करके उसे एडिट करके ब्लैकमेलिंग भी करते है, ऐसे में हम सभी को अपना निजी फोटो की सोशल मीडिया या प्रोफाइल में लगाने से बचाना चाहिए. इसके अलावा किसी भी प्रकार के भुगतान या लॉन के नाम ओटीपी शेयर अथवा अन्य जानकारी किसी को नही देनी चाहिए. यह भी बताया गया कि आज कल साइबर ठग लिंक शेयर करके हमारे सिस्टम को हैक करवाते है. फिर अपने अनुसार हमारे सिस्टम को ऑपरेट करते है. हमारा सारा गुप्त कोड उन्हे मालूम हो जाता है और हम ठगी के शिकार हो जाते है. ऐसे में अनवांटेड लिंक को कभी भी क्लिक नही करना चाहिए अन्यथा हम अपनी बर्बादी का कारण स्वयं बन जाते है. इस कार्यक्रम में केंद्र के पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो सहित विद्यालय के आचार्य और आचार्या ने महती भूमिका निभाई.

नीलम कुमारी को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

हजारीबाग। आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों के पंचायतों में किया जा रहा है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड के सिरय पंचायत की रहनेवाली 11वीं की छात्रा नीलम कुमारी को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के हाथों सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। नीलम कुमारी ने कहा कि वे इस योजना का लाभ लेकर अपनी शिक्षा अच्छे से जारी रख सकती है। उसने इस योजना के लिए झारखंड सरकार का आभार व्यक्त किया है। जनसंपर्क जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से शिविर की जानकारी मिली थी। उन्होंने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के लिए शिविर में अपना आवेदन समर्पित किया था। कागजात की जांच कर उनके नाम को स्वीकृति दे दिया गया और उनका नाम सूची में शामिल हो गया। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उसने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देनेवाली योजना के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आपके द्वार के तहत विश्वनाथ साव और महावीर मेहता को मिला सर्वजन पेंशन का स्वीकृति पत्र

हजारीबाग। इचाक प्रखंड के बरकाखुर्द पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान ग्राम कालाद्वार, पंचायत बरकाखुर्द निवासी विश्वनाथ साव तथा महावीर प्रसाद मेहता को ऑन द स्पॉट सर्वजन पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि वे कई दिनों से पेंशन सूची में नाम दर्ज कराने के लिए परेशान थे। उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार रथ के माध्यम से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की जानकारी मिली। अपने पंचायत में लगे शिविर में पहुंचकर पेंशन हेतु आवेदन दिया। जिसके बाद उन्हें पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इस पेंशन की राशि से जीवनयापन में काफी सहायता मिलेगी।

सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

रामगढ़। समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में बुधवार को पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा मुखिया के ग्राम पंचायत योजना अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत डीपीएम, पंचायती राज कार्यालय चंचल स्वर्ण लिंडा, कार्यालय सहायक उमेश साव, बीपीआरओ संदीप कुमार सहित अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड समन्वयक चितरपुर विक्की नायक, प्रखंड समन्वयक मांडू शेखर कुमार, प्रखंड समन्वयक दुलमी, रामगढ़ एवं पतरातु पंकज कुमार ने उपस्थित सभी मुखियाओं को गरीबी मुक्त और आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव इत्यादि विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।

युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए रामगढ महाविद्यालय की टीम गिरिडीह रवाना

रामगढ़ । आदर्श कॉलेज राजधनवार में आयोजित अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए रामगढ़ महाविद्यालय की 40 सदस्यीय टीम गिरिडीह के लिए रवाना हुई। प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने टीम के सभी सफस्यों को आशीर्वाद देकर रवाना किया। इस बार रामगढ महाविद्यालय से कुल 19 अलग अलग स्पर्धा में टीम भाग ले रही है। मौके पर प्राचार्या ने बताया कि महाविद्यालय की टीम पूरे दम के साथ युवा महोत्सव में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी और महाविद्यालय का नाम रौशन करेंगी। टीम में एक से बढ़कर एक कलाकार है जो अपनी कला का प्रस्तुत करेंगी। मौके पर टीम मैनेजर डॉ अनामिका,रोज उरांव, डॉ रत्ना पांडेय,राहुल कुमार,डॉ प्रीति कमल,रितिक अग्रवाल,निधि कुमारी, वाल्मीकि कुमार, संगीता कुमारी, पलक कुमारी, रानी कुमारी, शहजादी प्रवीण, जीनत प्रवीण,चित्रा मिर्धा आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कुजू पूर्वी व कुजू दक्षिणी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

रामगढ़ । कुजू पूर्वी व दक्षिणी पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुजू पूर्वी में मुखिया ललिता देवी व कुजू दक्षिणी में मुखिया राकेश कुमार उर्फ रॉक ने किया। जबकि संचालन बीपीओ कामाख्या प्रसाद ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डालसा के एलएडीसी रामजी गुप्ता, अखिलदेव कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार पिंगले, मांडू बीडीओ संजय कोनगाडी, सीओ मदस्सर नजर मंसूरी, जिप सदस्य दयामन्ति देवी, कल्याण पदाधिकारी कृपाल कच्छप, सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी, बीईईओ विजय राम समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा जारी योजना आप सभी जनता के लिए है। इस योजना का सीधा लाभ ले।

एक नजर

साइबर आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

बरकट्ठा। थाना पुलिस ने एक साइबर आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा है। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवां पुल के पास अखिलेश कुमार पिता मनोज प्रसाद ग्राम बरवां थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग निवासी के द्वारा आपने मोबाइल से साइबर का काम कर रहा है और व्हाट्सएप के जरिए स्कॉट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अलग-अलग नंबरों से संपर्क करके मोबाइल पर स्कोका और सिंपल एस्कॉर्ट्स सर्विस वेबसाइट के जरिए लड़कियों महिलाओं का आपति जनक तस्वीर भेजकर उनसे सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा है । इसके आधार पर छापामारी कर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 229/23 के तहत अंकित कर प्राथमिक अभियुकत अखिलेश कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पंच मंदिर विकास समिति की बैठक

हजारीबाग। पंच मंदिर सुंदरीकरण को लेकर पंच मंदिर में बैठक किया गया । बैठक का अध्यक्षता हिंदू राष्ट्र संघ के संरक्षक फलारी बाबा द्वारा किया गया ,संचालन प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने किए, जिसमें निर्णय लिया गया कि 14 दिसंबर सुबह 9:00 बजे पंच मंदिर में सफाई अभियान और बहुत जल्द ही सुंदरीकरण का कार्य आरंभ किया जाएगा ,और जो दादी पंच मंदिर निर्माण कराई है उनका 25 फीट का प्रतिमा पंच मंदिर परिषद में बनाया जाएगा ।मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा 14 दिसंबर सुबह 9:00 बजे पंच मंदिर में नारियल फोड़ कर सुंदरीकरण का कार्य आरंभ किया जाएगा बैठक में पंच मंदिर विकास समिति के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

ग्रामीण डाक सेवा संघ कर्मी हड़ताल पर

बरकट्ठा। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ कर्मी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। संघ की ओर से 12 दिसंबर से जारी हड़ताल के दूसरे दिन बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में डाक सेवा पर असर पड़ा है। संघ के जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मेहता ने कहा की जब तक हमारी मांग पूरी नही की जाती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। जिसमें डाक कर्मियों को आठ घंटे तक काम करने, पेंशन का लाभ नियमित कर्मचारियों के समान 12, 24 व 36 वर्ष का लाभ लागू करने, ग्रुप बीमा पांच लाख तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों की तरह जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि, भारत सरकार की अन्य योजना व वेतन देने समेत नौ मांगें शामिल है। हड़ताल पर जाने वालों में जिला संगठन मंत्री ललित किशोर मेहता, मीडिया प्रभारी अब्बास अंसारी, केश्वर लोहरा, रतनलाल चौधरी, मुकेश राणा, राजेश बास्के, उपेन्द्र कुमार शर्मा, सबिता यादव, शांति देवी, गुड़िया देवी, विकास कुमार, राहुल कुमार, बंटी कुमार, मुकेश सोरेन, रामप्रकाश अवधिया, देवनंदन चौधरी, श्याम सुंदर यादव आदि शामिल थे।

ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड पैरामेडिकल में बुधवार को बरही +२ विद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे के दौरान, छात्रों को विभिन्न पैरामेडिकल एवम फामेर्सी प्रक्रियाओं का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ। इंटरमीडिएट स्तर के छात्रों को एक उत्कृष्ट और शिक्षाप्रद पर्यावरण में अपने विद्यार्थी जीवन को बढ़ाने का मौका मिला। इस अद्वितीय अनुभव का हिस्सा बनते हुए, छात्रों ने ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी और पैरामेडिकल के प्रयोगशाला में एक अद्वितीय और ज्ञानवर्धन यात्रा का आनंद लिया। इस दौरे में, छात्रों ने विभिन्न विषयों में आधुनिक प्रयोगशाला की सुविधाएं देखीं और उन्हें सीखने का अद्वितीय अनुभव हुआ। इसके अलावा, छात्रों ने विशेषज्ञों से मिलकर अपने शैक्षिक और करियर के मार्गदर्शन के लिए अनमोल सुझाव प्राप्त किए। ज्ञान ज्योति कॉलेज के प्रमुख ने इस मौके पर व्यक्तिगत रूप से छात्रों का स्वागत किया और उन्हें उनके उद्दीपन के लिए प्रेरित किया। यह यात्रा छात्रों को अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में विशेषज्ञता की ओर मोड़ने में सहायक होगी और उन्हें एक नई दृष्टिकोण प्रदान करेगी। ऐसी अद्वितीय और शिक्षाप्रद दौरों के लिए ज्ञान ज्योति कॉलेज हमेशा तत्पर है ताकि इससे छात्र और छात्राएं अपने भविष्य के प्रति और भी प्रेरित होंगे।

आज संवरेगी 25 जोड़ों की जिंदगी

40 पुरोहित करेंगे मंगलाचरण, हजारों मेहमान होंगे साक्षी

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग । सदर विधायक मनीष जायसवाल सिर्फ 25 जोड़ों की सामूहिक शादी नहीं करा रहे, बल्कि विवाह का रस्म उत्सव बन गया है। शादी के पहले गीत, संगीत और नृत्य दौर चला और मेंहदी की रस्म अदायगी भी हुई। अब तो बस विवाह मंडप में सात फेरे लेने और डोली उठने की देर है। शहर के बड़कगांव रोड़ स्थित डीपीएस, शंकरपुर का विशाल व खूबसूरत मैदान नयनाभिराम शादी मंडप में तब्दील हो चुका है। इस वैवाहिक मंगलाचरण के लिए कोलकाता के यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए ख्यातिप्राप्त राघवेन्द्र कुमार गौतम उर्फ राघव पंडित जी और उनके 40 पंडितों की टीम मौजूद हैं। हजारों मेहमान इस सामूहिक विवाह के साक्षी होंगे। उनके समक्ष 25 जोड़े अग्नि को साक्षी को मान एक-दूजे का दामन थामेंगे। सदर विधायक अपने दो जुड़वे छोटे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल की शादी के 25 वें सालगिरह के मौके पर इस अनूठी पहल की शुरूआत कर रहे हैं। हजारीबाग के डीपीएस स्कूल मैदान में 14 दिसंबर को निर्धन परिवार के 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का विराट और पुनीत आयोजन निश्चित रूप से यादगार बनने जा रहा है। सामूहिक विवाह स्थल पर 25 जोड़ों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण किया गया है। सदर विधायक मनीष जायसवाल सामूहिक विवाह समारोह की पूर्व संध्या अपने विशेश्वर दयाल पथ अवस्थित आवासीय परिसर में भगवान श्री सत्यनारायण कथा सह पूजनोत्सव अनुष्ठान का आयोजन किया। जिसमें दोनों भाइयों सहित पूरे परिवार संग पूजन- अर्चन किया और सामुहिक शादी की सफलता की कामना की। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल, उनकी माता विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल, निशांत जायसवाल, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, बहन लूना जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्र बधु अवंतिका जायसवाल, पुत्री रिया जायसवाल, सहित समस्त परिवारजन उपस्थित रहें और शादी के सफलता की ईश्वर से कामना की ।

वन विभाग की लापरवाही से जंगलों की अंधाधुंध कटाई, घट रही हरियाली

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रकृति की बिगड़ती संतुलन जहॉ दिनों दिन बढ़ रही है वहीं ग्लोबल वार्मिंग को लेकर एक तरफ पूरी दुनिया चिंतित हैं । इस निमित्त प्रखंड क्षेत्र के वन विभाग की उदासीन रवैया व कोई मुकम्मल व्यवस्था न होने के कारण लोग बेखौफ होकर जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं।वहीं बुधवार को बसरिया जंगल व सूर्यकुंड के दक्षिण दिशा तेतरिया नदी के पास स्थित जंगलों की हो रही है अंधाधुंध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। वन सुरक्षा समिति बसरिया के अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को सुबह करीब 7 से 8 बजे वन सुरक्षा को लेकर भ्रमण के दौरान मैंने दो व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से पेड़ काटते हुए पकड़ा है। जिसमें टुनटुन महतो पिता जीरो महतो तथा बिंदवा देवी पति मित्तलाल महतो जो दोनों ग्राम बसरिया निवासी हैं। उन्होंने बताया कि साक्ष्य के रूप में उक्त दोनों व्यक्तियों का तस्वीर भी मोबाइल में कैद कर लिया है। आगे उन्होंने बताया कि वनों की हो रही लगातार कटाई को लेकर मैंने कई बार वन विभाग को इस संबंध में सूचना दिया बावजूद वन विभाग के ओर से अभी तक न ही कोई ठोस कदम उठाया गया न कोई कार्रवाई किया गया।

सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिन पर भारतीय भाषा उत्सव आयोजित

हजारीबाग। ओएसिस स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया. ओएसिस स्कूल में बुधवार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर स्कूल सभागार में हिंदी, उर्दू, खोरठा, नागपुरी और बांग्ला भाषा पर सेमिनार आयोजित किये गये. भाषा उत्सव में स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया. हिंदी, उर्दू, बांग्ला, खोरठा और नागपुरी भाषाओं में गायन वादन के साथ आकर्षक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी. विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह में शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया. पूरा माहौल उत्साह एवं जोश से भर गया.

16 दिसंबर को बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान समारोह

साहित्याकार रतन वर्मा होंगे सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड के जाने-माने कथाकार, कवि, साहित्यकार रतन वर्मा को 16 दिसंबर को 'बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2022 हेतु उत्कृष्ट कथा लेखन के लिए प्रदान किया जाएगा। 'बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान समारोह' आरा (बिहार) के तत्वाधान में आयोजित होने वाला यह सम्मान समारोह 16 दिसंबर को पटना के 'जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान' सभा कक्ष में सम्पन्न होगा। आयोजित इस सम्मान समारोह में पूनम सिंह, 2018 (कहानी), डॉ विनय कुमार, 2019 (कविता) , रामदेव सिंह, 2020 (कहानी), अनिल विभाकर , 2021 (कविता), रतन वर्मा, 2022 (कहानी), विनय सौरभ, 2023 (कविता) के लिए 'बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान' प्रदान कर अलंकृत किया जाएगा। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात साहित्यकार आलोक धन्वा एवं रामधारी सिंह दिवाकर सम्मिलित होंगे ।

हमारी मांगें पूरी हों

अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक

कंपनी में 75%स्थानीय को रोजगार दें प्रबंधन : संजय

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक बुधवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने की। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा उपस्थित थें। मौके पर संजय मिश्रा ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा नियम को ताख पर रखकर पोड्क्शन किया जा रहा है। उत्पादन के दौरान बरका-सयाल क्षेत्र के सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा माईनिंग सेफ्टी का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता है। यहां कार्य कर रहे मजदूरों का जान जोखिम में डाल कर कोयला उत्पादन किया जाता है। इसी को लेकर क्षेत्रीय कमेटी क्षेत्र के आउट सोर्सिंग माइनिंग कंपनी का निरीक्षण करेगी। उन्होंने कहा की झारखंड सरकार के फैसले के अनुसार आउटसोर्सिंग माइनिंग कंपनी में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार को रोजगार देने के नियम को भी दरकिनार किया जा रहा है। साथ ही मजदूरों से 8 घंटे के बदले 12 घंटा काम लिया जा रहा है। जिसे हमारी यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा की अधिकांश कामगार की हजारी फॉर्म डी में नहीं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा की एजेकेएसएस संज्ञान में लेकर मजदूरों के हक-अधिकार के लिए क्रमबद्ध आंदोलन करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की विभिन्न मांगों को लेकर सयाल परियोजना कार्यालय के समक्ष आगामी 28 दिसंबर को यूनियन द्वारा एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। मौके पर विनोद कुमार, गुरुदयाल ठाकुर, रणवीर साव, विकास कांत सिन्हा, शैलेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, शंकर सिंह, अंजन दास, अनिल राय, सुदेश्वर साव, निरंजन दास, शंकर कुमार, गुरुदयाल महतो, लालमोहन महतो, रमेश मुंडा, संतोष कुमार, मोहम्मद असलम, सायुब अंसारी, वीर बहादुर सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

हजारीबाग : आग से जले बिरहोर की इलाज के दौरान मौत

हजारीबाग। सदर अस्पताल में आग से जले बिरहोर की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक बिरहोर की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के पगार बिरहोर टोला निवासी सोना बिरहोर, उम्र 55 वर्ष के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि सोना बिरहोर एक माह पहले आग तापने के दौरान जल गया था. पैसा के अभाव में उसका इलाज घर पर ही चल रहा था. जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब परिजनों ने 11 दिसंबर को सदर अस्पताल में भर्ती कराया. इसके बाद इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई. पुलिस के आदेश पर इलाज शुरू किया गया. इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई. इस संबंध में परिजन अकली देवी ने बताया कि सदर अस्पताल में फ्री इलाज हो रहा था. चिकित्सकों ने मौत की सूचना दी तो शव ले जाने के लिए जेब में पैसे नहीं थे.

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के बीच वस्त्रों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत परबा पंचायत के विद्यालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, प्रमुख जुसाफ लुगुन, सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ पंकज कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा मुखिया बिमला देवी, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, जिला विधायक प्रतिनिधि रावले लकड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए 474, पशुधन विकास योजना के लिए 21, 15वें वित्त आयोग के तहत सामाजिक - आर्थिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 80, नया जॉब कार्ड के लिए 236, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 17, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 58, बिजली संबंधित समस्याओं के लिए 43, राशन कार्ड संशोधन के लिए 19 लोगों ने आवेदन जमा किया। वहीं कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के लिए 37 किसानों को स्वीकृति पत्र प्रदान की गई। इसी

प्रकार 90 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 6 बच्चों चेक वितरण किया गया, 35 जाति प्रमाण पत्र और 76 जन्म प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, जेएसएलपीएस के माध्यम से 350 महिलाओं को आईडी कार्ड दिया गया। 165 बुजुर्गों को कंबल, 76 लोगों का जन्म प्रमाण पत्र, 06 लोगों का मृत्यु प्रमाण पत्र, 11 सामुदायिक वन पट्टा, 22 व्यक्तिगत वन पट्टा, 28 आधार पंजीकरण, 19 लोगों को प्रवासी मजदूर निबंधन की जानकारी दी गई। 902 कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी लूंगी वितरण किया गया। 8 लगान रशीद, 71 भू अभिलेख सुधार, 26 आय प्रमाण पत्र, नया जॉब कार्ड 17, 250 नया जॉब कार्ड नवीकरण, फूलो झानो आसिरवाद योजना के लिए 4 महिलाओं को चेक दिया गया। 20 लोगों का केसीसी बनाया गया। कंबल और धोती साड़ी भी बांटा गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया बिमला देवी, पंचायत सचिव कलिंद्र सिंह, रोजगार सेवक अजय लाल मेहर, जेएसएलपीएस की कर्मी, लीड्स आलोक कुमार, पंचायत समिति सदस्य मालती देवी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, बीपीओ नरेगा संजीता कुमारी का सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि रॉवेल लकड़ा, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, अवध कुमार साहु, 20 सूत्री सदस्य प्रिंस खान, जमीर हसन, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जाडिया सचिव पंकज कुमार साहु, मण्डल अध्यक्ष अनिल डांग, अमर तोपनो उपस्थित थे।

सरकार आपके द्वार शिविर में लोगों को दिया गया योजनाओं का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के कई जगहों पर शिविर लगाये गये. सतगावां प्रखंड के मरचोई, जयनगर प्रखंड के तिलोकरी और मरकच्चो प्रखंड के पपलो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे. स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी. साथ ही

लोगों का आवेदन भी लिया. शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये.

बीडीओ ने परिसंपत्तियों का किया वितरण

वहीं शिविरों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों ने लाभुकों के बीच कंबल बांटे. साथ ही राशन/पेंशन स्वीकृति पत्र, ऋण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया. जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण बांटे गये. साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साइकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया.

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर डोमचांच प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक की गई. इसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान शामिल हुए. उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिले में सभी प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी, मंडल कमेटी के अलावा बूथ लेवल स्तर की तैयारी की जा रही है. उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों और नगर अध्यक्ष को 17 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया. वहीं, विशिष्ठ अतिथि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह वरीय कांग्रेस नेत्री लीलावती मेहता ने कहा कि प्रदेश से निर्देशित सभी कार्यक्रमों एवं सांगठनिक स्तर पर जिला कांग्रेस कमेटी बढ़-चढ़ कर कार्य कर रही है. कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेसजनों ने कमर कस ली है. मौके पर जिला आमंत्रित सदस्य सरोज मेहता, जिला उपाध्यक्ष रामलखन पासवान, सेवा दल के जिलाध्यक्ष सदानंद पांडेय, मिन्ना राम, रफीक मियां, संतोष कुमार, विनोद राम, उपेंद्र कुमार, संजय गुप्ता आदि मौजूद थे.

एक नजर

कोडरमा : 40 लाभुकों के बीच बांटे गए गैस चूल्हा-सिलेंडर

कोडरमा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रखंड की थाम पंचायत के लाभुकों के बीच मुखिया पुष्पा देवी ने गैस चूल्हा और सिलिंडर का वितरण किया. इसे लेकर यशोदा इंडेन गैस एजेंसी के समीप शिविर लगाया गया था. मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार सभी गरीब परिवारों के हक में बेहतर कार्य कर रही है. इस योजना के साथ-साथ शौचालय निर्माण, पीएम आवास योजना का लाभ भी गरीब परिवारों को दिया जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की हर एक योजना को अपने पंचायत में लाने का काम करेंगे, ताकि पंचायत का विकास हो सके. मौके पर गैस एजेंसी संचालक राहुल कुमार, पप्पू कुमार, मुनिया देवी, बसंती देवी, पूनम देवी समेत कई लाभुक मौजूद थे.

सदर अस्पताल में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड सेवा

सिमडेगा। सदर अस्पताल सिमडेगा में लंबे समय के बाद अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू हो गई है। यह सेवा सरकारी दर पर हेल्थ मैप कंपनी के द्वारा शुरू की गई है। जानकारी देते हुए हेल्थ में कंपनी के मैनेजर सोनु साह ने बताया कि पूर्व में सदस्य अस्पताल में डिजिटल एक्सरे एवं सिटी स्कैन की सुविधा बहस की जा रही थी ,लेकिन अब इसके अलावा अल्ट्रासाउंड की सेवा शुरू कर दी गई है ।उन्होंने बताया कि बीपीएल एवं राशन कार्ड धारी के लिए निशुल्क सुविधा है। मयूर ने बताया कि डॉक्टर वीरेंद्र चौधरी के द्वारा सप्ताह में चार दिन अल्ट्रासाउंड से वादी जाएगी जिसमें मंगलवार, गुरुवार , शुक्रवार और शनिवार शामिल है।

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। राज्य स्थापना दिवस के दिन केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत कुल्लुकेरा पंचायत में शिविर आयोजित की गई। बताया गया कि बुधवार को आयोजित शिविर में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवम इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के तत्वावधान मे ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, चिकित्सा पदाधिकारी, मुखिया, उपमुखिया एवम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। बीडीओ समीर रेनियर खलखो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात विकसित भारत निर्माण हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया गया, उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया गया।इस दौरान भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित पंपलेट एवम कैलेंडर का वितरण कार्यक्रम में किया गया। इस के बाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश उपस्थित सभी लोगों को दिया गया।कार्यक्रम में केसीसी के लाभार्थी मनोरंजन मांझी ने अपनी सक्सेस स्टोरी को साझा किया। वही मां लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह की श्रीमती देवी ने अपनी सक्सेस स्टोरी को साझा किया। इसके अलावा उज्ज्वला योजना की लाभार्थी,प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी ,मनरेगा के लाभार्थी महेश्वर मेहर/राहुल मेहर ने अपनी अनुभव साझा किए ।

चौक-चौराहों में अब तक नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

कड़ाके की ठंड

यात्रियों, ठेला-रिक्शा चलाने वालों और गरीबों को हो रही खासी दिक्कत

पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच रात्रि में दूर-दराज से बस पड़ाव पहुंचने वाले यात्रियों, ठेला और रिक्शा चलाने वालों के साथ गरीबों और खानाबदोशों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दूर कहीं धुआं उठता देख आग की उम्मीद में लोग वहां पहुंच जा रहे हैं। वहीं पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच गर्म कपड़े भी ठंड से पूरी तरह निजात दिलाने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। गर्म कपड़े पहनने के बाद भी ठंड भगाने के लिए लोगों को आग का सहारा लेना पड़ रहा है।

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रही ठंड के बीच चौक-चौराहों पर किसी संगठन द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने के बीच लोगों की निगाहें प्रशासन पर जा टिकी हैं। पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण रदी कागज और फलों की पेटियों का जलाकर लोग ठंड भगाने का प्रयास कर रहे हैं। पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच लोग घरों में ही दुबकने लगे हैं। सुबह-शाम ज्यादा ठंड पड़ने के कारण अति आवश्यक कार्य से ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। वृद्धों और बच्चों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिन के दोपहर में तापमान 12-14 डिग्री सेल्सियस मापा जा रहा है। सुबह का तापमान दोपहर के तापमान के आधे से भी कम आंका जा रहा है। ठंड के अधिक होने के कारण कई लोगों के प्रातः कालीन टहलने का समय पर असर पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है। हालात हैं कि शाम ढलते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है।

केंद्रीय कर्मचारियों की तरह सुविधाओं की मांग

ग्रामीण डाक सेवक संघ ने अंग्रेजों के कानून में बदलाव की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई ।इस मौके पर सिमडेगा डाकघर के पास डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों के द्वारा प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई ।जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष मुरारी केसरी ने बताया कि करीब देश में डेढ़ लाख डाकघरों में कामकाज बंद है ।इसके अलावा ढाई लाख से अधिक कर्मचारी बहिष्कार कर हड़ताल पर उन्होंने बताया कि हमारे लंबे समय से मांग है। कमलेश चंद्र रिपोर्ट सरकार लागू करें। 8 घंटे का काम पेंशन की लाभ दे एवं अंग्रेजी शासन काल में लागू किए गए नियमों को हटाते हुए ग्रामीण डाक सेवकों के परिवार वालों को चिकित्सा सुविधा मिले आदि चीज को लेकर मांग के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो लगातार हड़ताल जारी रहेगी उन्होंने कहा कि कमलेश चंद्र रिपोर्ट जो सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी की सिफारिश है इस मांग को लेकर 2016 से अभी तक नहीं दिया गया है इसलिए इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए।मौके पर अजय वर्मा, गणपति बड़ाईक,जॉन हैरेंज, मनोज प्रसाद शैलेश प्रसाद ,आशा कुमारी, सपना कुमारी ,आरती किंडो ,नेहा टोप्पो, विजय महतो ,दीपक केसरी इसके अलावा सिमडेगा डाकघर के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा एवं

मनरेगा में घोटाला : बिना काम के गटक ली सूकर शेड की राशि

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। कुरडेग पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण जन सुनवाई आयोजित की गई । जन सुनवाई में ग्राम सभा अध्यक्ष मो ह्यूम ,विद्याधर प्रधान, वार्ड मेम्बर मनीषा देवी और तौफीक आलम को ज्यूरी मेम्बर बनाया गया।कुरडेग ग्राम पंचायत में चल रहे योजनाओं की जांच सामाजिक अंकेक्षण की टीम द्वारा घूम घूम कर बनाए गए फाइल को ज्यूरी मेम्बर के पास पेश किया गया। जिसमें कई योजनाओं में भारी अनियमित बरती गई थी।कई फाइल में कागजात की कमी पाई गई जिसमें ज्यूरी मेम्बर के द्वारा 35 फाइल पूर्ण नही होने पर 70 रुपया और 17 अपूर्ण पर 34 रुपया और 12 फाइल

में फोटो नही रहने पर 120 रुपया का जुर्माना लगाया गया। वहीं आनंद धनवार का सुकर शेड निर्माण योजना में सामाजिक अंकेक्षण दल ने बताया की योजना धरातल में है ही नही, इस पर ज्यूरी मेम्बर ने उक्त योजना को प्रखण्ड स्तरीय जन सुनवाई में भेजने का फैसला लिया। दलालों के द्वारा सभा मे दूसरे व्यक्ति को आनंद धनवार बना कर पेश किया गया था। पर उक्त व्यक्ति की पहचान हो गई वो दूसरे गांव का था मामला को सलटाने का कार्य किया जा रहा था। जिसका ज्यूरी मेम्बर ने कड़ा विरोध किया और जो योजना का पैसा अलीगल रूप से निकाला गया है। उस पर कारवाई की जाएं मनरेगा को लूट का केन्द्र बना दिया है।

प्रतियोगिता स्व. पत्रकार हारून रशीद स्मृति नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

खेल से खिलाड़ियों की निखरती है प्रतिभा : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। आजाद हिंद क्लब कमेटी के तत्वावधान में स्वर्गीय पत्रकार हारून रशीद स्मृति 2023 नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर विधायक ने बोलिंग और बैटिंग भी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच केरसई बनाम गरीब नवाज के बीच खेला गया। जिसमे केरसई की टीम जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि जिले में खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के युवा खिलाड़ी हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स खेल में तो अपनी दमदार प्रदर्शन से अपनी धाकड़ छाप छोड़ चुके हैं। हाल ही में बॉक्सिंग में भी हमारी जिले की बेटी

ने शानदार प्रदर्शन कर दिखा दिया है कि सिमडेगा जिले के खिलाड़ी हर खेल में देश को मेडल दिला सकते हैं। अब क्रिकेट खिलाड़ियों की बारी है। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन होता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं जब हमारे जिले के खिलाड़ी भी देश के लिये क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे। उसमे ऐसे प्रतियोगिता अहम भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्हें एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिलता है। मौके पर कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, नगर विधायक प्रतिनिधि मो शकील अहमद, मो गयासुद्दीन, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, इम्तियाज हुसैन, मो जावेद, अरमान खान,जमीर हसन, जमीर अहमद, हाजी जावेद, वाहिद, प्रिंस आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष मो हारिश, मो अफजल, मो वसी अकरम, मो साद, रिशु, दानिश, मो बासित,मो इरशाद, मो इम्तियाज, मो शरीफ, विशाल महतो, मन्नवर हुसैन, मो जियाउल हक आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव

सिमडेगा। केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव बुधवार को छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके आवास में मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी।इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आपका मुख्यमंत्री बनना झारखंड और सिमडेगा के लिए भी लाभकारी होगा।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गर्मजोशी से सुशील श्रीवास्तव से मिलते हुए पुराने दिनों को याद करते हुए कहा सिमडेगा एवं कुरडेग क्षेत्र में कई बार प्रचार के दौरान वहां के कार्यकताओं का प्यार और सम्मान मिला जल्द ही में सिमडेगा और कुरडेग भी आऊंगा।

संचालित योजनाओं का निरीक्षण

कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के ऐडेगा अंतर्गत लचरागढ़ और पोगलोया में डीआरडीए निदेशक रवि किशोर राम के द्वारा रूर्बन मिशन द्वारा संचालित योजनाओं निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान इंडोर स्टेडियम,जिम सेंटर लचरागढ़,राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लचरागढ़ में बन रहे स्मार्ट क्लासेस,रागी सेंटर पोगलाया,क्ले माटी कला,बंबू क्राफ्ट का भ्रमण कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने की बात कही। पोगलोया में बने माटीकला में डिजाइनर दीया, कुल्हड़,तवा,खपड़ा, भगवान की मूर्तियां इत्यादि बनाने सेसम्बंधित प्रतिक्षण दिया जा रहा है ।स्थानीय लोगों की भागीदारी से भविष्य में पोगलोया सेंटर एक बड़े आजीविका का साधन बनेगा। निरीक्षण में रुर्बन मिशन डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर उमाशंकर कुमार जिला,एनआरईपी. के जेई प्रभाकर चंद्र और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

गर्भवती महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार

55 मोबाइल-एक मोबाइल सप्लायर भी हत्थे चढ़ा

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह । साइबर अपराधी के हर ठिकानों पर पुलिस की लगातार छापेमारी कर रही है. इसी क्रम में जंगल में बैठकर साइबर अपराध की घटना को अंजाम देने वाले ठगी गिरोह को छापेमारी कर पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा अपराधी को पकड़ा है. यह गिरोह गर्भवती महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा था. पुलिस ने 55 मोबाइल बरामद और एक मोबाइल सप्लायर को पकड़ा है. झारखंड पुलिस को यह सफलता प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से मिला है. प्रतिबिंब पोर्टल के सहारे ही पिछले कई दिनों में तीन दर्जन से अधिक अपराधी गिरफ्तार हो चुके है. बुधवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने जानकारी दी. उन्होंने कहा कि साइबर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस की टीम ने 9 अपराधियों को दबोचा. वही इन अपराधियों के पास से पुलिस ने 55 मोबाइल फोन के साथ 36 सिम कार्ड, 1 एटीएम, 2 पासबुक, तीन आई पैड, एक लैपटॉप, 3 पावरबैंक और चार बाइक भी बरामद करने में सफलता पाया. गिरफ्तार अपराधियों में भेलवाघाटी थाना इलाके के तिलकडीह गांव निवासी मनीष मंडल, बेंगाबाद थाना इलाके के विकास मंडल, सागर तूरी, गांडेय के आहरडीह निवासी मुश्ताक अंसारी, बेंगाबाद के गोपालपुर निवासी सागिर अंसारी, आहरडीह निवासी बेंगाबाद के लखनपुर निवासी एजाज अंसारी, एनामुल हक, सयूम अंसारी और देवघर के बुढ़ई थाना इलाके के कुम्हरगरिया गांव निवासी अजरूद्दीन अंसारी शामिल है. इधर प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार शर्मा, डीएसपी संदीप सुमन और एसडीपीओ अनिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की गिरफ्तार अजरूद्दीन अंसारी मोबाइल आपूर्तिकर्ता भी था. और इसी के पास से छापेमारी के क्रम में 26 मोबाइल फोन बरामद किए गए है. जिसमे छह आई फोन भी शामिल है. एसपी और डीएसपी संदीप सुमन ने कहा की गिरफ्तार अपराधी पोषण ट्रेकर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को योजना दिलाने के नाम पर ठगी करते थे, तो गूगल पर ही फर्जी करियर सर्विस का ऐड बनाकर भी साइबर ठगी किया करते थे.

रामगढ़ जिले में आलू की फसल में फंगस का प्रकोप

किसान चिंतित

आलू को बचाने के लिए किया जा रहा दवा का छिड़काव

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिला में आलू की खेती किसान व्यापक पैमाने पर करते हैं और जिले में आलू की काफी पैदावार होती है। परंतु , पिछले दिनो हुई बारिश और उसके बाद पड़े कोहरे की वजह से आलू की फसल पर प्रभाव पड़ने लगा है। जिससे किसान चिंतित हैं और वे आलू के बचाव के लिए लगातार दवा का छिड़काव कर रहे हैं। वहीं, आलू में फैले फंगस के प्रकोप से बचाव के संबंध में जामताड़ा के जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने बताया की यदि आलू में फंगस का प्रकोप फैल गया है तो किसान सावधानी बरतें और आलू में समय पर दवा का छिड़काव करें। उन्होंने बताया की किसान आलू में फंगस का प्रकोप रोकने के लिए रेडोमलेंजेड दवा का छिड़काव कर सकते हैं। साथ ही किसान क्रिडोमील का भी प्रयोग फंगस के प्रकोप को रोकने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावे डायथेन एम 45 के प्रयोग से भी आलू में फंगस के प्रभाव को रोका जा सकता है। श्री कुमार ने बताया की जो किसान आलू लगाने जा रहे हैं वे आनेवाले समय में आलू में फंगस के प्रकोप को रोकने के लिए ट्रायकोड्रमा पाउडर में गोबर की खाद को मिलाकर उसे उपचारित कर लें। इससे आलू में फंगस के प्रकोप को रोक सकते हैं।

बीएसएस महिला महाविद्यालय में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इरर महिला महाविद्यालय में छात्रों के बीच कार्यशाला आयोजित की गई. इस कार्यक्रम में तंबाकू नियंत्रण विभाग की ओर से विशेष परिचर्चा कर तंबाकू से होने वाले घातक बीमारियों की जानकारी छात्रों के प्रति साझा किया. तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के शुभंकर ने बताया कि यह एक सोशल वर्किंग के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों में या कार्यक्रम कार्यशाला आयोजित की जाती है. जिसमें महिला छात्रों के द्वारा तंबाकू के प्रति विशेष जागरूक करने का उद्देश्य से जानकारियां दी जा रही है, ताकि वह अपने जिम्मेदारी के प्रति अपने परिजन या परिवार या मित्र को तंबाकू के प्रति उनके घातक बीमारियों को समझाएंगे, क्योंकि महिलाओं के प्रति एक बड़ी जिम्मेवारी होती है. घर के साथ-साथ बाहर के भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है. महिला महाविद्यालय में छात्रों को बीच तंबाकू निषेध के प्रति कई अहम जानकारी एवं वीडियो प्रस्तुत कर तंबाकू से होने वाले जानलेवा बीमारी की साझा की गई है.

एक नजर

सड़क हादसे में हाइवा के खलासी की मौत चालक गंभीर

धनबाद। निरसा थाना क्षेत्र के देबियान के निकट राष्ट्रीय उच्चपथ-19 पर बुधवार को तड़के करीब तीन बजे एक ट्रक व हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतना जोरदार थी कि हाइवा के परखच्चे उड़ गए. हाइवा के खलासी सोहेल शेख की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चालक शूकर अंसारी गंभीर रूप से घायल है. घायल चालक को धनबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, छाई लोड ट्रक बोकारो से दुगार्पुर की ओर जा रहा था. कुछ समय के लिए देबियाना गेट पर रुका, तभी पीछे से कोयला लोड हाइवा ने टक्कर मार दी. हाइवा का मालिक देबियाना का बताया गया है. घटना की सूचना मिलते ही निरसा पुलिस का गश्तीदल घटनास्थल पर पहुंचा और घायल चालक को इलाज के धनबाद पहुंचाया. वहीं, खलासी के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच,धनबाद भेज दिया.

सीसीएल के सुरक्षा गार्डों ने तीन टन कोयला जब्त किया

बोकारो। सीसीएल कथारा क्षेत्र के सुरक्षा गार्डों ने सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में जरांगडीह कोलियरी और कथारा वाशरी में औचक छापेमारी की और तीन टन कोयला जब्त किया. क्षेत्रीय और जरंगडीह गस्ती दल ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर चार बाइक और तीन साइकिल जब्त कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया. वहीं जब्त कोयला को जरंगडीह कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया है. छापेमारी में सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन, जवान देवांसु कुमार, राजेंद्र उरांव, राज कुमार, संजय कुमार दास, सशस्त्र गृह रक्षक और झारखंड गृह रक्षक के अन्य जवान भी मौजूद रहे. इसके अलावा जरंगडीह कोलियरी के सुरक्षा प्रभारी उमेश प्रसाद और अन्य जवान भी शामिल थे.

अटल जी की 99वीं जयंती को समर्पित रक्तदान शिविर 25 को

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, भारत रत्न और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में इस वर्ष भी विराट रक्तदान शिविर का आयोजन होगा. भाजपा महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग इसे सफल बनाने में जुटे हैं. 25 दिसंबर को गोलमुरी केबुल वेलफेयर क्लब में एकदिवसीय महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा. बुधवार को गोलमुरी स्थित आवासीय कार्यालय से भाजपा नेता ने रक्तदान शिविर के संदर्भ में पोस्टर का विमोचन किया. उक्त पोस्टर और पम्पलेट के साथ दिनेश कुमार एवं आयोजन समिति से जुड़े सदस्य डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को रक्तदान शिविर में आमंत्रित करेंगे. भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया कि यह शिविर श्रद्धेय अटल जी के 99वें जयंती को समर्पित है. वर्ष 2003 से लगातार प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को अटल जी के सम्मान में रक्तदान शिविर आयोजित की जाती रही है. इस वर्ष 700 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यापक जनसंपर्क के मार्फत लोगों से जुड़ने की कार्योजना तैयार की जा रही है. साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे है और कॉल सेंटर के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों को दूरभाष पर भी सूचना प्रदान की जा रही है. शिविर के निमित सभी को आमंत्रित किया जा रहा है, शहर के युवा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी निमंत्रित किया जा रहा है. पोस्टर विमोचन के दौरान दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा आदि मौजूद थे.

जमशेदपुर : छह माह के भीतर बनेगा जुगसलाई फुट ओवरब्रिज

बर्मामाइंस में भी रेलवे बनाएगी नया पुल

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चक्रधपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर से भेंट की. इस मौके पर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस एवं जम्मू तवी एक्सप्रेस को रोज चलाने की मांग पर सकारात्मक बात हुई. प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर से जुड़ी विभिन्न जन समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा. इस दौरान जुगसलाई नए ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया. इस मौके पर सरदार शैलेंद्र सिंह ने जुगसलाई फाटक पर लोगों के पैदल आने जाने के लिए नया फुट ओवर ब्रिज बनाने, बर्मामाइंस ओवरब्रिज हमेशा जाम रहने के कारण समानांतर एक और ओवरब्रिज बनाने का अनुरोध किया. साथ ही बर्मामाइंस ओवर ब्रिज की सड़क जर्जर होने पर रेलवे द्वारा बनाए जाने और टाटा पिगमेंट गेट के नजदीक अंडरब्रिज से लेकर प्रदीप मिश्रा चौक तक डबल सड़क बनाने से संबंधित वार्ता की गई. डीआरएम अरुण जे राठौर ने आश्वासन दिया कि जुगसलाई फाटक ओवर ब्रिज पर लोगों के पैदल आने जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज छह माह के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा. ब्रिज बनाने की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं एवं संबंधित ठेकेदार को पुल बनाने का टेंडर भी दे दिया गया है. उन्होंने बर्मामाइंस ओवर ब्रिज के समानांतर एक और पुल बनाए जाने की मांग पर अपनी सहमति जताई. कहा कि जल्द ही इसका प्रस्ताव बनाकर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा.

बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

धनबाद। धनबाद सदर थाना क्षेत्र के तेलीपाड़ा हनुमान मंदिर के पीछे बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए की संपति की चोरी कर ली. भुक्तभोगी सिंधु चंद्र दा ने बताया कि दो दिन पहले उनके पिता का निधन हो गया था. वह पिता का श्राद्ध करने परिवार के साथ अपने गांव मैरनवाटांड़ चले गए थे. तभी बुधवार की सुबह उनके पड़ोसी ने फोन कर कहा कि घर का ताला टूटा हुआ है. इसके बाद सिंधु चंद्र दा आनन-फानन में धनबाद पहुंचे, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है. अंदर गए तो देखा कि ऊपर के कमरे में दो बक्सा और दो गोदरेज अलमीरा का ताला तोड़कर चोर उसमें रखा 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, कांसा के बर्तन समेत अन्य कीमती सामान ले गए हैं. उन्होंने की सूचना सदर थाना पुलिस को दी.

बाल विवाह रोकथाम के लिए दिलाई गई शपथ

गिरिडीह। गावां प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरुआ में बुधवार को उमंग फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों को शपथ दिलाई गई. यह कार्यक्रम उत्क्रमित उवि सेरुआ के प्राधानाचार्य सीताराम पांडेय की अध्यक्षता में हुई. सीताराम पांडेय ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करें, तभी यह रूकेगा. इस दौरान उन्होंने कहा कि कम उम्र की शादी एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है. हम लोग आज शपथ लेकर इसकी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे.

गिरिडीह : पतंग उड़ाते समय कुएं में गिरकर 11 साल के बच्चे की मौत

गिरिडीह। धनवार थाना क्षेत्र के बरजो मोड़ के समीप बुधवार की शाम कुएं में गिरकर 11 वर्षीय नयन कुमार की मौत हो गई. वह मिकी बर्णवाल का पुत्र था. बताया गया कि नयन कुमार घर के पास ही पतंग उड़ा रहा था. इसी दौरान घर के आगे कुएं के पास चला गया और कुएं में गिर पड़ा. वहां बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. बच्चे को कुएं से निकाल कर बरजो स्थित गायत्री नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही धनवार थाना प्रभारी पिंकू प्रसाद दल-बल के साथ गायत्री नर्सिंग होम पहुंचे ओर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गए.

चाईबासा के टेकराहातु पंचायत में लगा शिविर

चाईबासा। सदर प्रखंड के सालीहातु गांव में टेकराहातु पंचायत का ह्वआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें अबुआ आवास, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, श्रम कार्ड, जन्म, जाति, आवासीय, आय, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि का आवेदन पंचायत वासियों से लिया गया. मौके पर कल्याण विभाग की ओर से बीडीओ अमिताभ भगत, सीओ बुड़ाए सारु एवं सांसद प्रतिनिधि दिकू सावैयां के हाथों पंचायत के उमवि. नीमडीह और उमवि मुंडुएदेल के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को साइकिल क्रय हेतु प्रति छात्र चार हजार पांच सौ रुपये एवं जेएसएलपीएस के महिला समूहों 42 लाख रुपए का लोन का चेक दिया गया.

जमशेदपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जमशेदपुर। चुनाव आयोग के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है. इसके मद्देनजर बुधवार को जिला के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया. बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. इसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रंजनीकान्त मिश्रा, जमशेदपुर बीडीओ सच्चिदानन्द महतो, धालभूमगढ़ बीडीओ बबली कुमारी, डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता के साथ सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद थे. सभी ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया.

युवा महोत्सव 'झूमर' में शामिल होने के लिए विभावि की टीम रवाना

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। आदर्श कॉलेज राजधनवार, गिरिडीह में 14 से 16 दिसंबर तक 27वां अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव झूमर -2023 का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 20 महाविद्यालयों के प्रतिभागी भाग लेंगे. इस महोत्सव में थियेटर में एकांकी(वन एक्ट प्ले), प्रहसन(स्किट), मुखाभिनय (माइम) मिमिक्री, संगीत में समूह गान, एकल गान, शास्त्रीय संगीत, भारतीय और पाश्चात्य गजल, फाइन आर्ट रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, फोटोग्राफी, पेंटिंग, लिटरेरी में भाषण, वाद-विवाद, क्विज के साथ-साथ नृत्य विधा में लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का होगा. पीजी विभावि से लगभग 48 प्रतिभागी इस महोत्सव के हर विधा में अपनी सहभागिता करेंगे. टीम के दलनायक डॉ. सरिता सिंह और किट बॉय सोनू कुमार हैं. विश्वविद्यालय के वित्त परामर्शी सुशील कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रभारी डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ मुख्तार आलम आदि मौजूद थे।

गिरिडीह : बेंगाबाद के प्रवासी मजदूर की मेरठ में मौत

गिरिडीह। बेंगाबाद के प्रवासी मजदूर रामू सिंह की मेरठ में हो गई. वह बेंगाबाद प्रखंड की गोलगो पंचायत के बूढ़ीकुरा गांव का रहने वाला था. वह बीते 10 वर्षों से मेरठ में रहकर मजदूरी करता था. उसका शव मंगलवार की देर रात गांव लाया गया. शव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. बुधवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया. बताया गया कि 40 वर्षीय मृतक रामू सिंह की तीन दिन पहले मेरठ में तबीयत खराब हो गई. पत्नी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सूचना पाकर मृतक के भाई बेंगाबाद से मेरठ पहुंचे और शव को गांव लाया गया. रामू सिंह अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था. वह अपने पीछे पत्नी और एक पुत्र को छोड़ गया है.

मजलिस ए उलेमा झारखंड का इजलास आज, तैयारी पूरी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मजलिस ए उलेमा झारखंड के तत्वाधान में एक दिवसीय मजलिस का आयोजन मदरसा इस्लामिया सुरसा मुड़मा मिसाल में 14 नवंबर को होना है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज उस तैयारी का निरीक्षण करने हेतु मजलिस उलेमा ए झारखंड की टीम मुडमा के मदरसा इस्लामिया महमुदिया ग्राउंड पहुंची। वहां चल रहे तैयारी को देखा और जाना। मजलिस के अध्यक्ष मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी, उपाध्यक्ष मौलाना शरीफ अहसन मजहरी, मौलाना जियाउलहोदा, मौलाना अब्दुल जलील, मौलाना जियाउर रहमान, मुफ्ती अबू ओबैदा आदि ने संयुक्त रूप से कहा की यह इजलास एक तारीखी इजलास होगी। इस इजलास में झारखंड के कोने कोने से उलेमा, हुफ्फाज, मदरसा के फरीगीन शामिल हो रहे हैं। इस पंडाल में एक साथ 4 से 5 हजार उलेमा की बैठने का व्यवस्था किया गया है। वहां उपस्थित उलेमा ने कहा भव्य रूप से तैयारी की गई है। आने वाले उलेमा, हुफ्फाज, को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम के पूर्व संध्या हजरत मौलाना उमर आबिदीन, हजरत मौलाना इम्तियाज साहब को रांची एयरपोर्ट पर जबर्दस्त स्वागत किया गया। तैयारी का जायजा लेने और मेहमानों का स्वागत करने वालो में मौलाना साबिर मोहनपुरी, मुफ्ती तलहा नदवी, मौलाना जियाउल होदा इस्लाही, मौलाना नसीम अनवर नदवी, मौलाना शाकिर इस्लाही, मौलाना नुरुल्लाह नदवी, मौलाना अब्दुल हकीम नदवी, कारी मो शोहेब, मौलाना अब्दुल जलील नदवी आदि लोग थे।

छात्राएं पुरस्कृत

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन

छात्रों की गूंजी आवाज-टेंशन गो, हैप्पी कम

खुशी-सकारात्मकता आपको योद्धा बनाती है, हर जंग जीत जाते हैं आप : चौहान

नवीन मेल संवाददाता

गोमिया। बुधवार को गोमिया के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। मौके पर प्रतिभावान छात्राओं को मुकेश सिंह चौहान के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय की वार्डन प्रिया कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि मुश्किल और झंझावत का मुकाबला आप कभी भी तनाव में रहकर नहीं कर सकते। तनाव मुश्किलों को और बढ़ा देती है। खुशी-सकारात्मकता में इतनी ताकत है कि यह आपको हर झंझावतों से उबार कर मंजिल तक पहुंचा देगी। चौहान ने सकारात्मकता को स्थापित करती एक कहानी भी सुनाई-- दुखों से घिरा एक निराश युवक नदी के पुल पर बैठा था। पुल के नीचे से स्वच्छ और चमकीले पानी को सतह तक निहार रहा था। देखता है, एक लकड़ी का पटरा, बहुत सारे बुरादे के साथ बहता आ रहा है। स्वच्छ पानी गंदा हो गया। लेकिन थोड़ी देर में पानी पटरा और बुरादे को बहा ले गया। पानी फिर पारदर्शी सा दिखने लगा। कुछ ही देर में ढेर सारे पत्ते बहते आ गए। पानी फिर गंदा हुआ। लेकिन फिर से पानी पत्तो को बहा ले गया और पानी पूर्व के भांति पारदर्शी हो गया। यह देखते- देखते युवक में ऊर्जा का संचार हुआ। खुद में सोचा- समय भी तो इसी बहते पानी की तरह है। इसमें सुख-दुख, अवसाद आदि गंदगी की तरह आ जाते हैं। समय तो इसे भी बहा ले जाएगा। फिर जिंदगी में आने वाले सुख-दुख से घबराना या इतराना कैसा ? समय तो इन्हें भी बहा ही ले जाएगा। बस कर्मभूमि में मजबूती से खड़ा रह सकारात्मकता की पतवार पकड़े जिंदादिली से जिंदगी जीनी है। क्यों..। अंत में लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए आयुष्मान भारत की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला।

टोंटो प्रखंड में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के बीच सीआरपीएफ ने बांटी सामग्री

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। 174 बटालियन सीआरपीएफ कमांडेंट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पश्चिम सिंहभूम जिला के अति नक्सल प्रभावित टोंटो प्रखंड के ह्लगॉव पालीसाई, टोन्टो, बन्दाबेडा, लिसीमोती, टोपाबेडा, कुदमसदा, टेनसेरा में बुधवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिवर का आयोजन किया गया.जिसमें 174 वाहिंनीं के समवाय अधिकारी कमलेश कुमार साहू (सहायक कमांडेंट) व अन्य सहायक कर्मी उपस्थित थे. वहीं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सीआरपीएफ के द्वारा स्कूली बच्चों समेत जरुरतमंद लोगों के बीच सोलर लैम्प, मच्छरदानी, पानी टंकी, टिन शीट, कम्बल, स्कूल बैग, नोटबुक, ज्योमेट्री बाक्स, फुटबाल, जर्सी, वॉलीवाल एवं खेल-कुद संबंधित जनपयोगी सामग्री आदि का वितरण किया गया.इस कार्यक्रम में गांव के लोग, शिक्षक एवं स्कुली बच्चें उपस्थित थे. बटालियन ई/174 सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट कमलेश कुमार साहू ने कहा कि सीआरपीएफ जन-जन तक सुविधा व सेवा पहुंचाने के लिए संकल्पवध हैं तथा 174 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हमेशा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत इस प्रकार के शिविर लगातार लगा रही है एवं समय समय पर लगाते रहेगी. उन्होंने विशेषकर भटके हुए युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ने एवं देश के विकास में अपना योगदान देने को कहा.एवं ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या हो,सीआरपीएफ के जवानों से अपनी समस्या साझा करें. आप सबों की सेवा में सीआरपीएफ के जवान सदैव तत्पर हैं.

मेहनत एक ऐसा वरदान है जो मुकद्दर को भी बदल सकता है : अज्ञात

भाजपा की वीआरएस नीति

मोदी-शाह की जोड़ी ने अटल-आडवाणी युग की उपज तीन बड़े नेताओं- शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह और वसुंधरा राजे को ऐसे मोड़ पर घर बैठा दिया है जब इन के राज्यों में भाजपा ने शानदार चुनावी जीत हासिल की नये मुख्यमंत्रियों के नाम सुन कर खुद वे भी चौंक गये थे जिन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है। वसुंधरा-रमन और शिवराज का मुख्यमंत्री के रूप में कॅरियर समाप्त होना बड़ी राजनीतिक घटना है। सवाल यह है कि वसुंधरा-रमन-शिवराज जिन्हें आजकल वीआरएस कह कर संबोधित किया जा रहा है, उन्हें राज्य में सत्ता के शीर्ष पद से वीआरएस क्यों दिया गया? चर्चा यह भी है कि क्या राज्यों के बाद अब केंद्र के नेताओं को भी वीआरएस दिया जाएगा और जिस तरह हाल के विधानसभा चुनावों में कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया गया क्या उसी तरह विधायकों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है? शिवराज, वसुंधरा और रमन सिंह के राजनीतिक भविष्य की करें तो डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बना कर उन्हें राज्य की राजनीति में ऐसी भूमिका दी गयी है जिसमें उन्हें सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रखते हुए सदन के प्रति अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निवर्हन भर करना है। शिवराज और वसुंधरा दोनों बड़े जनाधार वाले नेता हैं और इनको ज्यादा समय तक खाली नहीं बैठाये रखा जा सकता। वसुंधरा राजे फिलहाल भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। केंद्र में 2014 में मोदी सरकार बनने पर उन्हें केंद्रीय राजनीति में आने का न्यौता दिया गया था जिसे उन्होंने उस समय अस्वीकार कर दिया था लेकिन माना जा रहा है कि अब कोई अन्य विकल्प नहीं होने के चलते वह लोकसभा या राज्यसभा के माध्यम से केंद्र की राजनीति में आ सकती हैं। हालांकि यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधानसभा चुनावों के दौरान वसुंधरा राजे ने एक बार यह भी कहा था कि मुझे अब लगता है कि मैं रिटायरमेंट ले सकती हूं। पर राजनीति का नशा ऐसा है कि वह कम से कम जनाधार वाले नेताओं को भी रिटायरमेंट नहीं लेने देती।

केंद्र में 2014 में मोदी सरकार बनने पर उन्हें केंद्रीय राजनीति में आने का न्यौता दिया गया था जिसे उन्होंने उस समय अस्वीकार कर दिया था लेकिन माना जा रहा है कि अब कोई अन्य विकल्प नहीं होने के चलते वह लोकसभा या राज्यसभा के माध्यम से केंद्र की राजनीति में आ सकती हैं। हालांकि यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधानसभा चुनावों के दौरान वसुंधरा राजे ने एक बार यह भी कहा था कि मुझे अब लगता है कि मैं रिटायरमेंट ले सकती हूं। पर राजनीति का नशा ऐसा है कि वह कम से कम जनाधार वाले नेताओं को भी रिटायरमेंट नहीं लेने देती।

शिवराज सिंह चौहान के साथ अच्छी बात यह है कि उन्होंने आसानी से नई पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर दी लेकिन उनके कुछ बयान ऐसे थे जो केंद्रीय नेतृत्व को अखरे भी । संभव है कि उन्हें तत्काल पार्टी में कोई भूमिका नहीं मिले कुछ सूत्रों के अनुसार उन्हें दिल्ली भेजा जायेगा। शिवराज सिंह चौहान के लिए बड़ी भूमिका तय भी कर ली गयी है क्योंकि वह 18 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, तीन बार लोकसभा के सदस्य रहे, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव रहे और पार्टी संगठन चुनावों से लेकर अनेक भूमिकाओं को भी उन्होंने जिम्मेदारीपूर्वक निभाया है, इसलिए संभव है कि शिवराज सिंह चौहान को अगला भाजपा अध्यक्ष बनाया जाये। वैसे अब भाजपा में एक ही चर्चा है कि अब किस नेता को वीआरएस मिलने जा रहा है? लोकसभा चुनाव नजदीक हैं ऐसे में माना जा रहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी आगामी दिनों में कई और फैसलों से सबको चौंका सकती है।

इन दिनों

जरूरी है ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुकता

योगेश कु. गोयल

ऊर्जा मंत्रालय से संबद्ध ऊर्जा दक्षता ब्यूरो हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन करता है। ब्यूरो ने वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है। दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग जायेगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्व भर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरुकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरुकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाय तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाय। आई.एस.आई. चिह्नित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाये जाएं तो प्रचंड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरुकता अभियान है। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरुकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है।

आप की बात

मजबूरी में पलायन गांव हो गये खाली

छठ त्यौहार खत्म होते ही गाँव के वैसे सभी पुरुष जो लोग किसी तरह के मजदूरी करने में सक्षम हैं सभी लोग वगैर किसी सरकारी प्रक्रिया के पड़ोसी राज्य बिहार, यूपी के ईंट भट्ठों से लेकर चेन्नई और बैंगलोर को पलायन कर गए हैं। जिसमें कई ऐसे भी हैं जो पूरे परिवार सहित पलायन कर गए हैं। उनमें से रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ गाँव के विजय कोरवा और उमेश कोरवा का परिवार भी शामिल है। पलायन करने वालों में 4 स्कूली बच्चे भी शामिल हैं जिनमें से 2 बच्चियां शामिल हैं। दोनों प्रखंडों के 50 से अधिक परिवारों के साथ बातचीत से साफ पता चलता है कि वर्त्तमान में और इस वर्ष एक भी आदिम जनजाति के परिवारों को मनरेगा में काम नहीं मिला है। इन दोनों प्रखंडों में आदिम जनजातियों के लिए आज मनरेगा हाथी का दांत साबित हो रहा है और जिला प्रशासन इनकी बदहालियों से पूरी तरह बेखबर है। महिलाओं ने दैनिक खाद्य जरूरतों के इंतजामात के बारे बताया कि दशहरा के पहले का दुकानों में बहुत उधार हो गया है। फिर चकवड के बीज का सीजन आया तो करीब 15 दिनों तक गाँव रह रही महिलाएँ अपने परिवार के खाने की चीजें इंतजाम करने हेतु आस - पास और जंगलों से चकवड का बीज इक्कठा कर उसे स्थानीय महाजनों को बेचती थीं। एक दिन में 2 से तीन किलो बीज संग्रहित कर पाते थे, जिसके लिए 20 रुपए किलो बेचकर 36 प्रति रुपए किलो चावल खरीद खा रहे हैं। चकवड बीज का सीजन अब खत्म हो गया है। अब हमलोग तुलसी बीज संग्रहित कर बेचना शुरू ही किये थे। **- जेम्स हेरेंज, सदस्य, भोजन का अधिकार अभियान, झारखण्ड**

प्रकृति

बेवजह पीटा जाना निर्दोष मुस्लिम महिला का

आर.के.सिन्हा

अभी कुछ दिन पहले की एक खबर ने लोकतांत्रिक मूल्यों में यकीन रखने वाले हरेक इंसान को उदास कर दिया होगा। खबर संभवतः आपने भी पढ़ी होगी। अगर किसी कारण वश नहीं पढ़ी तो बताना जरूरी है कि मध्य प्रदेश के जिला सीहोर में एक मुस्लिम महिला को उसके ससुराल वालों ने इसलिए बुरी तरह पीटा, क्योंकि, उसने भाजपा को हालिया विधानसभा चुनाव में वोट दिया था। उस महिला को पीटने वालों में उसका अपना देवर भी शामिल था। उसे जब पता चला कि उसके भाई की पत्नी ने भाजपा के हक में वोट किया है तो उसने अपनी भाभी को बुरी तरह से डंडों से मारा। उसका कुछ संबंधियों और पड़ोसियों ने भी साथ दिया। इसके बाद पीड़ित महिला न्याय के लिए कलेक्ट्रेट पहुंची और वहां आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। अब जरा बताइये कि भाजपा के खिलाफ इतनी नफरत कुछ लोगों के मन में क्यों है? देश का कोई भी नागरिक किसी भी दल के उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र है। ये अधिकार देश का संविधान सभी को देता है। तब किसी को भी इस बात के लिए तकलीफ क्यों हो रही है कि उसके परिवार में किसने फलां-फला दल के पक्ष में मतदान क्यों किया। दरअसल भाजपा सरकार से कुछ कठमुल्लों को इसलिए नाराजगी है क्योंकि उसने (भाजपा) ने मुसलमानों में ट्रिपल तलाक और हलाला जैसे अमानवीय परम्परा को खत्म करने के लिए बड़े कदम उठाये। इन कठमुल्लों की घोर महिला विरोधी सोच को जहां से भी ललकारा जाता है, तो ये पागलपन पर उतरने लगते हैं, बेवजह हिंसक हो उठते हैं। मुझे याद आ रहा है जब कुछ समय पहले मुंबई में उन मुस्लिम महिलाओं के साथ भी इसी तरह मारपीट और धक्कामुक्की की गई जो ट्रिपल तलाक के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चला रही थीं। उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं कुछ सड़क छाप मुस्लिम नेताओं और उनके चेलों द्वारा। इन लफंगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाने वाली महिलाओं पर इस्लाम विरोधी होने तक का आरोप भी लगा दिया था।

देश का कोई भी नागरिक किसी भी दल के उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र है। ये अधिकार देश का संविधान सभी को देता है। तब किसी को भी इस बात के लिए तकलीफ क्यों?

बोधि वृक्ष

ऋषि मार्कण्डेय की कथा

विभिन्न आभूषणों से युक्त और संपूर्ण श्रृंगार किये हुए, अप्सरा उर्वशी ऋषि मार्कण्डेय के सामने नृत्य करने लगी। उसने अपनी सिद्धियों से आसपास के वातावरण को बसंत के मौसम के समान बना दिया। लेकिन मार्कण्डेय ऋषि ने फिर भी उस अप्सरा पर कोई ध्यान नहीं दिया। उर्वशी जब सभी क्रियाएं करके थक गई और उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा तो अंत में उसने अपनी कमर का फीता खोलकर नग्न हो गई। तब ऋषि मार्कण्डेय ने कहा 'हे पुत्री, हे बहन, हे माता! तुम क्या कर रही हो? तुम इस घने जंगल में अकेले क्यों आई हो?' यह सुनकर उर्वशी अत्यंत शर्मिंदा हुई और उसने उत्तर दिया हे ऋषि! 'मेरी सुंदरता को देखकर इस घने जंगल में सभी साधकों ने अपना संयम खो दिया है लेकिन आप का ध्यान भंग नहीं हो रहा है। मुझे नहीं पता आपका ध्यान कहाँ लगा था? कृपया मेरे साथ इन्द्रलोक आएं अन्यथा; सब मेरा मजाक बनायेंगे कि मैं हार कर वापस लौटी हूं। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा 'मेरी एकाग्रता ब्रह्मलोक में थी जहाँ मैं उन दिव्य युवतियों का नृत्य देख रहा था जो इतनी सुंदर हैं कि उनके पास आपके जैसी 7-7 नौकरानियां हैं। फिर, मैं तुम पर कैसे मोहित हो सकता हूँ? अगर कोई आपसे ज्यादा आकर्षक है, तो कृपया उसे भेजें'। तब देवपरी ने कहा, 'मैं महारानी उर्वशी हूं, इंद्र की पत्नी। मुझसे ज्यादा खूबसूरत कोई और महिला नहीं है'। ऋषि मार्कण्डेय ने पूछा, 'चूंकि कुछ भी अविनाशी नहीं है जब भगवान इंद्र की मृत्यु हो जायेगी तो आप क्या करोगी?' उर्वशी ने उत्तर दिया 'मैं चौदह इंद्र भोगूंगी।'

नोटः भगवान इंद्र की महारानी की उम्र =72 चर्तुयुग 14=1008 चर्तुयुग यानी भगवान ब्रह्मा के एक दिन (कल्प) के बराबर । (क्रमशः)

फेसबुक वॉल से

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

विकास या तबाही दोमुहाने पर आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस

किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तर पर सर्वविदित है कि मानवीय सुख सुविधाओं को प्राप्त करने में जहां एक और सुख सुविधाओं का अंबार होता है तो वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के नतीजो जैसा भयंकर तबाही का आलम भी होता है जो हम सदियों से देखते आ रहे हैं। परंतु मानव जाति है कि सिर्फ अपने वर्तमान सुख सुविधाओं में ही रमी रहती है, भविष्य में आने वाली हमारी पीढ़ियों के बारे में ध्यान नहीं देते हैं। अब समय आ गया है कि हमें अपनी इस सोच को रेखांकित करना होगा क्योंकि आज तकनीकी और प्रौद्योगिकी चार कदम आगे बढ़कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर दुनियां बढ़ गई है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं तो तबाही की भी काफी संभावनाएं आ सकती है जो हमें वर्तमान डीपफेक के रूप में नजर आ रही है, इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी, डाटा थेफ्ट और सबसे बड़ी बात यह है कि आतंकवादियों के हाथ में एआई टूल्स आ जाने से बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो जायेगा जिसका विश्व के सभी देशों को मंथन करना जरूरी हो गया है। इसलिए ही एआई पर वैश्विक साझेदारी करना, तकनीक का आदान-प्रदान, विचार विमर्श करना जरूरी हो गया है, इसलिए ही 29 देशों का एआई पर वैश्विक साझेदारी शिखर सम्मेलन 12-14 दिसंबर 2023 को भारत में शुरू हो गया है, जिसका उद्घाटन माननीय पीएम ने 12 दिसंबर 2023 को किया जिसका उद्देश्य एआई के निरंतर विकसित हो रहे क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिल सके क्योंकि एआई विकास और तबाही दोनों का टूल बन सकता है, इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अहम रोल होगा। साथियों बात अगर हम दिनांक 12 दिसंबर 2023 को माननीय पीएम द्वारा एआई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन की करें तो, आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अहम रोल होगा।

टेक वर्ल्ड

अब एंटरटेनमेंट होगा डबल

वनप्लस एक नया स्पीकर लेकर आ रहा है। वहीं वनप्लस ने बिना किसी डिटेल के सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग डिवाइस का एक टीजर शेयर किया है। साथ ही टीजर की टैगलाइन 'Wonder of music meets the power of tech' है। भारतीय बाजार में वनप्लस एक नया स्पीकर लेकर आ रहा है। वहीं वनप्लस ने बिना किसी डिटेल के सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग डिवाइस का एक टीजर शेयर किया है। साथ ही टीजर की टैगलाइन Wonder of music meets the power of tech'। ये स्पीकर एक पारदर्शी डिजाइन को सपोर्ट करता है, जो नया नहीं है। हालांकि लॉन्च होने से पहले ये वनप्लस के पोर्टफोलियो में इस तरह के डिजाइन के साथ आने वाला पहला डिवाइस हो सकता है। इसके अलावा डिवाइस स्पीकर सेगमेंट में भी एंट्र कर सकता है क्योंकि, वनप्लस अब तक वायरलेस ईयरबड्स के साथ-साथ ऑडियो कैटेगरी में ईयरफोन पर भी टिक हुआ है। ये देखते हुए कि वनप्लस ने बहुत कुछ शेयर नहीं किया है। नया डिवाइस एक स्मार्ट स्पीकर होगा, जिसके ड्राइवर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ एकीकृत हो सकता है। अभी तक, वनप्लस स्पीकर को केवल कमिंग सून के रूप में छोड़ा गया है। इसमें एक विशिष्ट टाइमलाइन का खुलासा नहीं किया गया है। इसके अलावा स्पीकर का डिजाइन एक दिलचस्प पहलू है। टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वनप्लस इंडिया अकाउंट के माध्यम से पोस्ट किया गया है। ऐसा लगता है कि वनप्लस ने अपने नए स्पीकर के लिए पारदर्शी डिजाइन के साथ जाने का फैसला किया है। इसके अलावा स्पीकर का डिजाइन एक दिलचस्प पहलू है। **- कुसुम**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

मोतिहारी में फिर गैंगवार, युवक को बाइक सवार अपराधियों ने गोलियों से छलनी किया

मोतिहारी। बिहार के मोतिहारी में गैंगवार में एक बार फिर ताबड़तोड़ गोलियां चली है। यहां पताही थाना क्षेत्र स्थित गोनाही गांव में हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान अविनाश सिंह उर्फ ननकू सिंह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से 12 खोखा बरामद किया। इसमें से तीन खोखा 9 एमएम पिस्टल का बताया जा रहा है। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। एसपी कामटेश कुमार मिश्रा ने कहा कि गंगवार में युवक की हत्या की गयी है। बताया कि डीएसपी सुबोध कुमार राय के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया है। ताकि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सके। इधर घटना को लेकर ननकू के छोटे भाई स्वतंत्र सिंह ने बताया कि शंभू राय के दरवाजे के बाहर उसका भाई खड़ा था। उसके साथ पांच लोग और थे। तभी बाइक सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और उनपर ताबड़तोड़ गोलियां चलायी।

ऋण दिलाने के नाम पर 150 महिलाओं से ठगी, संचालिका सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। कानपुर में लोन दिलाने के नाम पर 150 महिलाओं से पांच लाख से ज्यादा की ठगी करने वाले फाइनेंस कंपनी संचालिका समेत तीन लोगों के खिलाफ किदवईनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नौबस्ता गल्ला मंडी दीन दयाल पुरम निवासी रेनू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके जैसी 13 टीम लीडर महिलाओं को विभिन्न बैंकों से लोन दिलाने का काम करती थीं। लक्ष्मीपुरवा निवासी नेहा गुप्ता उर्फ नंदिनी उर्फ रोशनी ने उससे व अन्य सभी टीम लीडरों से संपर्क किया।

अपने मनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के माध्यम से गरीब महिलाओं के समूह को लोन दिलाने के लिए कहा। लोन दिलाने से पहले महिलाओं से फाइल चार्ज के नाम पर 3452 रुपये व अन्य खर्चे बताकर रुपये ऐंठ लिए। सारा रुपया फाइनेंस कंपनी संचालिका नेहा व उसके दो साथियों मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी विजय कुमार सोने व अतुल लेकर फरार हो गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित महिलाओं ने बीते शुक्रवार को किदवईनगर और बारादेवी स्थित कंपनी के बंद पड़े कार्यालय पर हंगामा किया था। प्रकरण में किदवईनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। चौकी इंचार्ज लाल कॉलोनी शैलेंद्र सिंह राघव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

प्रधान ने गाड़ी सीखने के दौरान सात बच्चों को रौंदा, एक गंभीर

गोरखपुर। गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां खोराबार थानाक्षेत्र के रामपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में कार सीख रहे प्रधान लाल बचन की लापरवाही से कई बच्चे दुर्घटना के शिकार हो गए। सभी बच्चों को सीएचसी खोराबार में ले जाया गया है। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई है। एएसपी मानुष पारीक भी मौके पर पहुंचे हैं।

बिहार में गया हुआ सबसे ठंढा, न्यूनतम तापमान दस डिग्री पहुंचा

एजेंसी। पटना

प्रदेश में मौसम ने अब अपनी करवट बदल दी है। इसी बीच पछुआ हवा ने तापमान के मीटर को लुढ़का दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पछुआ हवा का प्रभाव बना हुआ है। इसी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। अधिकतम के साथ साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट जारी है। गया-औरंगाबाद का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंच गया है। इसके साथ ही कोहरा भी दर्ज किया जा रहा है। पछुआ हवा ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों में भी कनकनी बढ़ा दी है। बुधवार के के मौसम पूवार्नुमान की बात करें तो बिहार का अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच वहीं न्यूनतम तापमान उत्तर पश्चिम बिहार, दक्षिण पश्चिम बिहार और दक्षिण मध्य बिहार के जिलों में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस रहेगा। आज सुबह हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा बिहार के अधिकांश हिस्सों में देखने को मिला है। बिहार का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के औरंगाबाद-गया जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य का औसत अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस वहीं औसत न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर का पहला हफ्ता 18 वर्षों में सबसे गर्म रहा।

चारधाम में बर्फबारी जारी, केदारनाथ में तापमान माइनस 7

देहरादून। प्रदेश में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने अब मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ा दी है। सुबह शाम गलन वाली ठंड पड़ रही है तो दिन में मैदानी क्षेत्रों में धूप निकल रही है। सुबह-शाम कोहरा छाने लगा है। चारधाम में मंगलवार दोपहर से ही बर्फबारी हो रही है। फूलों की घाटी, हेमकुंड साहिब, तुंगनाथ, मद्महेश्वर, हर्षिल, उत्तरकाशी और औली क्षेत्र भी बर्फ से ढक गए हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को पहाड़ों पर बारिश का पूवार्नुमान जताया है। केदारनाथ धाम में तो तापमान माइनस 7 तक पहुंच गया है। गंगोत्री-यमुनोत्री में भी पारा शून्य से नीचे चला गया है।

शीतलहर की चपेट में हिमाचल, 10 स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में

शिमला। हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिन हुई बर्फबारी से पूरा राज्य शीतलहर की चपेट में आ गया है। राज्य के 10 स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। पहली बार सुंदरनगर, भुंतर व मंडी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के सभी भागों में 16 दिसंबर तक मौसम साफ रहने का पूवार्नुमान जताया है। वहीं, 17 मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी के

आसार हैं। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। 18 दिसंबर से फिर पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। उधर, आज राजधानी शिमला व अन्य भागों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि, तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। शिमला का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, सुंदरनगर माइनस 1.0, भुंतर माइनस 1.2, कल्पा माइनस 4.2, धर्मशाला 6.2, ऊना 2.4, कांगड़ा 3.9, मंडी माइनस 0.9, चंबा 2.2, डलहौजी 1.5, जुब्बड़हट्टी 3.8, कुफरी 1.1, कुकुमसेरी माइनस 7.3, नारकंडा माइनस 1.6, रिकांगपिओ माइनस 1.6, सेऊबाग माइनस 0.4, धौलाकुआं 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

कैमूर के डीएम बने मिसाल, सदर अस्पताल में पत्नी की कराई डिलीवरी

एजेंसी। भभुआ

सरकारी अस्पतालों के प्रति आमजन की बनी अवधारणा को दूर करने के लिए जिलाधिकारी सावन कुमार ने अनूठी पहल की है। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षित प्रसव व्यवस्था का जिले के नागरिकों को संदेश देने के लिए अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल में बहती कराया ।डॉ. किरण सिंह और डॉ. मधु के द्वारा सदर अस्पताल के ओटी में सिजेरियन ऑपरेशन से द्वारा कराए गए सुरक्षित प्रसव के बाद एहतियाती तौर पर नवजात शिशु को लगभग दो घंटे एसएनसीयू में भी भर्ती कराया गया। फिलवक्त जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। इस खुशी के मौके पर जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को साधुवाद देते हुए इसी प्रकार व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने तथा आमजन को व्यवस्था का लाभ उपलब्ध कराते रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डीपीएम ऋषिकेश जायसवाल व अस्पताल प्रबंधक शैलेंद्र कुमार सहित कई जेएनएम व नर्स उपस्थित रहीं।

मिड डे मील खाकर कई बच्चों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

एजेंसी। सहरसा

बिहार में मिड डे मील योजना की स्थिति बदतर है। सरकारी स्कूलों में नौनिहालों को मिलने वाले एमडीए में आये दिन कीड़े-मकौड़े, छिपकली, सांप आदि मिलते हैं। या फिर इसको खाने से बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। ताजा मामला सहरसा के महिषी प्रखंड के महिषी दक्षिणी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय भागवतपुर का है। जहां मिड डे मिल खाकर 12 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गये। सभी को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

एमडीए खाने के बाद पेट दर्द और उल्टी होने लगा

बताया जाता है कि स्कूल के 190 बच्चों ने दोपहर में मीड डे मिल का खाना खाया था। छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने घर पहुंचे तो उनके पेट में दर्द होने लगा और कुछ को दस्त (उल्टी) भी शुरू हो गया। बच्चों की तबीयत बिगड़ता देख परिजन परेशान हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों ने वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर महिषी थाना की पुलिस ने गांव पहुंची और सभी बीमार बच्चों को सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉ आर आर महतो के अनुसार, इलाज के बाद सभी बच्चों की तबीयत ठीक है।

कॉरिडोर के दो साल पूरे होने पर फूलों से सजा धाम, बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा

एजेंसी। वाराणसी

काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण उत्सव पर मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि का नजारा दिख रहा है। हर-हर, बम-बम के जयघोष से गंगा के किनारे से लेकर धाम क्षेत्र गूंज है। वहीं शहर की सड़कों पर भक्तों की टोली भगवान शिव के आराध्य भगवान राम की भक्ति में सराबोर नजर आ रही है। सामाजिक संस्थाओं की ओर से धाम क्षेत्र में दीप भी जलाए जा रहे हैं।आज काशी विश्वनाथ धाम का दूसरा लोकार्पण उत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर में भी लोकार्पण उत्सव पर रुद्राभिषेक, पूजन के साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों चल रहे हैं। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है और रुद्राभिषेक के बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण भी होगा। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं धाम आ रहे हैं। शिव बरात समिति के अध्यक्ष जगदंबा

तुलस्यान ने बताया कि शोभायात्रा में चंद्रयान-3 , नारी शक्ति वंदन बिल और अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की झांकी दिखेगी। पारंपरिक तरीके से ढोल और बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा में शहर की कई धार्मिक संस्थाएं भी शामिल हैं। दुनिया भर के सनातनधर्मियों के आकर्षण का केंद्र बन चुके काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण की कहानी भी अनोखी है। 463 वर्षों के बाद बाबा विश्वनाथ के धाम ने मूर्त रूप लिया। बाबा विश्वनाथ के मंदिर के पुनरुद्धार, निर्माण और कायाकल्प में महाराणा रणजीत सिंह, टोडरमल और अहिल्याबाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना ने मूर्त रूप लिया, जो आज श्री काशी विश्वनाथ धाम के रूप में दुनिया के सामने है।

सबरीमाला में भीड़ की अराजकता पर विवाद

भाजपा का विरोध प्रदर्शन, केरल एचसी में सुनवाई

एजेंसी। केरल

भाजपा नेता कुम्मनम राजशेखरन ने राज्य सरकार पर भीड़ के कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। तीर्थयात्री भोजन, पानी और बुनियादी जरूरतों के बिना पीड़ित हैं। सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण स्थिति गंभीर होने के कारण पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी, भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने सबरीमाला में सचिवालय के बाहर केरल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता कुम्मनम राजशेखरन ने राज्य सरकार पर भीड़ के कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। तीर्थयात्री भोजन, पानी और बुनियादी जरूरतों के बिना पीड़ित हैं। सबरीमाला में पर्याप्त जगह है। सरकार नहीं जानती कि जगह का उपयोग कैसे

किया जाए। आप तिरूपति मंदिर देखें, वहां सब कुछ ठीक है। मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के कारण भक्तों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। शिकायतों पर विचार करते हुए, केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अधिकारियों को मंदिर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को सहायता देने का निर्देश दिया। दो न्यायाधीशों की पीठ ने पुलिस को पहाड़ी की चोटी पर भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का भी निर्देश दिया। विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने मंगलवार रात निलक्कल में विरोध प्रदर्शन कर अपना असंतोष व्यक्त किया. उन्होंने अपने सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिए पम्पा-एरुमेली सड़क पर रात भर यातायात अवरुद्ध कर दिया। कथित तौर पर पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच तब विवाद हुआ जब श्रद्धालुओं को एट्टुमानूर में महादेव मंदिर से आगे बढ़ने से रोका गया। इस बीच, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि इस बार भगवान अयप्पा मंदिर में कुछ भी असामान्य नहीं हुआ है और उन्होंने अधिकारियों से वहां की नई व्यवस्थाओं और प्रणालियों के बारे में जनता को सूचित करने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर 31 लाख का जुर्माना लगाया गया

लखनऊ। उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने के लिए लखनऊ में 25 प्रतिष्ठानों पर कुल 30.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यदि मिलावटखोरों ने जल्द जुमार्ना नहीं भरा तो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) वसूली प्रमाणपत्र जारी करना शुरू कर देगा। लखनऊ में एफएसडीए के अपर आयुक्त एस.पी. सिंह ने कहा, "मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोकने के लिए नवंबर में नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजे गए थे। प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर-पूर्वी)/न्याय निर्णय अधिकारी की अदालत में मामला दायर किया गया था। न्याय निर्णायक अधिकारी अमित कुमार ने 35 मुकदमों का फैसला करते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर 30 लाख 85 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।

बीजेपी के सुवेंदु का ममता बनर्जी पर बड़ा हमला, कहा

उत्तर बंगाल में झूठे वादे करती हैं सीएम

एजेंसी। कोलकाता

भाजपा नेता ने कहा कि यह मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल की उपेक्षा करती हैं लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो झूठ बोलती हैं। वह उत्तर बंगाल को ही अपनी छुट्टियों के गंतव्य के रूप में देखती हैं। उनके आराम को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय राज्य अतिथि गृहों को महलों में बदल दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2019 में हारी हुई लोकसभा सीटों को फिर से हासिल करने के लिए राज्य के उत्तरी जिलों में मतदाताओं से झूठे वादे कर रही हैं। क्षेत्र के अपने एक सप्ताह के दौरे के दौरान उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। सुवेंदु ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार व्यवस्थित रूप से उत्तर बंगाल की उपेक्षा करती है क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों ने हाल के सभी चुनावों में

भाजपा को वोट दिया है।

भाजपा नेता का दावा है कि 2020-21 में उत्तर बंगाल के लिए बजट आवंटन 759 करोड़ था लेकिन केवल 268 करोड़ जारी किए गए। अगले दो वित्तीय वर्षों में, सरकार ने क्रमशः 759 करोड़ और 800 करोड़ के आवंटन के मुकाबले 170 करोड़ और 308 करोड़ जारी किए। मुख्यमंत्री द्वारा एक सरकारी कार्यक्रम में माटीगाड़ा में एक कैंसर अस्पताल सहित 47 नई परियोजनाओं की घोषणा के कुछ घंटों बाद अधिकारी सिलीगुड़ी पहुंचे। अधिकारी ने लोगों से घोषणाओं के झांसे में नहीं आने को कहा। भाजपा नेता ने कहा कि यह मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल की उपेक्षा करती हैं लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो झूठ बोलती हैं। वह उत्तर बंगाल को ही अपनी छुट्टियों के गंतव्य के रूप में देखती हैं। उनके आराम को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय राज्य अतिथि गृहों को महलों में बदल दिया गया है। बीजेपी ने 2019 में क्षेत्र की आठ लोकसभा सीटों में से सात और 2021 में 54 विधानसभा सीटों में से 30 सीटें जीतीं। अधिकारी का बनर्जी पर हमला उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है कि ममता बनर्जी 20 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) जैसी परियोजनाओं के लिए केंद्रीय धन जारी करने की मांग करेंगी।

एक करोड़ की हेरोइन व 14 लाख रुपये के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी। वाराणसी

अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के देवकठिया बेसो नदी पुलिया (एनएच 31) के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग वाराणसी, बिहार और राजस्थान के हैं। इनके पास से खरीद बिक्री करते समय एक किलो मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये है) और 14 लाख रुपये नगद बरामद किया है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र के मुताबिक इस गिरोह का मास्टर माइंड अजय कश्यप शहर कोतवाली क्षेत्र के ददरीघाट निवासी है, हालांकि उसका वर्तमान पता वाराणसी में फ्लैट नंबर 403 टावर नंबर 03 श्रीराम नगर कालोनी मडुआडीह रेलवे स्टेशन के पास है। वह दूर बैठे-बैठे पूरे नेटवर्क को संचालित करता है। साथ ही इस कार्य में अपने बेटे अभय कश्यप व अन्य सहयोगी राजकमल उर्फ कमल साहनी, शिवम प्रताप सिंह को शामिल किया है। इन लोगों के माध्यम से वो मादक पदार्थ की खरीद बिक्री अंतर्राज्यीय स्तर पर कराता है। 12 दिसंबर को राजस्थान के हेरोइन तस्कर बागचन्द तंवर उर्फ भागचंद निवासी ग्राम दुर्जनपुरा थाना घाटोली जिला झालावार राजस्थान को एक किलोग्राम हेरोइन की डिलीवरी करनी थी। अजय कश्यप के कहने पर अभय कश्यप, राजकमल उर्फ कमल साहनी व शिव प्रताप सिंह दो बाइक से एनएच 31 बेसो नदी पुलिया के पास हाइवे पर मंगलवार की शाम 6:45 बजे पहुंचे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस ने हेरोइन खरीद बिक्री करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया गया। तस्करों के पास से एक किलो हिरोइन व 14 लाख रुपये नगद बरामद हुआ। जबकि मौके का फायदा उठाकर अभय कश्यप बाइक से फरार हो गया। पूछताछ में हेरोइन तस्कर बागचंद ने बताया गया कि वह हेरोइन राजस्थान कोटा में ले जाकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर नशे के आदी नए उम्र के पढ़ने वाले युवकों को बेच देता हैं। माल की डिलिवरी सुनसान स्थानों पर जाकर करते हैं।

आस्था — राम मंदिर दर्शन अभियान शुरू करेगा संघ

5000 विहिप कार्यकर्ताओं को रोजाना दर्शन कराने की तैयारी

एजेंसी। अयोध्या

गणतंत्र दिवस से पूरे देश को रामलला के दर्शन का आमंत्रण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दिया जा रहा है। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद देश के पांच लाख गांवों में घर-घर हल्दी लगा अक्षत भेज रहा है। यह अक्षत गणतंत्र दिवस के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण है। संघ हर रोज पांच हजार कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने की तैयारी कर रहा है। यह दर्शन अभियान 26 जनवरी से शुरू होकर 23 फरवरी तक चलेगा। एक दिन में दो राज्यों को दर्शन कराया जाएगा। हल्दी अक्षत के साथ एक निवेदन पत्रक भी भेजा जा रहा है। यह पत्रक देश के सभी प्रमुख भाषाओं में छापा गया है, ताकि पत्रक का संदेश रामभक्त आसानी से समझ सकें। विश्व हिंदू परिषद ने संगठन की दृष्टि से देश को 45 प्रांतों में बांट रखा है। हर



राज्य में दो से तीन इकाइयां हैं। उत्तर प्रदेश में छह इकाइयां हैं। संघ सभी इकाइयों को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित करेगा। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि संघ ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की कमान संभाल ली है। विभिन्न प्रांतों से करीब तीन हजार पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अयोध्या में कैंप किया है। इन सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। गणतंत्र दिवस से दर्शन अभियान शुरू किया जाएगा। हर रोज एक या दो प्रांत के करीब पांच हजार कार्यकताओं को दर्शन के लिए अयोध्या बुलाया जाएगा। उनके रहने, खाने आदि के इंतजाम किए जा रहे हैं।

रामभक्तों के लिए असम से आई खाद्य सामग्री : अयोध्या में भक्तों के लिए 36 स्थानों पर भोजनालय की व्यवस्था की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हर रोज 25 हजार भक्तों को निःशुल्क भोजन कराने की तैयारी की जा रही है। बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाएं और रामभक्त भी भक्तों की सेवा के लिए जलपान आदि का शिविर लगाने की इच्छा जता रहे हैं। यही नहीं खाद्य सामग्री भी भक्त अयोध्या भेज रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को असम से खाद्य सामग्री की पहली खेप अयोध्या पहुंची है। असम से दालचीनी, चायपत्ती, बड़ी इलायची व अन्य कई प्रकार के मसाले आए हैं, जिन्हें रामसेवकपुरम स्थित कार्यशाला में रखा गया है।

एमपी में भाजपा के यादव कार्ड से यूपी सपा में खलबली

एजेंसी। लखनऊ

मध्यप्रदेश के चुनाव नतीजों के बाद भाजपा द्वारा यादव चेहरे को मुख्यमंत्री बनाने के फैसले ने यूपी में समाजवादी पार्टी (सपा) की चिंता बढ़ा दी है। पार्टी को अपने मूल वोट बैंक यादव पर सेंधमारी होने का खतरा नजर आ रहा है। भाजपा ने एमपी में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर जो यादव कार्ड खेला है, उसका सीधा असर यूपी में पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में आगामी आम चुनाव में सपा के लिए आगे की डगर चुनौती भरी हो सकती है। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि राम नरेश यादव से लेकर मुलायम सिंह और अखिलेश यादव तक तीन यादव पांच बार यूपी के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यादव वोट बैंक भाजपा के लिए कितना महत्वपूर्ण है। आंकड़ों के अनुसार, यूपी की 24 करोड़ आबादी में यादवों का हिस्सा लगभग 9-10 फीसदी है। इसके साथ, प्रदेश में कई दर्जन जिले ऐसे हैं, जिनमें यादव आबादी लगभग 20 प्रतिशत है। यादव वोट बैंक पर समाजवादी पार्टी की सबसे मजबूत पकड़ मुलायम के जमाने से चली आ रही है।

रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 58.850

चांदी (किलो) 75.500

एक नजर

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर बढ़कर 5.55 फीसदी हुई

नई दिल्ली। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर अक्टूबर में चार महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद नवंबर में फिर से बढ़कर 5.55 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों से जीवन यापन की लागत बढ़ गई और साथ ही घरेलू बजट भी बढ़ गया। आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर मुद्रास्फीति में वृद्धि का मतलब है कि केंद्रीय बैंक दरों में कटौती नहीं करेगा। खाद्य मुद्रास्फीति, जो कुल कंज्यूमर प्राइस बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत की तुलना में नवंबर में 8.7 प्रतिशत बढ़ी। महीने के दौरान प्याज, फल और दालों जैसी सब्जियों की कीमतें तेजी से बढ़ीं। आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से ये बात पता चली है।

गेमिंग इंडस्ट्री का मेगा इवेंट ई3 अब स्थायी रूप से रद्द

नई दिल्ली। ई3 (इलेक्ट्रॉनिक एंटरटेनमेंट एक्सपो) गेमिंग इवेंट, जो कभी दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग इवेंट हुआ करता था, दो दशकों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। ई3 चलाने वाली इंडस्ट्री एंटरटेनमेंट सॉफ्टवेयर एसोसिएशन (ईएसए) ने बीबीसी से पुष्टि की, कि यह आयोजन दोबारा कभी नहीं होगा। आयोजकों ने एक बयान में कहा, ई3 के दो दशकों से ज्यादा समय के बाद अलविदा कहने का समय आ गया है। यादों के लिए धन्यवाद। जीजीडब्लूपी ई3 को आखिरी बार विचुअली 2021 में आयोजित किया गया था और आखिरी इन पर्सन इवेंट 2019 में हुआ था। इस साल मार्च में, लॉस एंजिल्स में 'ई3 2023' को रद्द कर दिया गया था। यह कार्यक्रम 13-16 जून तक निर्धारित था।

ग्लोबल मार्केट से मिले जुले संकेत, एशियाई बाजारों में दबाव

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एशियाई बाजार में भी आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में तेजी का रुख बना रहा। डाउ जॉन्स दिन भर के कारोबार के बाद 178 अंक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,643.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डैक 0.64 प्रतिशत मजबूत होकर 14,525.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित

एजेंसी। पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पैट कमिंस टीम का नेतृत्व करेंगे और अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ उनके डिप्टी होंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड भी इस सूची में हैं। पिछले महीने के विश्व कप में, उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। ऑस्ट्रेलियाई टीम में अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की भी वापसी हुई है, जो पिंडली की चोट के बाद अंतिम एकादश में वापसी कर रहे हैं। उन्हें उनके हमवतन टॉड मर्फी से ऊपर चुना गया है। इस साल की शुरूआत में ओवल में एशेज श्रृंखला के अंतिम मैच में इंग्लैंड से भिड़ने वाली ऑस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव है। मेजबान टीम के लिए डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा की बाएं हाथ की जोड़ी पारी की शुरूआत करेगी। एक मजबूत मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन, स्मिथ, हेड और मिशेल मार्श दिखेंगे। मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन

डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन

इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सलमान अली आगा, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, आमिर जमाल और खुर्रम शहजाद

केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी संभालेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज बन सकते हैं। राहुल न केवल तीन वनडे मैचों में बल्कि 3 टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल साउथ अफ्रीका दौरे पर वनडे सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी संभालेंगे। वह आज रात तक साउथ अफ्रीका पहुंच जाएंगे। फिलहाल, दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है जिसके सदस्य राहुल नहीं हैं। वह तीन मैचों की वनडे सीरीज में बतौर कप्तान खेलने के बाद 2 टेस्ट मैच के लिए भी स्क्वॉड में शामिल हैं। इसी कड़ी में एक बड़ा अपडेट आया है कि उनके बल्लेबाजी क्रम में बदलाव देखने को मिलेगा। मतलब, राहुल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज मध्यक्रम में अपना स्थान बनाने पर काम कर रहे हैं। इसे केएल राहुल का नया अध्याय कहा जा सकता है।

वह तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज बन सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, राहुल न केवल तीन वनडे मैचों में बल्कि 3 टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। जबकि ईशान किशन 16 सदस्यीय टीम में शामिल हैं लेकिन राहुल विकेटकीपिंग के लिए ईशान की तुलना में ज्यादा बड़े दावेदार हैं।

आंद्रे रसेल की दमदार वापसी, वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत

एजेंसी। बारबाडोस

स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाई है। दो साल से अधिक समय में रसेल का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच था। अपने कमबैक मैच में इस स्टार ऑलराउंडर ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। टी20 वर्ल्ड कप से पहले वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बेहद खास है। 35 वर्षीय रसेल ने 14 गेंदों में तीन विकेट और नाबाद 29 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के लिए अन्य बल्लेबाजों में ब्रेंडन किंग (22), काइल (35), साई (36), और रोमेन पॉवेल ने 31 रन का अहम योगदान दिया। रसेल को उनकी शानदार व्यक्तिगत खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने खेल के बाद स्वीकार किया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी बिल्कुल योजना के अनुसार हुई है। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर वेस्टइंडीज के लिए यह रन चेज सबसे सफल रहा, जिसने 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के 155/5 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। आईसीसी ने मैच के बाद रसेल के हवाले से कहा, जब से मुझे बुलावा आया है तब से दो सप्ताह से मैं सपना देख रहा हूं कि मैं अपने पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनूंगा।

9 साल बाद रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी करेगी भारतीय महिला टीम

मुंबई। घरेलू परिस्थितियों में खेलने के फायदे के अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम खेल के सभी प्रारूपों में हाल के अच्छे प्रदर्शन पर भरोसा करेगी। ताकि जब वह चार दिवसीय वन-ऑफ टेस्ट में गुरुवार से यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिलाओं से भिड़ेगी तो उसे मदद मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में टीम द्वारा रेड-बॉल मैच नहीं खेलने के कारण टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को इस प्रारूप का अधिक अनुभव नहीं है और इसलिए वे मैदान में जाने और चीजों को वैसे ही लेने की योजना बना रहे हैं जैसे वे आते हैं।

आईपीएल का संयुक्त ब्रांड मूल्य 10 अरब डॉलर से अधिक

एजेंसी। नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कुल संयुक्त ब्रांड वैल्यू 10 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है। अब तक, आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 10.7 अरब डॉलर है, जबकि 2022 में 8.4 अरब डॉलर थी, इस प्रकार 28% की वृद्धि दर्ज की गई। ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी ब्रांड फाइनेंस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 में लॉन्च होने के बाद से आईपीएल का कुल ब्रांड मूल्य 433 प्रतिशत बढ़ गया है। इसमें कहा गया है कि आईपीएल की महत्वपूर्ण वृद्धि का श्रेय 6.2 बिलियन डॉलर (48,390 करोड़ रुपये) के मीडिया अधिकार सौदे सहित कारकों को दिया जाता है।, आईपीएल राजस्व के केंद्रीय पूल में वृद्धि, दो फ्रेंचाइजी टीमों को शामिल करना, और कोविड -19 महामारी के बाद 2023 में पूर्ण स्टेडियम उपस्थिति की वापसी। इसमें आगे कहा गया है कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 87 मिलियन डॉलर के साथ सबसे मूल्यवान आईपीएल ब्रांड के रूप में उभरी है, उसके बाद पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) है, जो अब 81 मिलियन डॉलर के साथ दूसरा सबसे मूल्यवान ब्रांड है। शीर्ष पांच सूची में अन्य फ्रेंचाइजी में दो बार के विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) क्रमशः 78.6 मिलियन डॉलर और 69.8 मिलियन डॉलर शामिल हैं।

मार्करम और शम्सी ने मैच का पलड़ा द. अफ्रीका के पक्ष में झुकाया: तिलक

गकेबेरहा। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों तबरेज शम्सी और कप्तान एडेन मार्करम के स्पैल ने दूसरे टी20 मैच को उनके पक्ष में करने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अगर यह जोड़ी नहीं होती तो नतीजा कुछ और हो सकता था। गकेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका की पांच विकेट की जीत में मार्करम ने 1-29, जबकि शम्सी ने 1-18 के किफायती आंकड़े के साथ वापसी की। तिलक वर्मा ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि जब हमने बल्लेबाजी की तो विकेट थोड़ा धीमा था।

भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट 19 दिसंबर से, एंट्री 15 दिसंबर तक

एजेंसी। जमशेदपुर

भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा. सभी मैच गोलमुरी अंतर्गत केबुल क्रिकेट ग्राउंड में खेले जायेंगे. सभी नॉक आउट मकाबले दिन की रोशनी में खेले जायेंगे. टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी समेत एक लाख रुपये ईनामी राशि और रनर-अप को 50 हजार रुपये समेत ट्रॉफी दीया जायेगी. मैन ऑफ द टूनामेंट को स्पोर्ट्स साइकिल पुरस्कार के रूप में भेंट की जायेगी. फाइनल मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को

स्पोर्ट्स जूता और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जायेगा. भोजपुरिया क्रिकेट लीग के आयोजक और भोजपुरी नवचेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कराने के साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से उनमें प्रतिस्पर्धा विकसित करना है. 15 दिसंबर तक इच्छुक टीमें अपना नामांकन करा सकती हैं. प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 5001 रुपये निर्धारित है. अप्पू तिवारी ने बताया कि भोजपुरी साहित्य के पितामह स्व भिखारी ठाकुर की जयंती को समर्पित यह टूर्नामेंट 19 दिसंबर से प्रारम्भ होगा. टूर्नामेंट के सभी मैचों का यू-ट्यूब चेनल पर लाईव प्रसारण होगा. विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9263598533 एवं 9334791840 पर संपर्क किया जा सकता है।

व्यापार

नहीं थमी सोने की कीमत में गिरावट चांदी ने किया सपाट स्तर पर कारोबार

अलग-अलग सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 150 से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरा

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू सरार्फा बाजार में लगातार गिरावट का दौर चल रहा है। आज सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भी देश के सरार्फा बाजारों में गिरावट का रुख बना हुआ है। देश के अलग-अलग सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 150 से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोने की कीमत में भी आज 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे चला गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई को छोड़ कर देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। चांदी आज सपाट स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली सरार्फा बाजार में आज चांदी

बिना किसी उतार-चढ़ाव के 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 61,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 61,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 62,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 61,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। पिछले 24 घंटे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का मूल्य घटकर 73 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 69 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 72.97 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.28 डॉलर यानी 0.41 फीसदी लुढ़ककर के साथ 68.33 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

भारत में निवेश के अपार अवसर यहां बड़ा घरेलू बाजार भी : गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत में निवेश के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। गोयल ने विदेशी निवेशकों को भारत में कारोबार के अवसर तलाशने की सलाह देते हुए कहा कि भारत एक बड़ा घरेलू बाजार है, यहां निवेश के अनुकूल माहौल भी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री राजधानी नई दिल्ली में आयोजित विश्व निवेश सम्मेलन (डब्ल्यूआईसी) को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने निवेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में निवेश के अवसर बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों को भारत में कारोबार के अवसर तलाशने चाहिए। गोयल ने कहा कि निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। निवेशकों को संबोधित करते हुए

उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर में संभावनाएं तलाशने के लिए आमंत्रित किया। हालांकि, राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने संसद में हुई घटना की जानकारी मिलने के बाद कहा कि मुझे तुरंत संसद में वापस जाना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं अपने सहयोगी मंत्रियों से माफी मांगता हूं, लेकिन मेरे बोलने के बाद मुझे इस कार्यक्रम को छोडकर यहां से जाना पड़ेगा।

सिंधिया एयरलाइन उद्योग के प्रतिनिधियों से मिले

वाजिब किराया लें और अच्छी सुविधा दें

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया ने मंगलवार को कामकाज और ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए एयरलाइन उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ सलाहकार समूह की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का प्राथमिक फोकस प्रत्येक एयरलाइन के लिए ऑन-टाइम प्रदर्शन (ओटीपी) में सुधार करना था। सिंधिया ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को वीएफआर-सुसज्जित (विजुअल फ्लाइट रूल्स) हवाईअड्डों पर तकनीकी विशिष्टताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का निर्देश दिया, जिसका उद्देश्य एयरलाइंस के ओटीपी को बढ़ाना और यात्रियों के लिए अधिक कुशल यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना है। मंत्री ने ओटीपी

की जांच करने के अलावा, प्रत्येक एयरलाइन द्वारा कार्यान्वित हवाई किराये से संबंधित स्व-निगरानी तंत्र पर भी चर्चा की। उचित मूल्य निर्धारण की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने एयरलाइंस से विशिष्ट मार्गों पर उचित किराया बनाए रखने का आग्रह किया। एक अधिकारी ने कहा, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चयनित मार्गों पर हवाई किराये की नियमित निगरानी करने का भी काम सौंपा गया है। सिंधिया ने टियर 2 और टियर 3 शहरों और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने की दृष्टि से एयरलाइंस से अगले छह महीनों के लिए व्यक्तिगत विमान प्रेरण और तैनाती योजनाएं प्रस्तुत करने का आह्वान किया। उन्होंने पॉइंट-टू-पॉइंट सीधी कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया और एयरलाइंस को चौड़ी बॉडी और नैरो-बॉडी-लंबी दूरी के विमानों का उपयोग करते हुए क्षमता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। सिंधिया ने एयरोस्पेस निमार्ताओं और एमआरओ के सलाहकार समूह से भी मुलाकात की और कराधान के साथ-साथ क्षेत्रों के विकास को प्रभावित करने वाले नियामक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, इसके अलावा, एयरोस्पेस निमार्ताओं को भारत सरकार के प्रत्येक विभाग से उनकी आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए एक सहयोगी योजना पेश करने की सलाह दी गई, ताकि उन्हें भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का विस्तार करने में मदद मिल सके। बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त), नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

होंडा ने रांची में सड़क सुरक्षा जागरुता अभियान चलाया

रांची। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया सड़क का इस्तेमाल करने वाले सभी यूजर्स के लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा के प्रति, लोगों के उन्मुख इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने रांची शहर में अपने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया। एचएमएसआई अपने कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व के तहत बीएसपी स्कूल, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल और प्रमथानाथ मध्य विद्यालय में तीन दिवसीय कैम्प आयोजित किया गया। इस कैंप में 2500 से अधिक छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया।

बिहार इंवेस्टर्स मीट : 15 कंपनियों ने 15,570 करोड़ का एमओयू किया

एजेंसी। पटना

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 का दो दिवसीय आयोजन बुधवार को आरंभ हो गया। पहले दिन टेक्सटाइल, लेदर, खाद्य प्रसंस्करण व जेनरल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की 15 प्रमुख कंपनियों ने 15,570 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने उद्यमियों को कहा कि बिहार से जुड़कर देखिए, यह पूरे देश में बेहतर है। विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने उद्यमियों को एडवांटेज बिहार की बातें समझाईं। वहीं, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक अलग-अलग सेक्टर में बिहार में उद्योगों के लिए किस तरह से पॉलिसी के माध्यम से मदद दी जा रही है, इस बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार में बताया। नामी-गिरामी उद्योग समूहों के अतिरिक्त, अमेरिका, हंगरी, यूएई, वियतनाम और बांग्लादेश के उद्यमी भी इस दौरान मौजूद रहे।

उद्योग में निवेश से बिहार अग्रणी राज्य बन जाएगा : उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में मौजूद उद्यमियों को कहा कि उद्योग में निवेश से बिहार अग्रणी राज्य बन जाएगा। सरकार उद्यमियों को आरंभ से लेकर उत्पादन शुरू होने तक वह सभी प्रकार की मदद करेगी, जिसकी उन्हें अपेक्षा है। बिहार से बस जुड़कर देखिए। देश में जो औद्योगिक इकाइयां हैं उन्हें चलाने वाले बिहार से हैं। वहीं, नीचे के स्तर पर 25 प्रतिशत लोग बिहारी हैं। लक्ष्य यह है कि अगले तीन वर्षों के भीतर बिहार को एक से दस के बीच जो अग्रणी राज्य हैं उसमें शामिल करना है।

जिलेट के नवीनतम टीवीसी में रवि किशन ने कहा, गार्ड से कटेगा नहीं

नई दिल्ली। जिलेट की ब्रैंड फिल्म में लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता रवि किशन अभिनय कर रहे हैं। यह फिल्म शेविंग करते समय खरोंच और कट्स को रोकने के लिए सेफ्टी कॉम्ब के साथ जिलेट गार्ड के सिंगल-ब्लेड सिस्टम को प्रदर्शित करती है जिलेट इंडिया की नवीनतम कैंपेन फिल्म मशहूर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन द्वारा अभिनीत है। फिल्म में देखा जा सकता है कि वे शेविंग करते समय अपने नियमित रेजर से काफी निराश हैं, क्योंकि इसकी वजह से शूटिंग से ठीक पहले उनके चेहरे पर एक कट लग जाता है। उनके साथ यह घटना तब होती है, जब वे एक महत्वपूर्ण सीन के लिए तैयार हो रहे होते हैं। यह कट न सिर्फ उनकी दिनचर्या में खलल डाल देता है, बल्कि उनके मेक ओवर को बाधित करने के साथ ही फिल्म की शूटिंग में भी रुकावट बन जाता है। इसके बाद रवि किशन को उनके एक स्टाफ से जिलेट गार्ड का इस्तेमाल करने की सलाह मिलती है।

एक नजर

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर डीसी ने की बैठक

लातेहार। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने बैठक की. बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गयी. उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर टेंट व बैठने की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया. उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था करने का निर्देश दिया. साथ ही शिलान्यास व उदघाटन किये जाने वाले योजनाओं की सूची एवं वितरित किये जाने वाले परिसंपतियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया. बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त अलोक शिकारी कच्छप, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी समेंत कई विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

मारपीट के आरोपी को भेजा गया जेल

गढ़वा। जिले के रंका थाना कांड संख्या 208 /2023 के प्राथमिकी अभियुक्त संजय प्रजापति उम्र करीब 32 वर्ष पिता जीतन प्रजापति सोनदाग थाना रंका जिला गढ़वा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है है. रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि जमीनी विवाद में संजय प्रजापति अपने गोतिया से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट किया था जिसकी आलोक में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

चला वाहन चेकिंग अभियान, 26 वाहनों का कटा चालान

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव और सदर थाना प्रभारी गौतम सिंह ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. वाहन चेकिंग अभियान में दो पहिया और चार पहिया वाहनों का इंश्योरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस, फिटनेस और हेलमेट चेकिंग किया गया. मौके पर 26 वाहन का ऑनलाइन चालान काटा गया. प्रशिक्षण डीएसपी राजेश यादव ने बताया कि आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है. साथ ही सभी वाहनों के कागजातों की जांच की जा रही है।

बिना हेलमेट नहीं दें पेट्रोल, थाना प्रभारी ने दिया निर्देश

लातेहार । अगर आपके पास हेलमेट नहीं है तो आप सावधान हो जायें. बिना हेलमेट के लातेहार के किसी पेट्रोल पंप में आपकी बाइक को पेट्रोल नहीं मिलेगी. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने सभी पेट्रोल पंप के प्रबंधकों निर्देश जारी किया है. जारी निर्देश में थाना प्रभारी ने कहा है कि बिना हेलमेट पेट्रोल लेने आये दोपहिया वाहनों को पेट्रोल ना दें. आशुतोष कुमार ने बताया कि मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 194-डी के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर एक हजार जुमार्ना और तीन माह के लिए लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान है।

नकली सोना दिखाकर लूटने वाले गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

आरएनएम संवाददाता। पलामू
पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने पीतल की बनी बिस्किट को सोना बताकर कम पैसे में देने का लालच देकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है. मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट से पुलिस ने गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधी के पास से तीन हथियार, तीन जिंदा गोली, हथियार बनाने वाली पाइप, कट्टर, नकली सोने की बिस्किट सहित बाइक बरामद की है. गिरफ्तार अपराधियों में पिंटू कुमार, राजा चंद्रवंशी और गुड्डू शामिल हैं.

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई : पलामू एसपी रिश्मा रमेसन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी लूट की घटना को अंजान देने की योजना बना रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ सुरजीत कुमार और सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. इस टीम ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के जोरकट से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया.

पीतल की बनी बिस्किट को सोना बताकर कम पैसे में देने का लालच देकर लूट की घटना को देते थे अंजाम

हथियार के बल पर कारोबारियों से लूट लेते थे पैसे

पिंटू कुमार अपने घर हुसैनाबाद में हथियार बनाने का काम करता था. वह अपने साथियों के साथ मिलकर कारोबारियों को चिन्हित कर वीडियो कॉलिंग के माध्यम पीतल की बनी बिस्किट को सोना बताकर कम पैसे में देने का लालच देता था. जब कारोबारी पैसा लेकर सोने की बिस्किट लेने पहुंचते थे तो तीनों अपराधी हथियार दिखाकर उनसे पैसे लूट लेते थे. इस मामले की जानकारी एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि पुलिस इस पूरे मामले में जानकारी जुटा रही है. अपराधियों से भी पूछताछ कर रही है. पूछताछ के बाद तीनो गिरफ्तार अपराधियो को जेल भेज दिया जायेगा.

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

आरएनएम संवाददाता। मेदिनीनगर
जिले के परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सभी बस संचालकों के साथ बैठक की. बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना पर चर्चा की. उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की मार्गों का चयन करने को लेकर एमवीआई व बस संचालकों संग विचार-विमर्श किया. मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को शहर से जोड़ने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने के उद्देश्य से योजना की शुरूआत की जा रही है. रुट निर्धारण इस तरह से किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शहर के स्कूल, कॉलेज,साप्ताहिक हाट, रेलवे स्टेशन व अस्पताल आने में कोई परेशानी नहीं हो. इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, झारखंड आंदोलनकारी, दिव्यांग और विधवा को बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी. इसके अलावे निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जाएगी. परमिट और फिटनेस शुल्क पर भी रियायत मिलेगी. इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत मात्र 1 रुपये के शुल्क में मार्ग कर, परमिट शुल्क, वाहन निबंधन शुल्क देना होगा.

स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस रद्द होने के 10 दिन बाद आज से फिर चलेगी

आरएनएम संवाददाता। पलामू
सात वर्ष बाद भारतीय रेलवे ने अपने निर्णय को बदला है। पिछले छह सात वर्ष से शरद ऋतु में कोहरा छाए रहने का हवाला देकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द कर दिया जा रहा था, लेकिन इस वर्ष पुरानी परिपाटी के अनुसार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द करने के 10 दिन बाद अपने निर्णय में संशोधन करते हुए रेल मंत्रालय ने झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को पुनः परिचालन का निर्णय लिया है। हटिया से भाया डालटनगंज होकर नयी दिल्ली तक सफर के लिए गुने चुने ट्रेन ही हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से सफर करना आसान होता है। किराया जहां कम लगता है, वहीं बर्थ मिलने की संभावना बनी रहती है। बावजूद रेलवे हर वर्ष कोहरे का हवाला देकर झारखंड स्वर्ण जयंती

एक्सप्रेस को रद्द कर देता था। लेकिन मामले में पलामू के सांसद वीडी राम सहित अन्य के मुखर होने से रेलवे को अपने निर्णय में बदलाव लाना पड़ा। दिल्ली जाने और वहां से डालटनगंज सहित झारखंड पहुंचने वाले यात्रियों के लिए गुड न्यूज है। हटिया से आनंद विहार (नयी दिल्ली) तक चलने वाली 12873-12874 झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रिस्टोर करने का निर्णय लिया गया है। कुहासे के कारण रेल बोर्ड की ओर से अप में चार दिसंबर से एवं डाउन में पांच दिसम्बर से इस ट्रेन को कैंसिल कर दिया गया था। अप में 29 फरवरी 2024 तक एवं डाउन में एक मार्च 2024 तक ट्रेन को कैंसिल किया गया था। इस बीच 13 दिसंबर को साउथ ईस्टर्न रेलवे की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार अप में 14 दिसंबर से, जबकि डाउन में 15 दिसंबर से झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रिस्टोर करते हुए चलाने का निर्णय लिया है। यहां यह भी बता दें कि पिछले लंबे समय से शरद ऋतु में फॉग (कोहरे) के कारण रेलवे इस ट्रेन को रद्द करते आया है। रद्द करने के बाद अचानक से पुनः परिचालन का निर्णय, जहां यात्रियों को चौक कर रख दिया है वहीं हर्ष का माहौल भी बना दिया है। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस अप में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 19.05 पर आती है, जबकि 19.07 पर खुलती है। जबकि डाउन में इस ट्रेन के आने का समय दोपहर 12.45, जबकि खुलने का समय 12.49 बजे है।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ निकाली गयी प्रभात फेरी

लातेहार। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय के निर्देश पर कानूनी सहायता केंद्र, महुआडांड़ के तत्वावधान में प्रभात फेरी निकाली गयी. इसका नेतृत्व केंद्र के पीएलवी इंद्रनाथ प्रसाद ने किया. प्रभातफेरी में उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बांसकरचा के छात्र व छात्राएं शामिल थीं. छात्रों ने लोगों को बाल श्रम, बाल विवाह व महिला उत्पीड़न जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया. पीएलवी प्रसाद ने कहा कि बाल विवाह व बाल श्रम दोनो दंडनीय अपराध है. आज के इस सभ्य समाज में डायन-बिसाही कह कर किसी को प्रताड़ित करना भी अपराध है और इसके लिए सजा का प्रावधान है. उन्होंने अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की. साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून की भी जानकारी दी.

चैनपुर-नेउरा रोड जर्जर, तत्काल बने वरना देंगे धरना : अरुणा शंकर

आरएनएम संवाददाता। मेदिनीनगर
प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन को एक पत्र लिखकर कहा कि शहर के कई अहम रोड जो पीडब्ल्यूडी के अधीन है, ना आपका विभाग बना रहा ना निगम को बनाने की अनुमति दे रहा. जिसके कारण ये असुविधाएं हो रही है. पूर्व महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में ही मैं रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, पुलिस स्टेडियम, बीसफुटा पुल होते रेडमा चौक तक चौड़ीकरण का एस्टीमेट बनवाया था. पैसा भी उपलब्ध था. दूसरा चैनपुर थाना से लेकर निगम बॉर्डर तक रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया गया था. जिसे पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन ने दोनों मार्ग पर काम यह कहते हुए रोक दिया कि यह मार्ग हमारा है, इसे विभाग बनायेगा. एक वर्ष बीतने के बाद भी ना तो पीडब्ल्यूडी डिविजन द्वारा इन रोड को बनाया गया ना ही निगम को बनाने की स्वीकृति दे रहा, जो दुखद है।

बीच सड़क से ताड़ पेड़ हटवाए प्रशासन

अरूणा शंकर ने कहा कि मैं एक बार फिर पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन एवं उपायुक्त पलामू से अनुरोध करूंगी कि दोनों मार्ग अहम है. एक शहर का लाइफ लाइन है, दूसरा उभरता शहर चैनपुर शाहपुर का लाइफ लाइन है. इन दोनों मार्गों को यथाशीघ्र बनवाया जाये. पूर्व महापौर ने कहा महात्मा गांधी मार्ग में रोड के बीचो-बीच एक ताड़ का पेड़ है जो हमेशा दुर्घटना को आमंत्रित करता रहा है.पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि प्रशासन अगर इस पर जल्द निर्णय नहीं लेगा तो मैं जल्द चैनपुर शाहपुर के नागरिकों के साथ रोड पर खुद धरने पर बैठूंगी।

सड़क की गुणवत्ता के साथ नहीं हो कोई समझौता : बैद्यनाथ राम

लातेहार । स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने बुधवार को सदर प्रखंड के हेठपोचरा पंचायत के ललगड़ी गांव में सड़क निर्माण का शिलान्यास किया. मौके पर उन्होंने नारियल फोड़ा और शिलापट्ट का अनावरण किया. विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क का निर्माण करायेगा. मौके पर विधायक बैद्यनाथ राम ने कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करने की हिदायत दी. उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण है. इसका लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए. विधायक ने कहा कि स्थानीय लोग इस सड़क निर्माण की मांग बहुत समय से कर रहे थे. यह पथ ललगड़ी ग्राम से बिचलीदाग ग्राम तक बनायी जायेगी. मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झामुमो जिला सचिव समसुल होदा, वारिश अंसारी,व चंदन समेत कई ग्रामीण मौजूद थे.

दूसरे दिन भी हड़ताल पर डाक सेवक, डाकघरों में पसरा सन्नाटा

पलामू। अपनी नौ सूत्री लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे ग्रामीण डाक सेवक बुधवार दूसने दिन भी आंदोलन करते नजर आए। इस कारण ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों में जहां ताले लटके पाये गए, वहीं आस पास सन्नाटा पसरा रहा। डाकघर के कार्य से आए लोग निराश होकर लौटे। रुपए के लेनदेन, चिट्ठी, आधार कार्ड, वोटर पहचान पत्र, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक समेत अन्य डाक कार्य प्रभावित हो गए हैं। अध्यक्षता गजेन्द्र नाथ दुबे ने की, जबकि संचालन विनोद कुमार पांडे ने किया। 12 दिसंबर से पलामू समेत देश भर के डेढ़ लाख ग्रामीण डाकघर के सभी डाक सेवक मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। अपनी मांगों पर जोर डालने के लिए बुधवार को पूरे दिन प्रधान डाकघर में डाक सेवकों ने धरना प्रदर्शन किया। संघ के जिला अध्यक्ष विनोद पांडे ने कहा कि जबतक उनकी 9 सूत्री मांग पूरी नहीं होगी, उनका आंदोलन इसी तरह से चलता रहेगा।

व्यापारी के पास इतना सारा पैसा नहीं हो सकता : बीडी राम

आरएनएम संवाददाता। गढ़वा
भारतीय जनता पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने धीरज साहू मामले को लेकर प्रदर्शन किया. झारखंड की गठबंधन सरकार पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है. चिनिया मोड काली स्थान मंदिर से लेकर माझिआव मोड तक आक्रोश रैली निकाली गई. आक्रोश प्रदर्शन में भाजपा भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही, पलामू सांसद बीडी राम उपस्थित थे. मौके पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि अभी तक जितनी भी राशि धीरज साहू के यहां से पकड़ी गयी है उसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए. धीरज साहू को राज्यसभा से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस लूटने का काम कर रही : सांसद : वहीं सांसद बीडी राम ने कहा कि एक व्यापारी के पास इतना सारा पैसा नहीं हो सकता. हो सकता है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए न रखा गया हो. इसकी एसआईटी के साथ-साथ सीबीआई जांच होना चाहिए. अभी तक इतना कैश भारत में कहीं नहीं पकड़ा गया था. एक तरफ गरीबों के उत्थान के लिए भारत के प्रधानमंत्री अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस लूटने का कार्य कर रही है।

पंथरा पंचायत में लगा शिविर, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

हुसैनाबाद पलामू। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम तहत मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पंथरा पंचायत में शिविर लगाया गया. इसकी शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, मुखिया नरेश कुमार पासवान, और पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि एक ही स्थल पर सभी योजनाओं से आम जनों को लाभ दिया जा रहा है. वहीं मुखिया नरेश कुमार पासवान ने कहा कि सरकार के निर्देश पर शिविर लगाया गया. मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, अविनाश कुमार सिंह, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम,अंचल के कर्मचारी मौजूद थे।

यातायात नियमों का पालन कराने सड़क पर उतरे एसपी

लातेहार । लातेहार पुलिस सड़क सुरक्षा सप्ताह मना रही है. इसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. कई जगहों पर बेरेकेडिंग की गयी है. सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करते नहीं पाये जाने पर पुलिस वाहनों को जब्त कर सूची अदालत में पेश कर रही है. इधर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी खुद सड़क पर उतरकर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रहे हैं.

पेज एक के शेष

डॉ. मोहन यादव बने ...

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड संगमा, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस व अजीत पवार एवं नागालैंड के उप मुख्यमंत्री वाय. पैटन शामिल हुए। इसके साथ ही राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समारोह में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने नए मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश के साथ काम करेगी और विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि देश के हृदयस्थल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ला को हार्दिक बधाई।

महिलाओं ने शपथ ग्रहण स्थल के बाहर शिवराज को रोका : राजधानी भोपाल में शपथ ग्रहण स्थल मोतीलाल नेहरू स्टेडियम के बाहर महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रुकवाया दिया। इस दौरान महिलाएं मामा-मामा के नारे लगाने लगी। दरअसल, शिवराज सिंह चौहान शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होने के बाद बाहर निकले तो महिलाओं ने उन्हें घेर लिया।

15 को भजनलाल शर्मा लेंगे शपथ : राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 15 दिसंबर को राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। राजस्थान भाजपा ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजा है। शपथ ग्रहण समारोह जयपुर में अल्बर्ट हॉल के बाहर होगा। विधायक दल की बैठक के बाद भजनलाल ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा भी पेश किया।

आतंकी हमले के...

स्थगित कर दिया गया। इसी दौरान संसद के बाहर भी एक महिला हरियाणा की नीलम और महाराष्ट्र के अमोल शिंदे ने स्मोग पटाखे फोड़े और टियर स्मोग के साथ नारेबाजी की। महिला उच्च शिक्षा प्राप्त है लेकिन बेरोजगार है, वह किसान आंदोलन में भी शामिल हुई थी। दोनों बेरोजगारी खत्म करो और तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगा रहे थे। बताया जा रहा है कि इस षड्यंत्र में कुल छह लोग शामिल हैं। सभी सोशल मीडिया से संपर्क में आये थे। घटना को अंजाम देने के लिए पांच आरोपी गुरुग्राम निवासी ललित झा के आवास में एक साथ ठहरे थे। पांचवें आरोपी की पहचान अभी तक नहीं हुई है। लोकसभा से बाहर आकर सदस्यों ने घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। सांसदों ने बताया कि दो युवक जिनकी आयु 20-25 वर्ष के आसपास थी, वे लोकसभा की दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। उन्हें सांसदों ने पकड़ने की कोशिश की तो जूते से कुछ निकाला जिससे हरा और पीले रंग का धुआं निकलने लगा। इन्हें सांसदों ने पकड़ने के बाद में सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया। सांसदों का कहना है कि वे जयभीम और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगा रहे थे।

दोनों को मैसूर-कोडगु के...

जानकारी के अनुसार, उसने उच्च शिक्षा हासिल की है। उन्होंने बताया कि उसने बीए, एमए, बीएड, एमएड, सीटीईटी, एमफिल व नेट क्वालीफाई किया है। वह कई बार बेरोजगारी का मुद्दा उठा चुकी है और उसने किसान आंदोलन में भी प्रदर्शन किया था। फिलहाल संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन करने के मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

मैसूर का रहने वाला है मनोरंजन : इनमें से एक मैसूर के डी मनोरंजन के पिता देवराज का बयान आया है। मैसूर के रहने वाले देवराज ने कहा कि यह गलत काम है, करना है तो सच के लिए काम करना चाहिए, कोई बच्चा अगर यह करता है तो यह गलत है। मेरा बच्चा अगर कुछ अच्छा काम करता है तो मैं उसके साथ हूं, अगर वो समाज में कुछ गलत करता है, तो उसे फांसी पर लटका दिया जाए। वह कंप्यूटर इंजीनियर है। देवराज ने कहा,अगर उसने कुछ गलत किया है, तो वह मेरा बेटा नहीं है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि वह अच्छा लड़का है, मुझे नहीं पता था कि वह दिल्ली में हैं। वह अपने कॉलेज के दिनों में एक छात्र नेता था।

बैटरी रिक्शा चलाता है सागर : वहीं, दर्शक दीर्घा से कूदने वाला दूसरा युवक सागर शर्मा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, आलमबाग के रामनगर का रहने वाला है। सागर घर में यह कहकर निकला था कि वह दिल्ली में किसी धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रहा है। बताया गया कि सागर बैटरी रिक्शा चलाता है और उसके पिता कारपेंटर का काम करते हैं। सागर के पिता कारपेंटर का काम करते हैं।

गुरुग्राम के एक घर में रुके थे आरोपी : बताया जा रहा है पांच आरोपी गुरुग्राम के सेक्टर 9 थाना क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मकान नंबर 67 में ठहरे थे। मकान ललित झा का बताया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

जीओ सर्विलांस सिस्टम के ...

जाने तक सर्च अभियान जारी है। सीआईएसएफ के जवान वहां तैनात है। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि आयकर की टीम ने गत छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपयों से भरी 30 अलमारी बरामद की थी। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। सूत्रों के अनुसार अब तक 500 करोड़ रुपये रुपये मिले हैं। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम जेवरात भी मिले थे।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

ग्रामीणों को योजनाओं का मिल रहा लाभ : सीओ

सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता
हुसैनाबाद। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पोल्डीह पंचायत के बेदौलीया में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ धनंजय गुप्ता, बीडीओ रौशन कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, मुखिया संजू देवी, पंचायत समिति रूबी कुमारी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीओ धनंजय गुप्ता ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आमजनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं बीडीओ रौशन कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों

की समस्याओं का समाधान उनके घरों में ही किया जा सके। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, अविनाश कुमार सिंह, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, मुखिया रामलखन यादव,उप मुखिया सपना कुमारी, जेएसएलपीएस बीपीएम ,राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार,पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी,प्रखंड कोआर्डिनेटर राजू रंजन,समाजसेवी अशोक यादव मौजूद थे।

रजहारा पंचायत में लगा आपके द्वार शिविर

पाटन। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का रजहरा पंचायत में आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित कुमार झा,सीओ दीपक कुमार मिश्रा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे, मुखिया अजय कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में महिलाओं-पुरुषों मे भारी उत्साह देखा गया। शिविर में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत 4500 रुपये का विद्यार्थियों के बीच चेक वितरण किया गया। शिविर में 18 प्रकार के स्टाल लगाए गये थे। इस दौरान अबुआ आवास के 600 आवेदन प्राप्त किये गये। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिये गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज कुमार सिंह ने किया। मौके पर बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर,सीआई बालगोबिन्द सिंह, आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, पंचायत सेवक अनिल पासवान, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, आरजेडी नेता शिव प्रसाद मेहता,रोजगार सेवक धनंजय कुमार,रामानंद पाण्डेय, अजीत मेहता,समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, कामेश पाण्डेय उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक बेहद गंभीर मामला

■ सुरक्षा में तैनात निहत्थे सुरक्षाकर्मियों की कमी भी नजर आई : अधीर रंजन ■ घटना पर सबको चिंता करनी चाहिए, वाद-विवाद नहीं करना चाहिए : स्पीकर

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सदन में बोलते हुए लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर विषय बताते हुए कहा है कि 13 दिसंबर को संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर लोकसभा में यह हमला हुआ है, जो गंभीर चिंता का विषय है। चौधरी ने सदन में बोलते हुए कहा कि सुबह ही प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और हम सबने संसद पर हुए उस आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी है। 2001 का वह आतंकी हमला आज के मामले से अलग था। लेकिन, आज की यह घटना बताती है कि जो सावधानी बरतनी चाहिए थी, वह सावधानी नहीं बरती गई। अधीर रंजन चौधरी ने आगे कहा कि आज हमारे सांसदों ने निडर होकर उनको दबोच लिया। लेकिन, आज पार्लियामेंट की सुरक्षा में तैनात निहत्थे सुरक्षाकर्मियों की कमी भी नजर आई आखिर ये कहां गए। टीएमसी नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने भी लोकसभा में इस घटना पर गंभीर चिंता जाहिर की। लोकसभा स्पीकर ने इस पर बोलते हुए सदन के अंदर कहा कि इस घटना पर सबको चिंता व्यक्त करनी चाहिए, वाद-विवाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओपन हाउस में इन सब मसलों पर चर्चा करना ठीक नहीं है। वह सभी दलों की आज बैठक बुलाएंगे, जिसमें सभी के सुझावों को माना जायेगा और उन पर अमल भी किया जाएगा। इसके साथ ही स्पीकर ने यह भी जोड़ा कि सांसदों के कहने पर (उनके द्वारा पास बनवाने) ही लोग दर्शक दीर्घा में आते हैं और हम सभी को यह देखना होगा कि पास बनाते समय हमें क्या-क्या सावधानी बरतनी होगी क्योंकि यह हम सब की चिंता का विषय है। इसके बाद बिरला ने यह भी कहा कि हम सब लोग देश और राष्ट्र की सेवा करने के लिए आए हैं और कितनी भी विपरीत परिस्थिति हो यह सदन चले, यह हम सब की जिम्मेदारी है। उस घटना (2001 आतंकी हमला) के बाद भी सदन चला था और आज भी सदन चलेगा, कोई भी सदनों को रोक नहीं सकता है और इसके बाद सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलने लगी।

इससे पहले, दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर स्पीकर ओम बिरला ने बुधवार को सदन की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सदन को जानकारी देते हुए बताया है कि दोनों लोगों (सदन में कूदने वाले युवकों) को पकड़ लिया गया है और उनके पास मौजूद सामग्रियों को भी जब्त कर लिया है। बिरला ने यह भी बताया कि संसद भवन के बाहर से भी दो लोगों को पकड़ा गया है।

नहीं बरती सावधानी

घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही

लोक सभा स्पीकर बिरला ने बताया, जो घटना शून्य काल के समय घटित हुई थी, उस घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है और इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। लेकिन, जो हम सबकी चिंता थी कि वह धुआं क्या था? तो, अभी तक प्रारंभिक जांच में वह सामने आया है कि वह धुआं साधारण और सनसनी फैलाने वाला धुआं था, इसलिए यह धुआं चिंता का विषय नहीं है, इसकी प्रारंभिक जांच कर ली गई है। सदन में विपक्षी सांसदों द्वारा चर्चा की मांग पर बिरला ने कहा कि घटना की प्रारंभिक जांच अभी जारी है और अंतिम जांच में तथ्यों को सामने आने के बाद वह सदन को तथ्यों से अवगत कराएंगे। दरअसल, बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान अचानक सदन में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक दर्शक दीर्घा से 2 युवक सदन में कूद पड़े और इनमें से एक युवक ने सीटों पर कूदते हुए आगे की तरफ बढ़ना शुरू कर दिया। उस समय सदन में मौजूद सांसदों ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने जूते से कुछ निकालने का प्रयास किया। कई सांसदों ने यह भी बताया कि उस समय सदन के अंदर पीला सा धुंआ भी नजर आया। सांसदों ने दोनों को पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले किया। सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने लोकसभा की कार्यवाही को तुरंत रोककर सदन को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा की सुरक्षा में चूक की यह बड़ी घटना उसी दिन हुई है जब देश भारत के लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद भवन पर 13 दिसंबर, 2001 को हुए आतंकी हमले की 22 वीं बरसी पर इस भयावह हमले के दौरान शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को याद कर रहा है।

आतंकवाद के खिलाफ देश दृढ़ता से एकजुट : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष और रास में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। खड़गे ने संसद भवन परिसर में 2001 में हुए हमले के जांबाज वीरों की शहादत पर उन्हें बुधवार को श्रद्धांजलि देने के बाद एक्स पर लिखा -हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं और सदैव उनके ऋणी रहेंगे। हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। भारत, आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से एकजुट है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संसद पर आतंकी हमले के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में बुधवार को संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, बलिदानियों के परिवार के सदस्य तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने भी बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2001 में इसी दिन राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी, कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग में माली देशराज ने आतंकी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था। जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और कमलेश कुमारी के निःस्वार्थ बलिदान के सम्मान में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से अलंकृत किया गया था। नानक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से अलंकृत किया गया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पोस्ट में लिखा कि 22 साल पहले आज ही के दिन देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को मिटाने और हमारे लोकतंत्र के मंदिर को नुकसान पहुंचाने की आतंकियों की नापाक योजना को बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने नाकाम कर दिया था। नौ लोगों ने मातृभूमि के लिए इस दौरान अपनी जान कुर्बान कर दी। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। आज मानवता के समक्ष बने सबसे बड़े खतरे आतंकवाद को उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में खत्म करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराते हैं।

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस अवसर पर वे 2001 में हमारी संसद पर हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी सुरक्षाकर्मियों को याद करते हैं। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव उनका ऋणी रहेगा। आतंकवाद दुनिया भर में मानवता के लिए खतरा बना हुआ है।



एक नजर

महादेव सट्टेबाजी मामला में रवि उप्पल को दुबई से गिरफ्तार किया गया

नई दिल्ली। महादेव ऑनलाइन बुक्स सट्टेबाजी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़े घटनाक्रम में, ऐप के मालिकों में से एक, रवि उप्पल को संयुक्त अरब अमीरात में दुबई पुलिस ने हिरासत में लिया है। सूत्रों से ये जानकारी मिली है। सूत्रों ने कहा कि उप्पल को भारतीय वित्तीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस के आधार पर हिरासत में लिया गया।

मुख्तार अंसारी की याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बांदा जेल में बंद गैंगस्टर से राजनेता बने पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारीको गैर भाजपा शासित किसी राज्य में स्थानांतरित करने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस मामले में विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने हालांकि, अंसारी के बेटे उमर को रिट याचिका में अपनी गुहार में संशोधन करने की अनुमति दी और कहा कि वह शुक्रवार को संशोधित याचिका पर विचार करेगी।

कर्नाटक में दंपति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले

उडुपी (कर्नाटक)। कर्नाटक के उडुपी जिले में एक समाज-सेवी व्यक्ति और उनकी पत्नी अपने आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतकों की पहचान 68 वर्षीय लीलाधर शेट्टी और 58 वर्षीय वसुंधरा शेट्टी के रूप में की गई है। दंपति के शव कापू कस्बे में उनके आवास पर लटके हुए पाए गए। लीलाधर शेट्टी एक प्रसिद्ध कलाकार थे और उन्होंने रंगतरंगा थिएटर समूह की स्थापना की थी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर इमरान खान ने दी प्रतिक्रिया, बोले-

कश्मीर मुद्दा अब और जटिल

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत सरकार के फैसले की वैधता को वहां के उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने से कश्मीर मुद्दा और जटिल हो जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को सोमवार को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। पीटीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खान ने एक संदेश में कहा कि भारतीय शीर्ष अदालत का फैसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का सरासर उल्लंघन है।

एनआईए, आईटी ने बेंगलुरु में 26 स्थानों पर छापे मारे

बेंगलुरु। एनआईए और आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बेंगलुरु में 26 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। राज्य की राजधानी में 9 दिसंबर को छापेमारी में आईएस कनेक्शन वाले संदिग्ध आतंकवादी अली अब्बास की गिरफ्तारी के बाद एनआईए के अधिकारियों ने बेंगलुरु में तलाशी अभियान चलाया और 12 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने अली अब्बास से जानकारी खंगालने के बाद ठिकानों पर छापेमारी की है। संदिग्ध आतंकी अली अब्बास एक उर्दू स्कूल चलाता था और अधिकारियों ने उसके आवास से 16.42 लाख रुपये जब्त किए थे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित

भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

यूएनजीए की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत समेत 153 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। 10 सदस्यों ने इसका विरोध किया। 23 सदस्य इस प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने अपने एक्स हैंडल और वेबसाइट पर साझा की है। संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, इसमें तत्काल मानवीय युद्ध विराम, सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है। प्रस्ताव से पहले फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास का विशिष्ट संदर्भ देने वाले दो संशोधनों के पक्ष में सदस्य देशों ने मतदान किया।

यूएनजीए चीफ फ्रांसिस ने कहा कि गाजा में नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। फ्रांसिस ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम के लिए समर्थन जताया है। संघर्ष विराम का प्रस्ताव मिस्र के राजदूत अब्देल खालेक महमूद ने पेश किया। युद्ध विराम प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाले देशों में अमेरिका, ऑस्ट्रिया, चेक रिपब्लिक, ग्वाटेमाला, इस्राइल, लाइबेरिया, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पापुआ न्यू गिनी और परागुआ शामिल हैं।

नक्सली हमला

आईईडी ब्लास्ट में सीएएफ जवान शहीद एक घायल

नारायणपुर। जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमदाई खदान के पास बुधवार सुबह 11 बजे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए। नक्सलियों के आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सीएएफ के 9वीं वाहिनी के जवान आरक्षक कमलेश कुमार शहीद हो गए। वहीं, एक जवान आरक्षक विनय कुमार को मामूली चोट आई है, जिनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

अनुच्छेद 370 रद करने के मामले में ओआईसी के ब्यान की आलोचना

एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उचित ठहराने के फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की चिंता को भारतीय विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। ओआईसी के जनरल सचिवालय ने ब्यान जारी कर कहा था कि आत्मनिर्णय के अधिकार की तलाश में जम्मू और कश्मीर के लोगों के साथ वह अपनी एकजुटता की पुष्टि करता है। ओआईसी संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को हल करने के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपना आह्वान दोहराता है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में इसपर टिप्पणी करते हुए इस्लामिक सहयोग संगठन की आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि ओआईसी ने सीमा पार आतंकवाद के बेपरवाह प्रवर्तक के इशारे पर बयान जारी किया।

एआई के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी को पाटने की गंभीर जरूरत : आईटी राज्य मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने बुधवार को यहां कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नौकरियों के लिए प्रतिभा की भविष्य की पाइपलाइन को आकार देने के लिए टेक उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों को वैश्विक स्तर पर सरकारों के साथ मिलकर काम करने की गंभीर आवश्यकता है। मंत्री ने राजधानी में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन एक फायरसाइड चैट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का पोषण करना एक ऐसी चीज है जिसमें सरकारें मदद कर सकती हैं लेकिन निश्चित रूप से इसमें मुख्य भूमिका नहीं निभा सकती हैं। भविष्य की नौकरियों के लिए उद्योग और शिक्षाविदों को मिलकर काम करना होगा। चंद्रशेखर ने सभा को बताया, यह स्पष्ट है कि एआई के क्षेत्र में प्रतिभा की भारी कमी होने वाली है। हमारे शैक्षणिक संस्थानों, चाहे वह यूके, जापान या भारत में हों, को वास्तव में इसे समझने और इस एआई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक प्रतिभा प्रदान करना शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है।

24 घंटे में बाबा विश्वनाथ की होती है पांच आरती

एजेंसी। वाराणसी

बाबा काशी विश्वनाथ को भोर में मंगला आरती के पहले रात लगभग 3 बजे से जागने का मनुहार करते-करते पुजारी गण थक जाते हैं, तो गाते हैं - जगाय हारी भोले बाबा ना जागे, गंगा जगावें, यमुना जगावें, त्रिवेणी जगावें लहर मारी, भोले बाबा ना जागे जगाय हारी... । इस मधुर तान पर विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ जब गहरी नींद से उठते हैं, तो सबसे पहला भोग दूध का लगाया जाता है। मंगला आरती के साथ काशी के दिन की शुरूआत होती है। इसके साथ ही शिव की नगरी उनके रंग में रंग जाती है। मंगला आरती से शुरू हुआ सिलसिला रात 10 बजे शयन आरती पर विश्राम लेता है। और भोर में एक घंटे की मंगला आरती से काशी की सुबह शुरू हो जाती है। रात में 2.45 बजे से मंगला आरती के अनुष्ठान शुरू होते हैं, जो तीन से चार बजे तक चलते हैं। मंगला आरती के लिए श्रद्धालु दो बजे से ही मंदिर में प्रवेश करने लगते हैं। आरती के लिए पांच सौ रुपये शुल्क लगता है। आरती से पहले गर्भगृह से रात के श्रृंगार को हटाया जाता है। उसके बाद उनके खड़ाऊं, पलंग, दूध के पात्र हटाए जाते हैं। बाबा जब नींद से जागते हैं तो सबसे पहले उन्हें दूध का भोग लगाया जाता है। इसके बाद उन्हें जल, दूध, घी, दही, शहद और पंचामृत से स्नान कराया जाता है। षोडशोपचार विधि से पूजन के बाद फूलों से श्रृंगार कर बाबा को भस्म अर्पित कर आरती उतारी जाती है। आरती के बाद मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाते हैं। मंगला आरती में बाबा विश्वनाथ से पूरे ब्रह्मांड के कल्याण और मंगल की प्रार्थना की जाती है। बाबा का ये स्वरूप मंगलकारी होता है। मंगला आरती के बाद बाबा पुनः औघड़दानी बनकर महाश्मशान चले जाते हैं। मंगला आरती के बाद बाबा की मध्याह्न भोग आरती दिन में 11:15 बजे से आरंभ होती है। इस आरती के दौरान बाबा विश्वनाथ को पंचामृत से स्नान कराया जाता है, ताकि सृष्टि अन्न, धन और परोपकार से फलती-फूलती रहे। इसके बाद भव्य श्रृंगार होता है। उन्हें फल, फूल, मेवा, दही, मिष्ठान, दूध और भांग का भोग लगाया जाता है।

फैसला 7 न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मत निर्णय में मुख्य न्यायाधीश कहा

'बिना मुहर लगे मध्यस्थता समझौते भी कानूनन वैध'

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने पहले के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि यदि अंतर्निहित अनुबंध पर संबंधित स्टांप अधिनियम के अनुसार मुहर नहीं लगाई गई है तो मध्यस्थता समझौता शुरू से ही अमान्य या शून्य होगा। बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मत निर्णय में कहा कि गैर-स्टांपिंग या अपर्याप्त स्टांप किसी समझौते को शून्य नहीं बनाता है, बल्कि इसे साक्ष्य में अस्वीकार्य बनाता है। संविधान पीठ ने माना कि किसी समझौते पर स्टांप न लगाना या अपर्याप्त स्टांप भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 के तहत एक ठीक किये जाने योग्य दोष है। इसमें कहा गया है कि प्री-रेफरल चरण में मध्यस्थता समझौते पर मोहर लगाने के मुद्दे को निर्धारित करने के लिए अदालतों को बाध्य करना मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के उद्देश्यों को विफल कर देगा। अपनी अलग सहमति वाली राय में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि मध्यस्थता समझौते पर अपर्याप्त या मुहर न लगने से यह अमान्य नहीं हो जाएगा। इस साल सितंबर में, सुप्रीम कोर्ट एनएन ग्लोबल मर्केंटाइल प्राइवेट लिमिटेड बनाम इंडो यूनिक फ्लेम लिमिटेड और अन्य के मामले में दिए गए फैसले के व्यापक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे को सात-न्यायाधीशों की पीठ के पास भेजने पर सहमत हुआ था। उस मामले में, इस साल अप्रैल में पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 3:2 के अनुपात से यह व्यवस्था दी थी कि गैर-मुद्रांकित या अपर्याप्त-मुद्रांकित मध्यस्थता समझौते कानून की नजर में लागू करने योग्य नहीं हैं। दूसरी ओर, दो न्यायाधीशों ने अपने अलग-अलग अल्पमत निर्णयों में राय दी थी कि स्टाम्प की कमी को ठीक किया जा सकता है और बिना स्टाम्प वाले मध्यस्थता समझौते प्री-रेफरल चरण में मान्य हैं।